# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023

# भू माफिया कमलेश यादव पर एक और केस, साथी गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एम्स इलाके का रहने वाला भूमाफिया कमलेश यादव का साथी मनोज कुमार को एम्स पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया। मनोज कुमार पर जालसाजी व मारपीट के तीन केस दर्ज हैं। उधर एम्स पुलिस ने कमलेश पर एक और जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि एम्स पुलिस ने कमलेश गिरोह के साथी मनोज को पकड़ा हैजिस पर कमलेश के साथ जालसाजी का दो केस दर्ज है। बहरामपुर निवासी कमलेश, मनोज, आजमगढ़ निवासी शिवचन्द, गुलरिहा निवासी अन्नू ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी दानिश परवीन से 25 लाख लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री कर दी थी, जिसमे केस हुआ था। पुलिस ने 31 जुलाई को कमलेश व अन्नू को गिरफ्तार किया था। अन्नू नकली नीतू बनकर बहु स्वामी के तौर पर रजिस्ट्री की थी। मामले में मनोज, शिव चन्द फरार थे। आज मनोज को गिरफ्तार किया गया। अब पुलिस शिवचन्द, दयानन्द, अजय कुमार की तलाश में है। वही दूसरी तरफ पुलिस ने दरगहिया निवासी परशुराम यादव की तहरीर पर कमलेश व शब्बीर पर रुपये हड़पने व जालसाजी का केस दर्ज किया है।

**गिरफ्तार साथी पिपराइच के रक्षवापार का रहने वाला मनोज ग्राहक लाता था, सभी मिलकर धोखाधड़ी करने में होते थे शामिल**

आरोप है कि कमलेश ने बाराबंकी में जमीन दिखाई। सौदा 36 लाख 96 हजार में तय हुआ। 23 लाख 50 हजार देने के बाद पीड़ित रजिस्ट्री व अन्य रकम की व्यवस्था के लिए 3 माह का समय लिया। आरोप है कि 3 महीने बाद जब वह बाकी पैसे लेकर रजिस्ट्री को बोले तो आनाकानी करने लगा। न रजिस्ट्री किया न ही पैसे दिया। कमलेश ने परशुराम को बताया था कि जमीन शब्बीर की है। वह गोरखपुर का रहने वाला है। उससे मुलाकात भी कराई थी।

पैसे शब्बीर के एकाउंट में भी गया था। कमलेश व उसके साथियों पर अबतक एम्स पुलिस 6 जालसाजी का केस दर्ज कर चुकी है। सभी मामले जमीन की जालसाजी से जुड़े है। उससे पहले भी कमलेश पर जमीन जालसाजी के 7 मामले खोराबार व चौरीचौरा में दर्ज है। अभी तक जितने मुकदमे कमलेश पर हुए है उनमें वह जालसाजी कर दूसरे की जमीन बेच करीब 1 करोड़ हड़प चुका है। पुलिस अब उसपर व उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। कमलेश वर्तमान में जेल में बन्द है। वह 10 साल पहले फौज से रिटायर्ड हुआ था, जिसके बाद इलाके के सीलिंग की जमीन बेचने लगा। बकायदा विंध्यवासिनी ट्रेडर्स नाम से दफ्तर भी खोल रखा था। पुलिस कमलेश के बारे में इलाके में लाउडस्पीकर से एनाउंसमेंट भी कर चुकी है।

# अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**घरगावां(एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी शनिवार को घर से स्कूल गई थी। शाम को घर वापस नहीं आई तो किशोरी के पिता ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर दी थी। गुलरिहा पुलिस रविवार को अपहरण का केस दर्ज कर तलाश कर रही थी। मंगलवार को गुलरिहा पुलिस ने किशोरी को भगाने के आरोपी जयदीप निषाद पुत्र हरिश्चंद निवासी खुटहन खास दक्षिण टोला को क्षेत्र के जमुनहिया कुटिया के पास से गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर ली है। गुलरिहा पुलिस ने किशोरी को वन स्टप सेंटर भेज कर आरोपी युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दी है।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख हड़पा

नंदानगर (एसएनबी)। गुलहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मियारामपुर टोला नंदापार निवासी मायादेवी पत्नी गजेन्द्र प्रसाद ने कैंट पुलिस को तहरीर देकर दो सगे भाइयों सहित एक अन्य पर विदेश में कारपेंटर की नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी कर एक लाख रूपया हड़प लेने आरोप लगाते हुए ठगी एवं जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज करवाया है।

माया देवी ने कैंट प्रभारी को दिए तहरीर में बताया है कि गौतम धोबी उसका भाई विनोद निवासी अहिरौली भाटपाररानी देवरिया ने मेरे पति को बताया कि ओमान भिजवा देता हूँ चले जाओ मोटी तनख्वाह मिलेगी। बस 85000 हजार रूपया इंतजाम कर लो। उनकी बात पर विश्वास कर एक लाख कर्ज लिया गया। मेरे पति को कैंट थाना क्षेत्र के सिंघड़िया बुलाया गया जहाँ दोनों ने पैसा लेकर विदेश भेजने का आश्वासन दिया। बाद में ट्यूरिस्ट बीजा पर ओमान भेज दिया गया। वहां रामू चौहान ने काम दिलाने के नाम पर और पैसा वसूल लिया। लेकिन वहां कारपेंटर की जगह लेबर का काम दिया गया। मेरे पति वापस लौट आएं हैं। पैसा मागने पर धमकी दिया जा रहा है। मायादेवी की तहरीर पर कैंट पुलिस गौतम धोबी, विनोद धोबी निवासी ग्राम अहिरौली भाटपाररानी देवरिया तथा रामू चौहान अज्ञात के खिलाफ आइपीसी की धारा 420, 406,506 के तहत मुकदमा पंजीत कर मामले की छानबीन कर रही है।

# ग्राम प्रधान ने कहा ! जाओ पुलिस से ले लेना मजदूरी

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** विकास खण्ड सरदार नगर के ग्राम पंचायत गौनर निवासी राम नरायन पुत्र मोती लाल ने उपजिलाधिकारी चौरी चौरा प्रशान्त वर्मा को शिकायत पत्र देकर गौनर के ग्राम प्रधान कैलाश निषाद पर 96,900 रूपये बकाया मजदूरी न देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि गांव में मजदूरी कराने के बाद ग्राम प्रधान मेरी मजदूरी का भुगतान नहीं कर रहा हैं। मजदूरी मांगने पर आज कल बोल कर मुझे महीनों से अपने घर चक्कर कटवा रहा हैं। उलटे दे रहा जान माल की धमकी। राजगीर मिस्त्री ने एसडीएम से अपना मजदूरी भुगतान करवाने जाने की गुहार लगाई है।

गौनर निवासी राम नारायन राजगिर मिस्त्री का कार्य करता है। राम नारायन (मिस्त्री) का आरोप है कि ग्राम प्रधान गांव में मुझसे अलग अलग कार्य कराया है, जिसमे बेसिक प्राइमरी पाठशाला पर पेड़ों की सुरक्षा हेतु गोलंबर, कूड़ा कचरा घर की बाउंड्रीवाल एवं प्लास्टर, कचरा घर के अंदर बीम कालम बाउंड्री, ग्राम

**ग्राम पंचायत गौनर में 96,900 रूपये मजदूरी न मिलने का मामला**

**मजदूरी मांगने पर दे रहे ऊलजुलूल जवाब**

**'राज मिस्त्री का परिवार भुखमरी की कगार पर**

पंचायत के मौनहा में कचरा घर की खुदाई का कार्य कराया गया। जिससे मेरी मजबूरी कुल 1,39,900 रुपये हुआ है। जिसमे से मुझे मात्र 43,000 रूपये दिया गया है, शेष मेरा बकाया 96,900 का भुगतान ग्राम प्रधान द्वारा नहीं दिया जा रहा हैं। मैं थकहार कर मुकामी थाने में लिखित शिकायत देकर मजदूरी दिलवाने की गुहार लगाई थी। ग्राम प्रधान थाने पर आकर उल्टे सीधा बोल कर कहा कि अब तुम्हें मजदूरी नहीं दूंगा। अब तुम पुलिस से ही अपनी मजदूरी ले लेना।

राम नारायन ने परेशान होकर पुनः एसडीएम चौरी चौरा को लिखित शिकायत पत्र देकर अपनी पीड़ा सुनाते हुए,अपनी मजदूरी का भुगतान दिलवाने की गुहार लगाई है। आरोप है कि मजदूरी मांगने तथा शिकायत करने से नाराज़ होकर ग्राम प्रधान हम गरीब मजदूर को जान माल की धमकी भी दे रहा हैं। एसडीएम चौरीचौरा प्रशान्त वर्मा ने पीड़ित मजदूर की समस्या को गंभीरतापूर्वक लेते हुए मजदूरी को उसकी मजदूरी दिलवाने का आश्वासन दिए।

## नकली नोट छापने वाले गिरोह का भांडाफोड़

# सरगना समेत तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गगहा पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का भांडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना राहुल सिंह, उसके बेटे अवनीश सिंह उर्फ अवनीश राव व नोट चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी राहुल का बेटा विकास व देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल फरार हैं। गैंग के सदस्य ब्लैक शीट पर केमिकल डालकर नकली नोट छापकर ब्लैक शीट व केमिकल बेचकर ठगी करते थे।

**गिरोह के सरगना के दो बेटे भी हैं इस धंधे में, एक बेटे समेत दो फरार**

**ब्लैक शीट पर केमिकल डालकर बनाते थे नकली नोट**

एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गगहा पुलिस को एक वीडियो मिली जिसमे एक व्यक्ति केमिकल डालकर नकली नोट बना रहा था। पुलिस जांच में पता चला कि चांद मोहम्मद के पास यह नोट है। पुलिस ने दुकान पर नोट चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना बांसगांव के धनोड़ा निवासी राहुल सिंह है। वह अपने बेटों अवनीश व विकास के साथ मिलकर नकली नोट बना कर विक्रम आदि के मदद से बाजार में चला रहा है । साथ ही अधिक मूल्य के नकली नोट देकर कम मूल्य के असली नोट लेकर ठगी भी कर रहा है। पुलिस ने राहुल व उसके एक बेटे अवनीश को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी साउथ ने बताया कि राहुल सिंह 56 साल का है। वह मूल रूप से बनारस के सरौली का रहने वाला है। 20 साल से वह अपने ननिहाल धनोड़ा गांव में मकान बनवाकर रह रहा था और घर में ही नकली नोट बना रहा था। उसने बताया कि उसके पास एक ब्लैक कागज है जिसपर केमिकल डालकर एक ही सीरीज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 के नोट बनाकर बाजार में चलाता है। साथ ही लोगो से 5000 या 10 हजार लेकर 20 हजार ब्लैक पेपर व केमिकल देता था और कहता था कि नोट दोगुना बना लेना। इस तरह उसने 50 लोगो को ठगा है। किसी से 2 हजार तो किसी से 5 या 10 हजार। असली रुपये लेकर दोगुना ब्लैक पेपर और केमिकल देता है। पुलिस के अनुसार राहुल का फरार बेटा विकास नकली नोट चलाने के आरोप में पूर्व में जेल जा चुका है और विक्रम फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने उनके पास से नकली नोट, एक मोबाइल, अलग अलग नोट साइज का ब्लैक पेपर, कई प्रकार के केमिकल, पाउडर, लकड़ी का बोर्ड व कार बरामद किया है। पुलिस के अनुसार चांद मोहम्मद को नकली नोट विक्रम जायसवाल ने दिया था। राहुल के अनुसार उसके मामा वन विभाग में थे और दादी विधायक रह चुकी हैं। वह कैम्पियरगंज से दसवीं पास है। उसका किडनी की डायलसिस हो चुकी है। वाकर के सहारे चलता है।

**पहले भी धरे गए थे नकली नोट के साथ :** इसके पहले भी नकली नोट के साथ जिले में गिरफ्तारियां हुई हैं। 28 मई 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरीबाजार के पप्पू निषाद को पकड़ा था। 31 अगस्त 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत 7 लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा था। जिनमे सिकरीगंज की उषा चौहान, वंदना, आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल था। कैन्ट पुलिस ने 3 जुलाई 2021 को दिव्यनगर व सिंघड़िया से नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुदीन व सिवान बिहार के दिलशेर को पकड़ा था। उन्हें नकली नोट बिहार का रहने वाला राजन देता था। गगहा पुलिस 9 अक्टूबर 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल व गौरीबाजार निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ को पकड़ा था। इस मामले में बाद में कुल 5 लोग जेल गए थे। विक्रम नोट चलाता था। आज पकड़े गए राहुल के नकली नोट को भी यही विक्रम चलाता था जिसकी तलाश में पुलिस लगी है।

# रहस्मय हालत में बुजुर्ग लापता

**पाली (एसएनबी)।** सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम भीटहा निवासी बुजुर्ग शिवपूजन बीते 10 अगस्त को रहस्यमय परिस्थिति में भैसला चौराहे से गायब हो गए। काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटे तो स्वजन घबरा गये और मामले की सूचना पुलिस को दी। शिवपूजन के तीन लड़के हैं, जो सभी के पास परिवार बच्चे हैं। वह अपने लड़कों से अलग रहते थे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी चंद्रावती देवी थी। तबीयत अक्सर उनकी खराब रहती थी । दवा पर उनकी जीवन की गाड़ी चल रही थी। दवा खत्म हो गई थी और वह लेने गांव से एक किमी दूर भैसला चौराहे पर पैदल निकले हुए थे,जब काफी देर बाद भी घर नहीं लौटे तो पत्नी चंद्रवती फूट-फूट कर रोने लगी। घर के लोगों को जानकारी होने पर खोज-बीन शुरू किया । सभी जगह नाते-रिश्तेदारों से लेकर आस-पड़ोस में खोजा पर कहीं पता नहीं चला। सभी ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। हल्का दरोगा राहुल मिश्रा ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। गुमशुदगी दर्ज की गई थी ।

# साली के बारे में जीजा से की शिकायत, युवक पर केस

**गोरखपुर(एसएनबी)।** शाहपुर इलाके की रहने वाली युवती के जानने वाले ने उसे बदनाम करने के लिए उसके जीजा को फोन कर गलत बाते बोल दी, साथ ही युवती को गाली और जान से मरने की धमकी भी दे डाली। जिसके बाद युवती ने शाहपुर थाने में युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उत्तरी जटेपुर हाइडिल कालोनी के रहने वाली रूपा शर्मा थाना शाहपुर में तहरीर देकर बताया की उसके जानने वाले जेल रोड मंगलम बहार कालोनी के अमित कुमार सिंह पुत्र राधे श्याम सिंह ने उसके विषय में गलत बाते बोल कर उसके जीजा को भड़का दिया। जिसके बाद रूपा मंगलवार की रात अमित के घर पहुंच गई। रूपा को दूर से ही देख कर अमित उसे गाली देते हुए उसे जान से मरने की धमकी देने लगा। जिसकी शिकायत लेकर थाने पर पहुंची। थाना शाहपुर पुलिस ने बुधवार को अमित सिंह के विरुद्ध 323, 504, 506 की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# माता-पिता की मौत के बाद करता था चोरी, गिरफ्तार

**गोरखपुर(एसएनबी)।** राजघाट पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान तिवारीपुर के घासी कटरा निवासी सत्यम गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के 7 एंड्राइड मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया। एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि पकड़ा गया सत्यम राजघाट व तिवारीपुर इलाके में घरों से मोबाइल चोरी करता था। वह मोबाइल बेचने के फिराक में था। लेकिन कोई खरीदार अभी नही मिला था। तभी मुखबिर की सूचना पर उसे पकड़ लिया गया। पुछताछ में सत्यम ने बताया कि माता पिता की मौत के बाद उसे पैसों की किल्लत हुई। उसे कोई रास्ता नही दिखा तो वह लोगो के घरो से मोबाइल चोरी करने लगा।

# मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**पिपराइच (एसएनबी)।** बीते सप्ताह गंभीर रूप से घायल क्षेत्र के ग्राम कुरमौल उर्फ बड़हरा निवासी तीस वर्षीय सुरेश साहनी की उपचार के दौरान मंगलवार रात मेडिकल कलेज में मौत हो गई। पुलिस हत्या के प्रयास के इस मामले में तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है। एक सप्ताह पहले पिछले मंगलवार सुबह को सुरेश साहनी अचेतावस्था में क्षेत्र के समस्तापुर मुड़िला गांव के पास झाड़ में मिला था । जिसके सिर पर ईंट से गंभीर प्रहार के कारण कोमा में चला गया था। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम के लिए शव भेजा गया है। अब 302 धारा भी बढ़ोत्तरी होगी।

# गैर इरादतन हत्या के जुर्म में दस साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के परतावल पिपराइच निवासी अभियुक्त अभिषेक उर्फ गुड्डू को दस साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को दो माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी योगेंद्र गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद चौहान टोला का निवासी है।उसका छोटा भाई बाले चौहान शाहपुर पादरी बाजार स्थित राधे इलेक्ट्रनिक की दुकान पर काम करता है।26 नवम्बर 2020 को वह सहारा स्टेट में डेकोरेशन कराने गया था।रात तीन बजे वह अलाव जलाकर ताप रहा था।उसी समय राय इलेक्ट्रानिक पिपराइच के कार्यकर्ता द्वारा वादी के भाई के ऊपर डीजल फेंक दिया गया।जिससे वह बुरी तरह झुलस गया और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में इनामी का बेटा गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। राजघाट इलाके में तेरह वर्षीय एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव के ही रहने वाले आरोपी बहला फुसला कर एक सुनसान पुराने खंडहर में ले गया और दुष्कर्म करने के बाद उसे छोड़ कर भाग गया। नाबालिग की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी अविनाश निषाद को आठ घंटो के अंदर ही राजघाट पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया की नाबालिग बालिका थाना राजघाट क्षेत्र की रहने वाली है जिसे गांव का ही रहने वाले अविनाश पुत्र संपत निषाद सोमवार की शाम को बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। शाम को क्षेत्र में लगे नागपंचमी के मेले में घुमाया और वहीं से महेवा के एक पुराने खाली पड़े घर में ले गया और वहां बालिका के साथ दुष्कर्म किया, और उसे वहीं छोड़ कर भाग गया। रात का अंधेरा और बारिश के कारण बालिका रात भर वहीं छुपी रही मंगलवार की भोर में बालिका अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई। जिसके बाद परिजन बालिका को लेकर थाना राजघाट पहुंचे। पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश करने लगी जिसे 8 घंटो में अमरुदमंडी स्थित बेला माता मंदिर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**एक माह पहले जेल से छूटा था आरोपी, लूट हत्या का प्रयास, चोरी जैसे कई मुकदमे हैं दर्ज**

**आरोपी का पिता एनडीपीएस का फरार, 20 हजार का है इनामी**

## लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा आरोपी

एसएचओ राजघाट राजेंद्र सिंह ने बताया की अपराधी इतना शातिर किस्म का है कि लगातार झूट बोलता रहा। एक बार के लिए तो पुलिस को भी उसने अपने झांसे में ले लिया। जिसके बाद पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल जांच करवाया जिसमे दुष्कर्म किया जाना पाया गया। मेडिकल रिपोर्ट और बालिका के अंतर्वस्त्र पर लगे खून और उसके बताए कथन के आधार पर एक टीम गठित की और जांच शुरू की। पुलिस टीम ने गांव में और आस पास के लोगो से पूछ ताछ शुरू की और सारे सबूत जुटाए। आरोपी से कड़ाई से पूछ ताछ की तो उसने जुर्म कबूल कर लिया।

एसपी सिटी ने बताया की आरोपी पर पहले से लूट, चोरी, हत्या का प्रयास जैसे कई मुकदमे दर्ज हैं। एक माह पहले ही जेल से जमानत पर छूट कर आया था। जेल से आने के बाद अक्सर बालिका से आते जाते बात करता था। आरोपी के पिता पर भी एनडीपीएस एक्ट और अन्य कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं जो पिछले कई वर्षो से फरार चल रहा है साथ ही 20 हजार का इनामिया भी है।

# हत्या के प्रयास के जुर्म में चार को दस साल की कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। हत्या का प्रयत्न करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर जनपद न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कसिहारा निवासी अभियुक्त गंगा सिंह,साहब सिंह,ध्रुव सिंह व दिग्विजय सिंह को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 13 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है।अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को पांच माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार दूबे का कहना था कि वादी पारसनाथ सिंह हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कसिहरा का निवासी है।घटना 23 अक्टूबर 2012 की सुबह सवा सात बजे की है।वादी अपने लड़के दिनेश सिंह के साथ खलिहान की सफाई करने गया था।वहां उसने देखा कि अभियुक्तगण मिट्टी से उसका खलिहान पाट रहे थे।मना करने पर अभियुक्तगण मार पीट पर उतारू हो गए और गंगा सिंह के ललकारने पर अभियुक्तों ने वादी के लड़के दिनेश को घेर लिया और ध्रुव सिंह ने वादी के लड़के के ऊपर असलहे से फायर कर दिया।।जिससे वादी के लड़के को गंभीर व प्राणघातक चोट आई।

**खुलासा** बाप-बेटे मिलकर छापते थे नकली नोट, पुलिस ने किया गैंग का पर्दाफाश

# 10 हजार असली नोट के बदले नकली 20,000

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Aug):** गोरखपुर में नकली नोट छापने वाले बाप-बेटे को पकड़कर पुलिस ने बुधवार को एक बड़ी गैंग का पर्दाफाश किया है. गैंग के सरगना ने बताया कि टीवी देखकर नोट बनाना सीखा था. वह ब्लैकशीट पर केमिकल डाल नकली नोट बनाता था. इनके पास से पुलिस ने नकली नोट समेत कई सामान बारामद किए हैं. पुलिस ने इनकी पहचान गिरोह के मुख्य सरगना बांसगांव धनौड़ा निवासी राहुल सिंह और उसका दूसरे नंबर का बेटा अवनीश सिंह उर्फ अवनीश राय और बड़हलगंज बेदौली के चांद मोहम्मद के रूप में की है.



### फैला चुके लाखों रुपए

पुलिस लाइन में गैंग का पर्दाफाश करते हुए एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि राहुल का बड़ा बेटा विकास और देवरिया के गड़ही का रहने वाला विक्रम जायसवाल फरार है. यह गैंग बीते 7 साल से नकली नोट बनाने का कारोबार कर रही थी और लोगों के माध्यम से अब तक बाजार में लाखों रुपए उतार चुकी है. राहुल व विक्रम इसके पहले भी जेल जा चुका है.

### दोगुना नोट का सौदा

गगहा पुलिस को इंटरनेट पर एक वीडियो मिला था, जिसमें एक व्यक्ति द्वारा नकली नोट बनाने का काम कर रहा था. वीडियो की जांच में जुटी पुलिस को हाटा बाजार में नकली नोट चलाने वाले एक युवक के बारे में पता चला. लोगों से पूछताछ करते हुए पुलिस ने आशंका में चांद मोहम्मद को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की. चांद के द्वारा बताया कि उसे एक अन्य व्यक्ति द्वारा बाजार में नकली नोट चलाने के लिए दिया जाता है. पुराने मामलों की जांच करते हुए पुलिस को राहुल के बारे में पता चला. पुलिस ने उसके घर का पता लागते हुए बांसगांव के धनौड़ा से उसे गिरफ्तार किया. इसके बाद से पूरी घटना का पर्दाफाश हुआ. राहुल ने पूछताछ में बताया कि वह अपने बड़े बेटे विकास और दूसरे नंबर के बेटे अवनीश के साथ नकली नोट बनाने का काम कर रहे हैं. उसके बेटे और देवरिया का विक्रम ग्राहकों को लाते थे और असली नोट लेकर ब्लैक पेपर और केमिकल देकर उन्हें दोगुना नकली नोट देता था.

### वाराणसी का है राहुल

गिरोह का सरगना राहुल मूल रूप से वाराणसी के जनसा थाना के सरौनी गांव का रहने वाला है, लेकिन जब वह एक वर्ष का था तभी मां के साथ ननिहाल बांसगांव धनौड़ा चला आया. पहले वह गगहा में किराए के कमरे में रहता था. 20 वर्ष पहले धनौड़ा में मकान बनवाने के बाद परिवार के साथ रहने लगा. राहुल ने बताया कि वह 56 वर्ष का है. उसकी दादी धनेश्वरी देवी विधायक थी और मामा वन विभाग में अधिकारी थे. इस समय वह वाकर के सहारे चलता है, उसकी किडनी का डालसिस हो चुका है. बेटों के सहारे वह इस धंधे को चला रहा था. राहुल ने बताया कि इनके पास एक ब्लैक कागज है, जिस पर एक केमिकल डालकर एक ही सीरीज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 रुपए के नकली नोट बनाते थे.

### पहले भी नकली नोट संग पकड़े जा चुके लोग

- 28 मई 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरीबाजार के पपु निषाद को पक?ा था.
- 31 अगस्त 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत कुल सात लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा. जिनमे सिकरीगंज की उषा चौहान, वंदना, आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल थे.
- कैंट पुलिस ने तीन जुलाई 2021 को दिव्यनगर व सिंघड़िया से नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुदीन व सिवान बिहार के दिलशेर को पकड़ा था. उन्हें यह नकली नोट बिहार का राजन देता था.
- गगहा पुलिस नौ अक्टूबर 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल और गौरीबाजार
- निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ को पकड़ा था. मामले में बाद में कुल 5 लोग जेल गए थे. विक्रम नोट चलाता था. आज पकड़े गए राहुल के नकली नोट को भी यही विक्रम चलाता था जिसकी तलाश में पुलिस लगी है.

# इनामी बदमाश के बेटे ने बच्ची से किया दुष्कर्म, हुआ अरेस्ट

**बच्ची की मां ने की थी कंप्लेन**
**पाक्सो एक्ट में भेजा गया जेल**



पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (23 Aug):** राजघाट एरिया में एक बच्ची से फरार बदमाश के बेटे ने बलात्कार किया. 13 साल की बच्ची को बहला फुसला कर सुनसान जगह पर ले गया और वहां पर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया. पुलिस ने केस दर्ज कर घटना के 8 घंटे बाद ही रामगढ़ताल मंझरिया डोमवा ढाला निवासी आरोपी अविनाश निषाद को गिरफ्तार कर लिया. गुरुवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया.

### सामान खरीदने के बहाने रेप

एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मंगलवार की सुबह राजघाट के अमरूद बगिया के पास एक अर्ध निर्मित मकान में 13 साल की बच्ची से रेप की घटना हुई थी. बच्ची की मां ने राजघाट थाने आकर शिकायत की. जिसके बाद बच्ची को पुलिस ने मेडिकल के लिए भेज दिया. स्थानीय पुलिस ने रेप, पास्को में केस दर्ज कर घटना के 8 घंटे बाद ही आरोपी अविनाश को गिरफ्तार कर लिया.

अविनाश गांव की ही बच्ची को कुछ खाने का सामान खरीदने के बहाने ले गया और रेप किया. फिर उसे वहीं छोड़कर चला गया था. पुलिस के अनुसार अविनाश पर पहले से लूट, चोरी, हत्या के प्रयास के आरोप में 5 केस पहले से दर्ज है. वह एक माह पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया है.

### पिता 3 साल से है फरार

अविनाश के पिता सम्पत पर 25 हजार का इनाम है. वह एनडीपीएस के मुकदमे में वांछित है और 3 साल से फरार है.

# अभियान चलाकर अनफिट वाहनों की रोकेंगे मनमानी

**हि असर**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शहर में बेधड़क दौड़ रहे अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग कार्रवाई की तैयारी में है। अभियान चलाकर ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसा जाएगा जो कई बार नोटिस और चेतावनी के बाद भी वाहनों का फिटनेस नहीं करा रहे हैं। विभाग ऐसे ऑटो चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई करेगा जो मनमाने तरीके से बच्चों को ले जा और ले आ रहे हैं।

'हिन्दुस्तान' ने चौरीचौरा में एक स्कूली बच्ची के वाहन से हादसाग्रस्त हो जाने के बाद लगातार कई दिनों तक पड़ताल की। इस दौरान सामने आया कि ज्यादातर स्कूलों कंडम वाहनों से बच्चों को स्कूल पहुंचाया जा रहा है। किसी ऑटो में 12-13 बच्चें ठूंसकर विद्यालय ले जाए जा रहे हैं तो किसी का सामने का शीशा ही गायब है। कई ऑटो तो ऐसे भी मिले जो रस्सी के सहारे स्टार्ट हो रहे थे। इन खबरों का परिवहन विभाग ने संज्ञान लिया और बैठक कर निर्णय लिया कि सितम्बर से अनफिट वाहनों व चालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



ऑटो में जबरन ठूंसकर ले जाए जा रहे हैं बच्चे।

## स्कूल प्रबंधन को जारी होगा पत्र

आरटीओ ऐसे सभी स्कूलों को पत्र जारी करेगा जिन्होंने स्कूल वाहनों का फिटनेस अभी तक नहीं कराया है। एआरटीओ प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि वाहनों की सूची तैयार की जा रही है। जिनका फिटनेस नही है उन सभी को पत्र भेजने की तैयारी हो रही है।

## अभियान चला लगाएंगे साइड रॉड

आरटीओ प्रर्वतन संजय कुमार झा ने बताया कि ऐसे आटो जो बच्चों को लाते-ले जाते हैं उन सभी आटो पर दोनो तरफ रॉड लगाए जाएंगे। ऐसा इसलिए ताकि बच्चे अपने मन से न उतर सकें और साइड से उनका पैर बाहर न निकले।

# अस्पताल संचालक समेत पांच पर केस

**कैम्पियरगंज।** जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में निजी अस्पताल संचालक समेत पांच कर्मियों पर पुलिस ने केस दर्ज कर एक को हिरासत में ले लिया है। एसडीएम व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया।

चौमुखा नगर पंचायत के रामनगर निवासी शैलेश चौरसिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने पत्नी सरिता को प्रसव पीड़ा होने पर बुधवार की सुबह 5 बजे ब्लाक रोड पर स्थित मां दुर्गा हास्पिटल मे भर्ती कराया। सुबह 8 बजे अस्पताल संचालक ने बताया आपरेशन करना पड़ेगा। आपरेशन से बच्चा पैदा हुआ, लेकिन कुछ देर बाद नवजात की मौत हो गयी। पत्नी सरिता की भी तबहयत बिगड़ने लगी। जिस पर डाक्टर ने कहा कि गोरखपुर में उनके दूसरे हास्पिटल पर चलना पड़ेगा। वे बरगदवा स्थित निर्मला हास्पिटल ले गये, जहां सरिता की मौत हो गयी।

शैलेश चौरसिया की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक डा.शैलेन्द्र नाथ सोलंकी, डा. असलम, अस्पताल कर्मी अनीता गिरि, श्याम सुंदर पासवान व नीतू भारती के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### वीडियो वायरल होने पर नकली नोट छापने का हुआ खुलासा, गैंग के सरगना के रूप में राहुल का नाम सामने आया

# ब्लैक पेपर व केमिकल बेच कर भी की ठगी

**खुलासा**



जाली नोट के मामले में पकड़े गए आरोपित । • हिन्दुस्तान

**03** आरोपितों को गगहा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, फरार आरोपियों की तलाश

■ राहुल का फरार बेटा विकास व नकली नोट चलाने के आरोप में पूर्व में जेल गया विक्रम फरार

**बांसगांव/गोरखपुर, हिसं।** गगहा पुलिस ने नकली नोट छापने के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना व पूर्व पूर्व विधायक के पौत्र राहुल राय समेत तीन को गिरफ्तार किया है।

गिरोह के लोग 5000 या 10 हजार रुपये लेकर 20 हजार ब्लैक पेपर व केमिकल देकर भी जालसाजी करते थे। वह कहते थे कि इससे दोगुना नोट बना लेना। लेकिन जब वह नोट कुछ दिन में गल जाता तो वे लोग ठगी महसूस करते। इस तरह से भी उसने 50 लोगों को ठगा है। किसी से 2 हजार तो किसी से 5 हजार या किसी से 10 हजार असली रुपये लेकर दोगुना ब्लैक पेपर और केमिकल बेचा था।

**पहले नकली नोट चलाने में जेल गया है फरार विक्रम:** पुलिस के अनुसार राहुल का फरार बेटा विकास व नकली नोट चलाने के आरोप में पूर्व में जेल गए विक्रम फरार है। उनकी तलाश में पुलिस टीम जुटी है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के पास से नकली नोट, एक मोबाइल, अलग-बलग नोट साइज का ब्लैक पेपर, कई प्रकार के केमिकल, पाउडर, लकड़ी का बोर्ड व कार बरामद किया है।

**पहले भी नकली नोट संग पकड़े गए आरोपित:** इसके पहले भी नकली नोट संग जिले में गिरफ्तारियां हुई हैं। 28 मई 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरीबाजार के पप्पू निषाद को पकड़ा था। 31 अगस्त 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत कुल 7 लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा था। जिनमे सिकरीगंज की उषा चौहान, वंदना, आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल थे। वहीं कैन्ट पुलिस ने 3 जुलाई 2021 को दिव्यनगर व सिंघड़िया से नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुदीन व सिवान बिहार के दिलशेर को पकड़ा था। उन्हें यह नकली नोट बिहार का राजन देता था। गगहा पुलिस 9 अक्टूबर 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल व गौरीबाजार निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ को पकड़ा था। मामले में बाद में कुल 5 लोग जेल गए थे। विक्रम नोट चलाता था।

**यह हुआ बरामद :** 10 रुपये के 4 नोट, 20 रुपये के 01 नोट, 50 रुपये के 01 नोट, 100 रुपये के 98 नोट व 200 रुपये के 06 कूटरचित नोट, एक मोबाइल, एक बन्डल में बंधा हुआ काले रंग का पेपर लगभग 200 रुपये की नोट के साईज का, काले रंग की शीशे की दो जोड़ी प्लेट, 04 छोटे बड़े बन्ड़लों में नोट की आकार में कटा हुआ काले रंग का पेपर, एक कॉंच की जार में सोडियम थायो सल्फ, एक कॉंच की छोटी शीशी में सफेद रंग का पाउड़र नुमा पदार्थ। सफेद रंग की डिब्बी में सफेद रंग का टुकड़ा। प्लास्टिक की शीशी में पीले रंग का तरल पदार्थ। एक प्लास्टिक की थैली में सफेद रंग का पाउड़रनुमा पदार्थ। एक लकड़ी का तख्ती (आकार 18 ७ 12 अंगुल) और एक इनोवा कार बरामद हुआ।

## पुलिस ने पकड़ा तो मनबढ़ों ने किया हमला हमला

देश की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की यह कवायद कौड़ीराम इलाके में काफी दिनों से चल रही थी। मंगलवार रात को जब अचानक पुलिस ने धनौडा के उस घर में छापेमारी की, तो पकड़े गए आरोपियों एवं उनके साथियों ने पुलिस को घेर लिया और उनके साथ अभद्रता भी की। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इस दौरान आरोपियों ने एक दरोगा के सिर पर गंभीर चोट पहुंचाकर घायल कर दिया इसके बाद सूचना पर बांसगांव, बेलीपार समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब तक पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य फरार होने में सफल रहे।

# जमीन की जालसाजी में शामिल चार पर गैंगस्टर

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन में चिलुआताल पुलिस ने जमीन की जालसाजी से जुड़े ठगों के एक गैंग पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। गैंग का लीडर बृजेश कुमार शाही है जबकि सदस्य के रूप में प्रभुनाथ मौर्या, सागर चौहान, रवि प्रकाश त्रिपाठी शामिल हैं।

एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि बृजेश शाही अपने सदस्यों के साथ जालसाजी से जमीन का अवैध तरीके से जमीन का बैनामा कर रुपये हड़पता है। उन्होंने बताया कि बृजेश शाही राजेन्द्र नगर थाना गोरखनाथ का रहने वाला है। जबकि उसके तीनों साथी प्रभुनाथ मौर्या विकास नगर (जंगल बेनी माधव नंबर 2) थाना चिलुआताल, सागर चौहान नि. जंगल बेनी माधव नं. 2 मोहरीपुर थाना चिलुआताल तथा रवि प्रकाश त्रिपाठी निवासी मोहनाग पोस्ट नेवास थाना सहजनवा गोरखपुर के रहने वाले हैं।

# मां-बाप की मौत के बाद बन गया चोर

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने एक मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान तिवारीपुर के घासी कटरा निवासी सत्यम गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के 7 एंड्राइड मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेशकर जेल भिजवा दिया।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि पकड़ा गया सत्यम राजघाट व तिवारीपुर इलाके में घरों से मोबाइल चोरी करता था। वह मोबाइल बेचने के फिराक में था। लेकिन कोई खरीदार अभी नहीं मिला था। तभी सूचना पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में सत्यम ने बताया कि माता-पिता की मौत के बाद उसे पैसों की किल्लत हुई। उसे कोई रास्ता नहीं दिखा तो वह चोरी करने लगा।

# माता-पिता की मृत्यु के बाद करने लगा चोरी, गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : राजघाट थाना पुलिस ने बाबा चैन सिंह मंदिर हार्बर्ट बंधा के पास से मोबाइल फोन चोर को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी के सात एंड्रायड फोन मिले। उसकी पहचान तिवारीपुर के घासीकटरा निवासी सत्यम गुप्ता के रूप में हुई। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में सत्यम ने बताया कि वह राजघाट और तिवारीपुर क्षेत्र में लोगों के घरों से मोबाइल फोन चोरी करता था।

# जेल से छूटे बदमाश ने किया बच्ची से रेप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। राजघाट इलाके में एक नाबालिक बच्ची को बहला-फुसलाकर आरोपित युवक खंडहर में ले गया और दुष्कर्म करने के बाद छोड़ कर भाग गया। नाबालिग की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी अविनाश निषाद को आठ घंटें में अमरुदमंडी स्थित बेला माता मंदिर से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बुधवार को मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पीड़िता राजघाट क्षेत्र की रहने वाली है जिसे गांव का ही रहने वाले अविनाश पुत्र संपत निषाद सोमवार की शाम को अपने साथ ले गया। वहां बालिका के साथ दुष्कर्म किया और उसे वहीं छोड़ कर भाग गया। बालिका अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई। जिसके बाद पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस केस केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**आरोपी पर पूर्व में भी कई मुकदमे दर्ज :** एसपी सिटी ने बताया की आरोपी पर पहले से लूट, चोरी, हत्या का प्रयास जैसे कई मुकदमे दर्ज हैं। एक माह पहले ही वह जेल से जमानत पर छूट कर आया था। आरोपी के पिता पर भी एनडीपीएस एक्ट और अन्य कई धाराओं में मुकदमे दर्ज है। पिछले कई वर्षों से वह फरार चल रहा है साथ ही 20 हजार का इनामिया भी है।

## सिपाही पर लगाया छेड़खानी का आरोप

पिपरौली। गीडा थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने बुधवार को थाने पर तहरीर देकर गीडा थाना के एक सिपाही पर घर में घुसकर छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। महिला ने दिए तहरीर में बताया है की दो दिन पहले गांव में बच्चों में आपस में विवाद हो गया था। इसी को लेकर सोमवार को दो सिपाही घर पहुंचे तो उस समय मैं घर में अकेली थी। आरोप है कि सिपाही छेड़खानी करने लगे।

## जीजा को फोन कर साली की शिकायत, मुकदमा

गोरखपुर। युवती के जानने वाले ने उसे बदनाम करने के लिए उसके जीजा को फोन कर गलत बातें बोल दीं। इसके बाद युवती ने थाना शाहपुर में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया है। उत्तरी जटेपुर हाइडिल कॉलोनी के रहने वाली युवती ने थाना शाहपुर में तहरीर देकर बताया की उसके जानने वाले जेल रोड मंगलम बहार कॉलोनी के अमित कुमार सिंह ने उसके विषय में गलत बातें बोलकर उसके जीजा को भड़का दिया।

# छह पर गैर इरादतन हत्या के प्रयास में केस

सहजनवा। सहजनवा पुलिस ने चाय समोसे की दुकान पर युवक को घेरकर उसको रॉड व लाठी-डंडे से पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया।

इस मामले में पीड़ित युवक की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों पर पुलिस ने मारपीट, बलबा और गैर इरादत हत्या के प्रयास की धाराओं में मंगलवार को केस दर्ज किया है। भक्सा निवासी सुमित तिवारी पुत्र संजय तिवारी ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि वह रविवार को गांव में चाय की दुकान पर समोसा खाने गया था जहां छह लोगों ने उसपर हमला कर दिया। पीड़ित ने दवा इलाज के बाद थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में भक्सा निवासी बलुआहे यादव, निक्कू यादव, गोलू यादव, प्रदीप यादव, वकील यादव व पतेलू यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# सोशल मीडिया पर टिप्पणी में गिरफ्तार

पीपीगंज। पीपीगंज क्षेत्र के जंगल कौड़िया चौकी अन्तर्गत नयागांव के सुहेल ( 15 ) को सोशल मीडिया पर गलत टिप्पणी करने के आरोप में बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मंगलवार को कुछ लोगों ने इस मामले में पुलिस महानिदेशक से कुछ लोगों ने शिकायत की थी। वहीं कुछ लोगों ने सामूहिक रूप से तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत के आधार पर पीपीगंज पुलिस ने बुधवार को सुहेल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पीपीगंज क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव का 16 वर्षीय सुहेल ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की थी, जिस पर लोगों ने नाराजगी जताई थी।

# भू माफिया कमलेश का साथी मनोज गिरफ्तार

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। भू माफिया कमलेश यादव के साथी पिपराइच के रक्षवापर निवासी मनोज कुमार को एम्स पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। उधर, एम्स पुलिस ने कमलेश पर जालसाजी का एक और मुकदमा दर्ज किया है। इसी के साथ कमलेश पर कुल 13 केस दर्ज हो गया है। हाल के चार दिन में उसके खिलाफ एम्स थाने में छह केस दर्ज किया गया है।

एसपी सिटी ने बताया कि एम्स पुलिस ने कमलेश गिरोह के मनोज को पकड़ा है, उस पर जालसाजी के दो केस दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि बहरामपुर निवासी कमलेश, मनोज, आजमगढ़ निवासी शिवचन्द, गुलरिहा निवासी अन्नू ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी दानिश परवीन से 25 लाख लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री कर दी थी जिसमे केस हुआ था। पुलिस ने 31 जुलाई को कमलेश व अन्नू को गिरफ्तार किया था। अन्नू ने नकली नीतू बनकर भू स्वामी के तौर पर रजिस्ट्री की थी। बुधवार को मनोज को गिरफ्तार किया गया। अब शिवचन्द, दयानन्द, अजय की तलाश चल रही है।

वहीं दूसरी तरफ पुलिस ने दरगहिया निवासी परशुराम यादव की तहरीर पर कमलेश व शब्बीर पर रुपये हड़पने व जालसाजी का केस दर्ज किया है। कमलेश व उसके साथियों पर अब तक एम्स पुलिस छह पर जालसाजी का केस दर्ज कर चुकी है।

# सिपाहियों ने घर में घुस महिला से की छेड़खानी

जासं, पिपरौली : गीडा क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की शाम घर में घुसकर दो सिपाहियों ने महिला के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर सिपाहियों ने गाली दी और धमकाया। अफसरों से शिकायत करने के लिए मोबाइल निकाला तो उसे तोड़ दिया। बुधवार को महिला ने थाने में तहरीर देकर सिपाहियों पर कार्रवाई की मांग की है। यद्यपि थाना प्रभारी महिला के आरोप को गलत बता रहे हैं। तहरीर मिलने पर सिपाही जांच के लिए गए थे।

गीडा क्षेत्र के एक गांव में दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसके बाद गांव के कुछ लोगों की मौजूदगी में दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया। कहीं से इसकी जानकारी गीडा थाने के दो सिपाहियों को हुई और वह महिला के घर पहुंच गए। महिला का आरोप है कि सिपाही समझौते से नाराज होकर गाली देने लगे। विरोध करने पर छेड़खानी की। जब वह बचने के लिए घर के अंदर गई तो वहां भी पहुंच गए और छेड़छाड़ की। इस मामले में पुलिस अधीक्षक उत्तरी का कहना है कि थाना प्रभारी से पूछताछ की गई है। जांच करने का निर्देश दिया गया है।

# हत्या के प्रयास में चार को 10 वर्ष का कारावास

जासं, गोरखपुर : हत्या के प्रयास का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने हरपुर बुदहट के कसिहरा निवासी गंगा सिंह, साहब सिंह, ध्रुव सिंह व दिग्विजय सिंह को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। 13 हजार रुपये अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर पांच माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार दूबे का कहना था कि वादी पारसनाथ सिंह हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कसिहरा का रहने वाला है। घटना 23 अक्टूबर, 2012 की है। अभियुक्त मिट्टी से उसका खलिहान पाट रहे थे। मना करने पर गंगा सिंह के ललकारने पर अभियुक्तों ने दिनेश को घेर लिया और ध्रुव सिंह ने वादी के लड़के के ऊपर असलहे से फायर कर दिया।

**गैर इरादतन हत्या के मामले में 10 वर्ष की सजा**, गोरखपुर : गैर इरादतन हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर सत्र न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के परतावल पिपराइच के रहने वाले अभिषेक उर्फ गुड्डू को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। ।

अभियोजन का पक्ष प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव ने रखा।

# भू-माफिया कमलेश पर एक और मुकदमा, साथी मनोज गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर : जेल में बंद भू-माफिया कमलेश यादव के साथी पिपराइच रक्षवापार के मनोज कुमार को एम्स थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस पर भी जालसाजी व मारपीट समेत तीन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पुलिस ने दरगहिया के परशुराम यादव की तहरीर पर कमलेश व उसके साथी शब्बीर पर रुपये हड़पने व जालसाजी का एक और केस दर्ज किया।

पुलिस लाइन में घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सेवानिवृत्त जवान की पत्नी दानिश परवीन की तहरीर पर कमलेश यादव, मनोज, आजमगढ़ के शिवचंद, गुलरिहा की अन्नू के विरुद्ध केस दर्ज किया गया था। इस मामले में कमलेश और अन्नू को एम्स थाना पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मनोज और शिवचंद फरार चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मनोज ब्रोकर का काम करता था। यह बाहर से ग्राहकों को लेकर कमलेश के पास लाता था और फिर सभी मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी कर पैसे का बंटवारा करते थे। दानिश परवीन से भी इन्होंने 25 लाख रुपये लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री करा दी थी। इसमें अन्नू नकली जमीन मालिक बनी थी।

**36.96 लाख रुपये में दिखायी थी जमीनः** एसपी सिटी ने बताया कि दरगहिया के परशुराम को कमलेश व शब्बीर ने बाराबंकी में जमीन दिखायी थी। 36.96 लाख रुपये में सौदा तय हुआ। इसके बाद परशुराम ने 23.50 लाख रुपये देकर शेष धन की व्यवस्था करने के लिए तीन माह का समय मांगा था। पीड़ित पैसे का इंतजाम कर जब तीन माह बाद रजिस्ट्री करने के लिए बोला तो ये आनाकानी करने लगे। कमलेश ने परशुराम को बताया था कि जमीन शब्बीर की है और वह गोरखपुर का रहने वाला है। पैसा शब्बीर के अकाउंट में भी भेजा गया था। दोनों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

अब तक एम्स थाना पुलिस ने कमलेश के विरुद्ध छह मुकदमे दर्ज कर चुकी है। इनमें पांच मुकदमे बीते तीन दिन के अंदर के हैं। कमलेश भी सेना में रह चुका है। 10 वर्ष पहले सेवानिवृत होकर घर आया और तभी से जमीन के कारोबार में जुड़कर लोगों के साथ ठगी कर रहा है।

# किशोरी से दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

जासं, उरुवा बाजार : बेलघाट थाना पुलिस ने बुधवार को किशोरी के साथ दुष्कर्म के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनकी पहचान क्षेत्र के विजय प्रताप सिंह उर्फ हलचल और मनोज कुमार सिंह उर्फ सुरजीत सिंह के रूप में की। किशोरी की मां ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

**किशोरी के अपहरण का आरोपित गिरफ्तार:** गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपित जयदीप निषाद को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी जेएन शुक्ला ने बताया कि शनिवार को किशोरी के पिता ने रविवार को आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कराया था।

# नकली नोट बनाने वाले गिरोह के सरगना समेत तीन धराए

## सात वर्षों से नकली नोट छापकर बाजार में चला रहे थे, गिरोह का सरगना राहुल सिंह दो बेटों संग बनाता था नकली नोट

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : नकली नोट छापकर बाजार में खपाने वाले गिरोह का गोरखपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया है। बुधवार को गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर गगहा पुलिस ने इनके पास से नकली नोट समेत कई सामान बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में बांसगांव धनौड़ा का रहने वाला सरगना राहुल सिंह, इसका दूसरे नंबर का बेटा अवनीश सिंह उर्फ अवनीश राय और बड़हलगंज, बेदौली निवासी चांद मोहम्मद शामिल हैं। राहुल का बड़ा बेटा विकास और देवरिया के गड़ही का रहने वाला विक्रम जायसवाल फरार है। यह गिरोह सात वर्षों से नकली नोट बनाने का कारोबार कर रहा था। अब तक लाखों रुपये के नोट बाजार में उतार चुका है। राहुल व विक्रम पहले भी जेल जा चुके हैं।

पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि गगहा पुलिस को इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो मिला था। वीडियो में एक व्यक्ति नकली नोट बना रहा था। उसकी जांच करने पर पुलिस को हाटा बाजार में नकली नोट चलाने वाले एक युवक के बारे में पता चला। पुलिस ने चांद मोहम्मद को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

इसने बताया कि उसे एक अन्य व्यक्ति बाजार में नकली नोट चलाने के लिए देता है। पुलिस ने पुराने मामलों की जांच की तो राहुल के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने घर का पता करके बांसगांव के धनौड़ा से राहुल को गिरफ्तार किया।

इसके बाद पूरे गिरोह का पर्दाफाश हुआ। सरगना राहुल ने पूछताछ में बताया कि वह अपने बड़े बेटे विकास व दूसरे नंबर के बेटे अवनीश के साथ मिलकर नकली नोट बनाता है। उसके बेटे और देवरिया का विक्रम ग्राहकों को लाते थे। ग्राहकों के सामने दो-तीन नोट बनाकर दिखाया जाता और असली नोट के बदले दोगुणा कीमत के नोट छापने के लिए विशेष प्रकार का काला कागज व रसायन उन्हें दे दिया जाता था।



पुलिस की गिरफ्त में नकली नोट बनाकर लोगों से ठगी करने वाला गिरोह •जागरण

### मूलरूप से वाराणसी का रहने वाला है राहुल

सरगना राहुल वाराणसी जिले के जनसा थाना क्षेत्र के सरौनी गांव का मूल निवासी है। एक वर्ष का था, तभी मां के साथ बांसगांव, धनौड़ा स्थित ननिहाल चला आया। पहले वह गगहा में किराए पर रहता था। 20 वर्ष पहले धनौड़ा में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहने लगा। राहुल ने बताया कि वह 56 वर्ष का है। दादी धनेश्वरी देवी विधायक थीं और मामा वन विभाग में अधिकारी। किडनी की डायलिसिस होने के कारण इस समय वह वॉकर के सहारे चलता है। बेटों के सहारे वह धंधे को चला रहा था। यह एक काले पेपर पर केमिकल डालकर एक ही सीरीज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 रुपये के नकली नोट बनाता था।

## कुछ ही दिन बाद गल जाते थे जालसाजों के नोट

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गगहा पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले जिस गिरोह का पर्दाफाश किया है, इसके नकली नोट तैयार होने के कुछ ही दिन बाद स्वतः गलकर नष्ट हो जाते थे। नकली नोट छापने के लिए गिरोह का सरगना राहुल सिंह बाहर से काला पेपर मंगवाता था। इसके अलावा अन्य सामान वह स्थानीय बाजार से ही खरीद लेता था। पुलिस की पूछताछ में सरगना राहुल सिंह ने बताया कि टेलीविजन देखकर उसने नकली नोट बनाने का तरीका सीखा था।

उसने बताया कि वह नकली नोट के ग्राहकों से पांच या 10 हजार रुपये लेकर दोगुणा कीमत के नोट बनाने के लिए काला पेपर व रसायन दे देता था। नोट कैसे छापना है? इसके लिए वह उनके सामने एक-दो नोट छापकर सिखाता था। उसने बताया कि अब तक करीब 100 से अधिक लोगों को ठग चुका है।

**यह सामान पुलिस ने किया बरामद:** 10 रुपये के चार नोट, 20 का एक नोट, 50 रुपये के एक नोट, 100 रुपये के 98 नोट, 200 के छह नोट, एक मोबाइल, एक बंडल 200 रुपये नोट के साइज का ब्लैक शीट। काले रंग के शीशे की दो प्लेट, चार छोटे-बड़े नोट के आकार का बंडल। कांच के एक जार में सोडियम थायो सल्फर, कांच की एक छोटी शीशी में सफेद रंग का पाउडर, एक डिब्बी में सफेद रंग का टुकड़ा, प्लास्टिक की शीशी में पीले रंग का पदार्थ, प्लास्टिक की एक शीशी में काले रंग का पदार्थ, लकड़ी की एक तख्ती और एक इनोवा गाड़ी।

**मिलकर जांच करेगी पुलिस व एलआइयू:** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि नकली नोट बनाने वाले गिरोह के पर्दाफाश के बाद अब पुलिस टीम व स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआइयू) मिलकर मामले की जांच करेगी। बता दें कि जिले में अब तक नकली नोट के साथ पकड़े गए आरोपित या तो बांसगांव, गोला, बड़हलगंज, सिकरीगंज क्षेत्र से जुड़े हैं या फिर देवरिया के अलग-अलग क्षेत्रों के हैं।



गिरोह के पास से बरामद नकली नोट बनाने वाला सामान •जागरण

### पहले भी नकली नोट के साथ पकड़े गए हैं लोग

- 28 मई, 2018 को झंगहा पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए गौरी बाजार के पप्पू निषाद को पकड़ा था।
- 31 अगस्त, 2019 को बांसगांव पुलिस ने दो नाबालिग, दो महिला समेत कुल सात लोगों को नकली नोट चलाने के आरोप में पकड़ा था। इसमें सिकरीगंज की ऊषा चौहान, वंदना व आजमगढ़ का भीमल निषाद शामिल था।
- 03 जुलाई, 2021 को कैंट पुलिस ने नकली नोट चलाते हुए बांसगांव निवासी फकरुदीन व सिवान (बिहार) के दिलशेर को दिव्यनगर व सिंघड़िया से पकड़ा था। उन्हें बिहार का राजन नकली नोट देता था।
- 09 अक्टूबर, 2022 को देवरिया के गड़ही निवासी विक्रम जायसवाल व गौरी बाजार निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ को गगहा पुलिस ने पकड़ा था। इस मामले में कुल पांच लोग जेल गए थे।

# चोरी के सात मोबाइल फोन के साथ युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने चोरी के सात मोबाइल फोन के साथ बुधवार को एक युवक को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान तिवारीपुर के घसीकटरा निवासी सत्यम गुप्ता के रूप में हुई है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सत्यम राजघाट व तिवारीपुर इलाके में घरों से मोबाइल फोन चोरी करता था। पूछताछ में सत्यम ने बताया कि माता-पिता की मौत के बाद उसे पैसों की किल्लत हुई। उसे कोई रास्ता नहीं दिखा तो वह लोगों के घरों से मोबाइल फोन चोरी करने लगा। ब्यूरो

# दुष्कर्म के दो आरोपी भेजे गए भेज

गोरखपुर। बेलघाट इलाके में मारपीट, दुष्कर्म के दो आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बेलघाट के डकही गांव निवासी विजय प्रताप सिंह व राईपुर निवासी मनोज कुमार सिंह के रूप में हुई। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# गैर इरादतन हत्या के दोषी को दस साल की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध होने पर जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी ने कुशीनगर जिले के अहिरौली थाना क्षेत्र के परतावल पिपराइच निवासी अभिषेक उर्फ गुड्डू को दस साल के कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर दो माह और जेल में रहना पड़ेगा। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जयनाथ यादव का कहना था कि वादी योगेंद्र गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल अयोध्या प्रसाद चौहान टोला का निवासी है। उसका छोटा भाई बाले चौहान शाहपुर पादरी बाजार स्थित राधे इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करता है। 26 नवंबर 2020 को वह सहारा स्टेट में डेकोरेशन कराने गया था। रात वह अलाव ताप रहा था। राय इलेक्ट्रानिक पिपराइच के कार्यकर्ता ने वादी के भाई पर डीजल फेंक दिया था। ब्यूरो

# जालसाजी करने वाले चार बदमाशों पर लगा गैंगस्टर

गोरखपुर। जमीन के नाम पर जालसाजी करने वाले चार बदमाशों पर पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। डीएम के अनुमोदन के बाद चिलुआताल पुलिस ने गिरोहबंद करने की कार्रवाई की है। यह सभी लोगों जमीन के नाम पर रुपये की वसूली करते थे और फिर हड़पकर जमीन नहीं देते थे। गोरखनाथ के राजेंद्रनगर निवासर बृजेश कुमार शाही गिरोह का सरगना है। गिरोह में विकास नगर कि प्रभुनाथ मौर्य, जंगल बेनी माधव मोहरीपुर के सागर चौहान और मोहरीपुर के रवि प्रताप त्रिपाठी शामिली हैं। पुलिस के मुताबिक, गिरोह सरगना बृजेश कुमार शाही तीन गुर्गों के साथ धोखाधड़ी कर अवैध तरीके से जमीन का बैनामा कर रुपये हड़प कर लेते हैं। ब्यूरो

# मकान और नौकरी के नाम पर ठगी, केस दर्ज

गोरखपुर। मकान व नौकरी के नाम पर फिर जालसाजी करने के मामले सामने आए हैं। कोई विदेश में नौकरी की चाहत में ठगा गया है तो किसी ने मकान के नाम पर रुपये गंवा दिए। खोराबार थाने में भैसहा निवासी उपेंद्र कुमार गुप्ता ने केस दर्ज कराया है। उपेंद्र ने तहरीर में लिखा है कि गांव के उमेश कुमार निषाद ने मकान व अन्य कार्य के लिए बीस लाख रुपये उधार लिए थे। अब रुपये देने में आनाकानी कर रहे हैं। उधर, कैंट थाने में माया देवी ने दर्ज कराया है। नंदापार निवासी माया देवी पत्नी गजेंद्र प्रसाद ने तहरीर में लिखा है कि पति घर पर रहते हैं। गौतम धोबी ने पति को विदेश भेजने के नामर 85 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# अस्पताल का संचालक गिरफ्तार, पांच पर केस

अमर उजाला ब्यूरो

कैंपियरगंज। नगर पंचायत चौमुखा के मां दुर्गा अस्पताल में मंगलवार को हुए जच्चा-बच्चा की मौत के मामले कैंपियरगंज पुलिस मृतका के पति की तहरीर पर अस्पताल संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी एवं डॉ. असलम समेत पांच नामजद लोगों पर धारा 304 के तहत केस दर्ज कर लिया। अस्पताल संचालक शैलेंद्र नाथ सोलंकी को गिरफ्तार कर मामले की जांच की जा रही है। अस्पताल संचालक की गिरफ्तार के बाद परिवार वालों ने बुधवार देर रात शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

अस्पताल तीन साल से बिना लाइसेंस के चल रहा था। नगर पंचायत चौमुखा के वार्ड 14 निवासी शैलेश चौरसिया की पत्नी सरिता चौरसिया को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को मां दुर्गा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था।

मंगलवार की सुबह ऑपरेशन से बेटे का जन्म हुआ। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। दोपहर बाद प्रसूता की भी हालत बिगड़ने लगी। शाम को उसकी भी मौत हो गई थी।

**कैंपियरगंज में चल रहे अस्पताल में हुई थी जच्चा-बच्चा की मौत**


प्रसूता, नवजात की मौत पर हंगामा, अस्पताल सील

23 अगस्त को प्रकाशित खबर।

## 20 से अधिक नर्सिंग होम हो रहे संचालित

कैंपियरगंज। नगर पंचायत चौमुखा समेत आसपास के क्षेत्र में 20 से अधिक नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं। इसमें से कई अवैध हैं। स्वास्थ्य विभाग इनकी जांच का दावा तो करता है, लेकिन सीएचसी से महज 300 मीटर के भीतर ही कई साल से बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। सीएचसी के पास अवैध रूप से संचालित कमला हॉस्पिटल में भी छह माह पूर्व नगर पंचायत करतहरी गांव निवासी महिला की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई थी। ब्यूरो

# भू-माफिया कमलेश यादव पर एक और केस दर्ज, साथी भी दबोचा गया

## गिरफ्तार मनोज लाता था जमीन का ग्राहक, फिर होती थी जालसाजी, दीनानाथ की तलाश तेज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। भू-माफिया कमलेश यादव पर मंगलवार को एक और एफआईआर दर्ज कर ली गई। वहीं, एम्स पुलिस ने बुधवार को कमलेश के साथी मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।



आरोपी मनोज

पुलिस की जांच में सामने आया है कि मनोज जमीन को खरीदने के लिए ग्राहक को खोजता था, उसके लाने के बाद ही गिरोह के लोग आए शख्स को जमीन के नाम पर ठगने का काम करते थे।

पुलिस ने कमलेश के करीबी साथी दीनानाथ की तलाश भी तेज कर दी है। उनकी तलाश में पुलिस गैर जनपद रवाना हो गई है।

पकड़ा गया मनोज कुमार रक्षवापार का रहने वाला है। उसपर जालसाजी व मारपीट के तीन केस पहले से दर्ज हैं। दरगहिया निवासी परशुराम यादव ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि कमलेश ने बाराबंकी में जमीन दिखाई। सौदा 36 लाख 96 हजार रुपये में तय हुआ। 23 लाख 50 हजार रुपये देने के बाद परशुराम ने रजिस्ट्री व अन्य रकम की व्यवस्था के लिए तीन माह का समय लिया।

आरोप है कि तीन महीने बाद जब वह बाकी पैसे लेकर रजिस्ट्री के लिए कहा तो आनाकानी करने लगा। न रजिस्ट्री किया न ही रुपये दिए। कमलेश ने परशुराम को बताया था कि जमीन शब्बीर की है। वह गोरखपुर का रहने वाला है। उससे मुलाकात भी कराई थी। पैसे शब्बीर के अकाउंट में भी गया था, लेकिन जमीन नहीं मिली। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि एम्स पुलिस ने कमलेश गिरोह के फरार साथी मनोज को पकड़ा है। उसपर कमलेश के साथ जालसाजी का दो केस दर्ज है। बताया कि बहरामपुर निवासी कमलेश, मनोज, आजमगढ़ निवासी शिवचंद, गुलरिहा निवासी अन्नू ने रिटायर्ड फौजी की पत्नी दानिश परवीन से 25 लाख रुपये लेकर दूसरे की जमीन रजिस्ट्री कर



जालसाज कमलेश के रिमांड की तैयारी तेज

23 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### माफिया चंदन सिंह की जमानत अर्जी खारिज

गोरखपुर। हत्या के प्रयास के मामले में अपर जनपद न्यायाधीश संतोष कुमार सिंह गौतम ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के कुशहरा निवासी माफिया चंदन सिंह उर्फ देवकी नंदन सिंह की जमानत अर्जी अपराध की गंभीरता को देखते हुए खारिज कर दी। चंदन आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वह जिले के बदमाशों की टॉप टेन सूची में भी शामिल है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धीरेंद्र जायसवाल का कहना था कि वादी मनीष सिंघानिया पार्क रोड के पास का निवासी है। घटना दो मार्च 2014 की रात करीब 8:30 बजे की है। वादी के पिता दिनेश सिंघानिया राहुल कुमार, महेंद्र कुमार और बिट्टू के साथ अपने कपड़े की दुकान पर मौजूद थे। उसी समय दो व्यक्ति हेलमेट पहने हुए दुकान पर आए और बिना कुछ कहे जान मारने की नियत से पिस्टल से वादी के पिता दिनेश सिंघानिया के ऊपर गोली चला दी। वादी के पिता के साथ मौजूद राहुल कुमार जब उन्हें बचाने आया तो उसे भी गोली मार दी, जिससे वादी के पिता और राहुल को गंभीर और प्राणघातक चोटें आई थीं। ब्यूरो

# गोरखपुर में पूर्व विधायक का पौत्र बेटों संग बनाता था नकली नोट

- वाराणसी के गंगापुर की पूर्व विधायक का पौत्र है गिरोह का सरगना राहुल राय
- बांसगांव में है ननिहाल, यहीं से चला रहा था गैंग, बेटा और एक सहयोगी भी गिरफ्तार



पुलिस शिकंजे में नकली नोट बनाने वाले गिरोह का सरगना और सदस्य।

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गगहा पुलिस ने नकली नोट छापने के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह वाराणसी गंगापुर की पूर्व विधायक धनेश्वरी देवी का पौत्र राहुल राय अपने बेटों व अन्य साथियों के साथ बांसगांव के धनौड़ा स्थित ननिहाल में चला रहा था। ननिहाल में ही वह मकान बनवा कर रहता है। पुलिस ने गिरोह के सरगना राहुल, उसके बेटे अवनीश तथा बाजार में नोट चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। राहुल का दूसरा बेटा विकास, देवरिया का विक्रम जायसवाल फरार है।

यह गैंग ब्लैक शीट पर केमिकल डालकर नकली नोट बनाता था साथ ही ब्लैक शीट व केमिकल बेचकर भी ठगी करता था। विक्रम एक बार पहले भी नकली नोट के मामले में जेल जा चुका है।

**वीडियो से खुली पोल:** एसपी साउथ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि गगहा पुलिस को एक वीडियो मिला जिसमें एक व्यक्ति केमिकल डालकर नकली नोट बना रहा था। जांच में पता चला कि बड़हलगंज के बड़ी बेदौली निवासी चांद मोहम्मद के पास यह नोट है। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने नोट दुकान पर चलाने वाले चांद मोहम्मद को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि गिरोह का सरगना बांसगांव के धनौड़ा निवासी राहुल सिंह है। राहुल अपने बेटों अवनीश व विकास के साथ नकली नोट बना रहा है और दिवरिया के गड़ही निवासी विक्रम आदि की मदद से बाजार में चला रहा था। अधिक मूल्य के नकली नोट देकर कम मूल्य के असली नोट लेकर ठगी भी करता था। पुलिस ने राहुल व उसके एक बेटे अवनीश को भी गिरफ्तार कर लिया। विकास और विक्रम फरार है। निकली नोट के मामले में विक्रम पहले भी जेल जा चुका है।

### घर में बनाता था नकली नोट

एसपी साउथ ने बताया कि राहुल सिंह की उम्र 56 साल की है। वह मूल रूप से बनारस के सलोरी का रहने वाला है। वह 20 साल से धनौड़ा गांव में ननिहाल में मकान बनवाकर बच्चों के साथ रहता है और घर में ही नकली नोट बनाता था। राहुल ने बताया कि उसकी दादी पूर्व विधायक हैं। जबकि मामा वन विभाग में अफसर रहे हैं। राहुल दसवीं पास हुआ है। उसकी किडनी खराब है। वह पैर में दिव्यांग है। वाकर के सहारे चलता है। एसपी साउथ ने बताया कि राहुल के पास से ब्लैक कागज मिला जिसपर यह केमिकल डालकर एक ही सीरिज के 10, 20, 50, 100, 200 व 500 के नोट बनाकर वह बाजार में चलाता था। पुलिस के अनुसार चांद मोहम्मद के पास से बरामद नकली नोट विक्रम जायसवाल ने ही दिया था।

ब्लैकपेपर बेचकर ठगी P07

# लूट, हत्या की कोशिश में जेल जा चुका है दुष्कर्म का आरोपी अविनाश

गोरखपुर। खाने-पीने का सामान दिलाने के बहाने 13 साल की किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने का आरोपी अविनाश पर पहले से लूट, चोरी, हत्या के प्रयास के आरोप में पांच केस दर्ज हैं।

पुलिस के मुताबिक, वह एक माह पहले ही जमानत पर जेल से छूटकर बाहर आया है। अविनाश के पिता संपत पर 25 हजार का इनाम है। वह एनडीपीएस के केस में वांछित है और तीन साल से फरार है। अमरूतानी में महीने भर के भीतर दुष्कर्म की दूसरी घटना सामने आई है। इसके पहले गीडा इलाके की यू-ट्यूबर को रात में बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। पुलिस ने इस मामले में शामिल छह आरोपियों को जेल भेजा था।

इसके बाद पुलिस ने अमरूतानी में गश्त बढ़ाई, लेकिन अब आबादी के बीच ही अर्द्धनिर्मित मकान में दुष्कर्म का मामला सामने आ गया है। ब्यूरो

# शहर के कई क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने को लेनी होगी मंजूरी

## गोरखनाथ मंदिर, खाद कारखाना, रेलवे स्टेशन, एम्स व महायोगी गोरखनाथ विवि क्षेत्र में लागू होगा प्रतिबंध

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिला प्रशासन ने धारा 144 के प्रतिबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन उड़ाना निगरानी की श्रेणी में लाया गया है। अब गोरखनाथ मंदिर, हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) द्वारा संचालित खाद कारखाना, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रेलवे स्टेशन एवं महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर आरोग्यधाम बालापार सोनबरसा के दो किलोमीटर परिधि के भीतर बिना सिटी मजिस्ट्रेट की अनुमति के कोई भी ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकेगा। किसी के यहां मांगलिक कार्यक्रम में भी ड्रोन से रिकार्डिंग की व्यवस्था की गई होगी तो ड्रोन संचालक को अनुमति लेनी होगी।

अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह की ओर से यह आदेश जारी किया जा चुका है। इसके लिए कार्यक्रम के दिन से सात दिन पूर्व आवेदन करना होगा। भविष्य में पूरे नगर निगम क्षेत्र में यह नियम लागू किया जा सकता है।

**शहर में लागू धारा 144 में शामिल किया गया ड्रोन उड़ाने से जुड़ा प्रतिबंध, कार्यक्रम से एक सप्ताह पहले करना होगा आवेदन**



एडीएम सिटी ने बताया कि महानगरीय सीमा क्षेत्र के थानों में यह आदेश प्रभावी होगा और इसका उल्लंघन दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ड्रोन उड़ाने को निगरानी के दायरे में लाने का निर्देश दिया था।

इस प्रतिबंध के साथ ही गोरखनाथ मंदिर की सुरक्षा को लेकर और पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पांच स्थलों के इर्द-गिर्द ड्रोन उड़ाना प्रतिबंधित करने से शहर का अधिकतर हिस्सा प्रभावित होगा। मांगलिक कार्यक्रमों के लिए कई लोगों ने ड्रोन की बुकिंग की है। यह आदेश जारी होने के बाद नगर मजिस्ट्रेट के यहां अनुमति लेने के लिए भीड़ बढ़ने की संभावना है।

> शहर के कई क्षेत्रों में ड्रोन उड़ाने के लिए सिटी मजिस्ट्रेट की अनुमति अनिवार्य होगी। धारा 144 के तहत यह प्रविधान शामिल किया गया है। बिना अनुमति के गोरखनाथ मंदिर, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय सोनबरसा, रेलवे स्टेशन, एम्स एवं एचयूआरएल के दो किलोमीटर परिधि में ड्रोन नहीं उड़ाया जा सकेगा।
>
> **अंजनी कुमार सिंह**, अपर जिलाधिकारी नगर

**यह देना होगा विवरण:** ड्रोन उड़ाने की अनुमति प्राप्त करने के लिए आवेदक को नाम, पूरा पता, थाना, दूरभाष नंबर, कार्यक्रम का उद्देश्य एवं स्वरूप, कार्यक्रम का स्थल, थाना का नाम, कार्यक्रम स्थल पर संबंधित व्यक्ति से ड्रोन उड़ाने की सहमति ली गई है या नहीं, कार्यक्रम किस तिथि को कब से कब तक है, कार्यक्रम में भाग लेने वाले व्यक्तियों की अनुमानित संख्या, शामिल होने वाले विशिष्ट व्यक्तियों की संख्या आदि विवरण देना होगा। अनुमति जारी होने से पहले संबंधित थाने से रिपोर्ट भी मंगाई जाएगी।

**ड्रोन रोकने को गोरखनाथ मंदिर के चारों ओर लगेगी जियो फैंसिंग:** गोरखनाथ मंदिर परिसर ड्रोन की उड़ान से पूरी तरह सुरक्षित रहेगा। इसके लिए मंदिर परिसर के आधा किलोमीटर परिधि में जियो फेंसिंग (बाड़) लगाया जाएगा। कोई भी पंजीकृत ड्रोन इस बाड़ को पार नहीं कर सकेगा।

ड्रोन उड़ाने वाला कोई व्यक्ति यदि बाड़ को पार करने का प्रयास करेगा तो उसका नियंत्रण ड्रोन से खत्म हो जाएगा। इस कार्य के लिए कार्ययोजना बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एयरफोर्स से भी इसके लिए अनुमति ली जा सकती है। ड्रोन अब केवल रिकार्डिंग के लिए ही प्रयोग नहीं होते। इससे कई तरह के कार्य लिए जा रहे हैं। इसको देखते हुए इससे सुरक्षा भी जरूरी हो गई है। गोरखनाथ मंदिर परिसर की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। अभी तक कोई मंदिर परिसर के ऊपर से भी ड्रोन उड़ा सकता था लेकिन अब यह संभव नहीं होगा।

जियो फैंसिंग के साथ ही लेजर गन का भी उपयोग किया जा सकता है, जिससे यदि कोई ड्रोन आसपास नजर आएगा तो उसे संचालक के नियंत्रण से अलग कर दिया जाएगा। प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी ड्रोन से सुरक्षा को लेकर रूपरेखा तैयार करने में जुटे हैं।

**कई बार वीआइपी क्षेत्र के ऊपर से उड़ाए गए हैं ड्रोन:** कोई प्रतिबंध न होने के कारण कई बार वीआइपी क्षेत्र के ऊपर से ड्रोन उड़ाए गए हैं। इससे कई ऐसी तस्वीरें ड्रोन कैमरे में कैद हो जाती हैं, जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। इस स्थिति की सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील मानते हुए ड्रोन की उड़ान को नियंत्रित करने के उपाय किए जा रहे हैं।

# 149 वाहनों का चालान, आठ सीज



गोरखपुर। यातायात पुलिस ने बिना हेल्मेट व कागजात के वाहन चला रहे लोगों के खिलाफ बुधवार को कार्रवाई की। इस दौरान 149 वाहन चालक बिना हेलमेट के मिले, जिनका चालान किया गया। बिना कागज के वाहन चला रहे आठ लोगों के वाहनों को सीज किया गया। ब्यूरो

## पहले भी पकड़े जा चुके हैं नकली नोट

- **3 जुलाई 2022:** कैंट पुलिस ने बांसगांव के फफरुद्दीन और बिहार के राजन तिवारी को नकली नोटों के साथ पकड़ा।
- **एक दिसंबर 2020:** बांसगांव पुलिस ने बेलघाट के बारपार निवासी धर्मपाल को एक लाख रुपये के नकली नोट के साथ पकड़ा।
- **एक दिसंबर 2020:** सिकरीगंज इलाके में नकली नोट संग सब्जी व्यापारी गिरफ्तार, 233 नोट बरामद हुए।
- **30 अगस्त 2019:** नकली नोटों के साथ बांसगांव इलाके में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया। एक महिला भी पकड़ी गई।
- **27 मई 2018:** झंगहा इलाके में सौ-सौ रुपये के चार नोट संग देवरिया, पोखरा निवासी पप्पू निषाद को पुलिस ने पकड़ा। वह कई दिनों से रुपये मार्केट में चला रहा था।
- **7 मार्च 2018:** राजघाट इलाके में शातिर त्रिभुवन सिंह और उसके साथी यूनुस को गिरफ्तार कर पुलिस ने नकली नोट सहित अन्य सामान बरामद किए।
- **04 दिसंबर 2019:** देवरिया जिले के रामपुर कारखाना में नकली नोट संग तीन लोग पकड़े गए। सौ-सौ रुपये के 49,990 रुपये बरामद हुए।
- **12 अप्रैल 2016:** गोरखनाथ इलाके के हुमायूंपुर मुहल्ले में पुलिस ने अक्षय यादव को गिरफ्तार किया। स्कैनर और प्रिंटर के जरिए वह नकली नोट छापकर मार्केट में चलाता था।

## आसानी से पकड़ में नहीं आ रहे थे नकली नोट

**पुलिस** की जांच में यह भी सामने आया है कि नोट को आसानी से नहीं पकड़ा जा सकता था। बैंक के मशीन में भी नोट नहीं पकड़ में आ रहे थे। एसपी साउथ ने बताया कि नौ अक्तूबर 2022 को पुलिस ने देवरिया के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बर्दगोनिया सुदामा चौक निवासी जग्गा उर्फ जगरनाथ और गोरखपुर के गगहा थाना क्षेत्र के गडही निवासी विक्रम जायसवाल को गिरफ्तार किया था। तब भी यह बात सामने आई थी कि कुछ लोग और इस धंधे में जुड़े हैं।

### कमीशनबाजी का भी खेल

**नकली नोट खपाने में** कमीशनबाजी के खेल का भी पता चला है। आरोपियों ने इसे स्वीकार भी किया है। एक आरोपी को दस हजार नकली नोट खपाने के एवज में तीन हजार रुपये देने का भरोसा मिला था। इसके बाद ही गांव के कई लोग इस काम में जुड़ गए थे।

# अमरूतानी फिर बदनाम, अब किशोरी को बंधक बना दरिंदगी

## बहाने से ले जाकर इनामी बदमाश के बेटे ने की वारदात

### लूट, हत्या की कोशिश सहित पांच केस पहले से हैं दर्ज

### जमानत पर छूटा था आरोपी

गोरखपुर। राजघाट इलाके के अमरूतानी में यू-ट्यूबर से सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद अब एक किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। खबर है कि आरोपी ने सोमवार को 13 साल की किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। मंगलवार को किशोरी के घरवालों को जानकारी हुई तो पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अविनाश अमरूतानी का ही रहने वाला है।

अमरूतानी के पास की ही रहने वाली 13 साल की किशोरी किसी काम से घर से निकली थी। सोमवार को आरोपी अविनाश ने उसे खाने-पीने का सामान दिलाने का लालच देकर साथ ले गया। अमरूतानी में ले जाकर अर्द्धनिर्मित मकान में बंधक बना लिया। पूरी रात उससे दुष्कर्म किया। मंगलवार की सुबह होश में आई किशोरी किसी तरह से घर पहुंची और आपबीती बताई। बेटी की आपबीती सुनने के बाद मां के होश उड़ गए।

मां, बेटी को लेकर राजघाट थाने पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल आरोपी पर बंधक बनाकर दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर लिया। आरोपी को मंगलवार की शाम में पुलिस ने दबोच लिया। इस संबंध में एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि अविनाश कुछ दिन पहले ही जमानत पर छूटकर घर आया था। उसके खिलाफ लूट, हत्या की कोशिश सहित पांच केस पहले से दर्ज हैं। उसके पिता संपत पर भी 25 हजार रुपये का इनाम है और वह तीन साल से फरार है। ब्यूरो >> संबंधित पेज 4 पर

# नोट बनाने वाले वीडियो ने चमकाया और जेल भी पहुंचाया

## देवरिया में गिरोह चलाने वाला जग्गा पकड़ा गया तो राहुल ने खुद शुरू कर दी नकली नोट बनाने की फैक्टरी, लोगों से ठगी भी करने लगा था

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। नकली नोट के धंधे में पकड़ा गया देवरिया का राहुल सिंह अपने बेटे अवनीश और साथी चांद मोहम्मद के साथ छह साल से नकली नोटों का धंधा चला रहा था। देवरिया के जग्गा के पकड़े जाने के बाद कुछ दिन मामला शांत रहा, मगर फिर सब ठगी का धंधा करने लगे। इसी ठगी के धंधे को चमकाने के फेर में एक वीडियो बनाया गया, जिसमें केमिकल की मदद से काले रंग के कागज से नोट बनाए जाने की बात कही।

चांद मोहम्मद का बनाया यह वीडियो खूब वायरल भी हुआ। यही वीडियो पुलिस के हाथ लगा, जिसके बाद पुलिस नकली नोट छापने वालों तक पहुंची और तीनों को जेल भेजा।




आरोपियों के पास से बरामद 200 के नकली नोट और नोट बनाने के लिए इस्तेमाल में लाए जाने वाले सामान। अमर उजाला

**मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी थी पुलिस** गगहा पुलिस ने पहले भी नकली नोटों के साथ कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की छानबीन भी हुई थी, लेकिन पुलिस मुख्य आरोपी तक नहीं पहुंच सकी थी। अब दोबारा मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि इस बार नकली नोटों से जुड़ी हर कड़ी तक पहुंचने की कोशिश होगी। गिरोह को खत्म किया जाएगा।

दरअसल नकली नोट के मामले में पकड़ा गया राहुल सिंह, देवरिया में गिरोह चलाने वाले जग्गा उर्फ जगरनाथ के साथ मिलकर यह अवैध धंधा चलाता था। जग्गा नकली नोट छापने में माहिर था। राहुल ने साथ रहकर पहले नकली नोट छापना सीखा। जब गगहा इलाके में नौ अक्तूबर 2022 को जग्गा पकड़ा गया, तो राहुल स्वतंत्र रुप से यह अवैध धंधा करने लगा।

पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे डिमांड के आधार पर नकली नोट छापते थे। पहले से नोट छापकर नहीं रखते थे, क्योंकि इसमें पकड़े जाने का डर था। जब ग्राहक नोट लेने को तैयार हो जाता था, तब उतने ही नोट छापते थे और फिर उसे खपा दिया जाता था।

हालांकि इतनी सजगता के बावजूद पुलिस, आरोपियों तक पहुंच गई। जांच में सामने आया है कि नकली नोट के अलावा आरोपी, ठगी का भी काम करते थे। काले कागज के साथ केमिकल बेचते थे। फिर लोगों से कहते थे, इस केमिकल को घर जाकर डाल देना, नोट बन जाएगा। इसके लिए काले रंग के कागज को इन लोगों ने 200 रुपये के नोट के साइज में काटकर रखा भी था, इसके लिए एक नोट के बदले 50 रुपये लेते थे।

### चूना लगाने पर छूटा नकली नोट का रंग

आरोपियों के पास मिले नकली नोट को पहचानने में पुलिस के साथ ही बैंककर्मियों के भी पसीने छूट गए। आरोपियों से सख्ती से पूछताछ में पता चला कि नोट पर चूना लगाना पड़ेगा। चूना लगाते ही नोट का रंग छूटने लगेगा। पुलिस के ऐसा करने पर कुछ देर बाद नकली नोट से रंग छूटने लगा। पुलिस ने असली नोट पर भी चूना लगाकर देखा, लेकिन रंग नहीं छूटा। हालांकि असली नोट पर चूना लगाने की मनाही है।

GLA UNIVERSI

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023

# पारम्परिक तरीके से ही मनाएं जन्माष्टमी : सीओ

लार (एसएनबी)। कस्बा लार में जन्माष्टमी और उसके अगले दिन निकलने वाली डोल मेला को लेकर लार चौकी पर एक शान्ति कमेटी की बैठक की गई। बैठक में लार कस्बे के सभी डोल आयोजक के अलावा अनेक सम्भ्रांत व नगरवासी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से डोल मेला निकलने वाली रुट और साफ सफाई पर चर्चा की गई। कुछ लोगो ने बिजली की समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया। बैठक में उपस्थित क्षेत्राधिकारी श्रेयश त्रिपाठी ने कहा कि जुलूस मेला के दौरान किसी तरह का हथियार आदि के प्रदर्शन पर रोक रहेगी। उन्होंने गत दिनों मदनपुर में हुई घटना की चर्चा करते हुए मानक अनुरूप ही डीजे बाधने की अपील की।

# एक पखवारा बाद भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा मास्टर माइंड सुबाष

बरहज (एसएनबी)। सेक्स स्कैण्डल का मास्टरमाइंड सुवाष चौहान के ऊपर मुकद्मा दर्ज होने के एक पखवारा बाद भी वह अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। सूत्रों की मानें तो वह पुलिस से बचकर न्यायालय में कभी भी हाजिर हो सकता है। इस काण्ड से जुड़े 3 आरोपियों में बैजनाथ उर्फ बडकू यादव, रवि चौहान तथा बैजनाथ यादव की तथाकथित पत्नी सुनीता यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुख्य साजिशकर्त्ता नगर के तिवारीपुर निवासी सुवाष चौहान अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने कई जगह छापेमारी किया। मोबाइल नम्बरों को सर्विलांस पर ट्रेस किया जा रहा है लेकिन अभी भी उसका सही लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। बीच में पुलिस ने दबाव बनाते हुए उसकी पत्नी व बहु को पूछताछ के लिए थाने पर लायी थी। पुलिस की पकड़ से दूर सुवाष न्यायालय में हाजिर होने की पूरी प्लानिंग तैयार कर ली है। कभी भी न्यायालय में सरेण्डर कर सकता है। गौर तलब है कि देवरिया के एक कालोनी में किराये का कमरा लेकर लोगों को फोन से बुलाकर कमरे के अन्दर सेक्स का वीडियो बनाकर बाद में वीडियो क्लिप दिखाकर ब्लैकमेल कर मोटी रकम वसूलते थे। इस काण्ड में शामिल महिला के विरोध के बाद इस सेक्स स्कैण्डल का भण्डाफोड़ हो गया और दर्जनों लोग स्कैण्डल के शिकार हो गये।

# चोरी की बाइक के साथ दो को भेजा जेल

रुद्रपुर (एसएनबी)। रुद्रपुर कस्बा इंचार्ज केशवराम मौर्या अपने हमराही सिपाही रमाकान्त भारती, उमेश चौहान, पंकज कुमार, गोकुलेश उपाध्याय, संदीप गहलोत के साथ रात को क्षेत्र भ्रमण पर थे, कि जरिये अभियुक्त को सूचना मिली कि, अलग-अलग चोरी की मोटरसाईकिल से बाइक पर सवार होकर चोर भभौली चौराहे की ओर से श्री दुग्धेश्वर नाथ मंदिर की ओर बाइपास रास्ते से आ रहे हैं। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने विश्वास करते हुए बाईपास चौराहे पर पुलिस बल द्वारा नाका बंदी करते हुए मोटरसाईकिल चालकों से दबिश देकर घेराबंदी करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। जिसमें आरोपी भोला यादव पुत्र कोमल यादव नशहरा वार्ड, छोटू मद्धेशिया पुत्र इन्द्रासन निवासी गोला वार्ड थाना रुद्रपुर को पूर्वी बाईपास चौराहे पर लगभग 5 बजे शाम गिरफ्तार करके उनके कब्जे से दो अदद चोरी की मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स यूपी 52 ए.ई. 6532 का मुकदमा रुद्रपुर कोतवाली में लिखा गया था। वहीं दूसरी मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स यूपी 52 ए. एक्स. 2661 का मुकदमा अपराध संख्या 684/2023 धारा 379 के तहत सदर कोतवाली देवरिया में दर्ज किया गया था।

# रसीद दिखाने पर भी दुधारू पशु लदी पिकअप कर दिया सीज

सलेमपुर। पुलिस ने रसीद दिखाने के बावजूद एक पशुपालक की गाय लदी पिकअप को सीज कर दिया और गाय को गौर आश्रय में भेज दिया। पुलिस के रवैया से पशुपालक परेशान है।

बनकटा क्षेत्र के सुंदरचक गांव निवासी ओम प्रकाश यादव ने बताया कि वह मेले से दो दुधारू गाय ला रहे थे। उसी दौरान मझौलीराज पुलिस चौकी उनका वाहन रोक लिया । उन्होंने गाय खरीदने की रसीद भी पुलिस को दिखाया लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे फर्जी बताते हुए लेने से इंकार कर दिया।

# वकीलों के प्रदर्शन के दौरान पुलिस से मारपीट, केस

देवरिया।

सहारा न्यूज ब्यूरो

हापुड की घटना को लेकर दीवानी व कलेक्ट्री के अधिवक्ताओं ने मिलकर कचहरी में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट परिसर होते हुए पूर्वान्ह सवा ग्यारह बजे कचहरी रोड़ स्थित शिव मंदिर के पास पहुंचे। वहां चक्का जाम का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस वालों ने अधिवक्ताओं को रोककर समझाने का प्रयास किया। अधिवक्ता उग्र हो गये। वहां पर पुलिस वालों से मारपीट हो गयी। सिपाही श्रवण कुमार घायल हो गये। उन्होंने देवरिया सदर कोतवाली में अधिवक्ता संदीप पाल सिंह समेत 40-50 अधिवक्ताओं के खिलाफ तहरीर दिया। सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने अधिवक्ताओं के खिलाफ हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा डालने, शस्त्र लूटने का प्रयास करने आदि गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना से पुलिस यह मान कर चल रही है कि उसका मनोबल घटा । उधर अधिवक्ता अपने खिलाफ एफआईआर के बाद आक्राशित हो गये है। लोगों का कहना है कि यदि मामला रफा-दफा नही हुआ तो अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रह सकते है।

समाजवादी अधिवक्ता सभा की बैठक कचहरी रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर हुई, जिसमें हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज की निन्दा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सपा अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष दिव्यांश पति त्रिपाठी ने कहा कि जनपद हापुड़ में गत 29 अगस्त को पुलिस के द्वारा अधिवक्ताओं पर किया गया लाठी चार्ज प्रदेश के न्यायिक व्यवस्था के लिए काला दिन साबित हुआ। एडवोकेट अभय कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री को तत्काल अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम लागू करना चाहिए। एडवोकेट नरेन्द्र यादव ने कहा कि चोटिल अधिवक्ताओं को प्रदेश सरकार द्वारा मुआवजा देना चाहिए। एडवोकेट फिरोज अख्तर ने कहा कि प्रदेश सरकार तानाशाह हो चुकी है। बैठक में हरिकिशोर यादव, उदय यादव, फैजान आलम, मनोज विश्वकर्मा, नन्दलाल यादव, सच्चिदानन्द यादव, संजय यादव, इसराफिल अंसारी, इस्माइल अंसारी, सुधीर तिवारी, रत्नाकर शुक्ल, शकील अहमद, नुमान अहमद, अशोक पटेल, हरिराम यादव, अजय कुमार शर्मा, विनीत यादव, राजेश चौरसिया, संतोष यदुवंशी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज का स्वतः संज्ञान ले मुख्यमंत्री



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते अधिवक्तागण।

देवरिया (एसएनबी)। बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट बार एसोशिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने हापुड में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज की कड़ी निन्दा किया। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि हम इस घटना से बहुत ही आहत व मर्माहत है । जिलाधिकारी को सौंपे मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में स्वतः संज्ञान लेने व कार्यवाही की मांग किया गया है। अधिवक्ताओं द्वारा जिलाधिकारी को सौपें गये ज्ञापन में दोषी पुलिसकर्मियों व आदेश निर्गत करने वाले अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की गयी है। ज्ञापन में बर्बरता पूर्वक की गयी पुलिसिया कार्यवाही को स्वतंत्र भारत में ब्रिटिश हुकूमत के लार्ड जनरल डायर से तुलना करते हुए जलियावाला बांग के घटना की पुनरावृत्ति करार दिया है। बार एसोशिएशन ने लिखा है कि निहत्थे हजारों अधिवक्ताओं पर पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार कार्यवाही निन्दनीय है। प्रदेश भर में अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले को गम्भीरता पूर्वक विचार कर कठोर कार्यवाही के निर्देश जारी किये जाय। इस दौरान अधिवक्तागण मंत्री ज्ञानेश्वर मिश्र के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौप दिया।

# चोरी की दो बाइक के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। चोरी की दो बाइकों के साथ पुलिस ने दो लिफ्टरों को दबोच लिया। लिफ्टरों ने एक बाइक को श्री दुग्धेश्वरनाथ मन्दिर परिसर तथा दूसरी को देवरिया कचहरी से चुराया था। पुलिस ने दोंनों को न्यायालय भेज दी। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बुधवार की सुबह करीब पांच बजे कस्बा इंचार्ज केशव राम मौर्या की टीम ने पूर्वी बाइपास चौराहा पर दोनों बाइकों को रोक दिया। दोनों युवक बाइक छोड़कर भागना चाहते थे, लेकिन पुलिस नें दबोच लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि दोंनो बाइक चोरी की हैं। जिसमें एक मामले में रुद्रपुर कोतवाली और दूसरे मामले में देवरिया सदर कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार दोनों चोर रुद्रपुर नगर के रहने वाले हैं।

# पिकअप से पांच गोवंश पशु बरामद

भाटपाररानी। पुलिस ने थाना क्षेत्र के फुलवरिया के निकट से गोवंश पशुओ के साथ पिकअप को मुखबीर की सूचना पर पकड़ लिया। हलां कि पुलिस को देख कर पशु तस्कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार बुधवार की भोर में मुखबीर से सूचना मिली कि पशु तस्कर पिकअप पर पशुओ को लाद कर फुलवरिया होते हुए बिहार जाने की फिराक में है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए फुलवरिया चौराहा पर मोर्चाबंदी कर लिया। पुलिस को देख पशु तस्कर अंधेरा का फायदा उठाते हुए भाग निकले। पुलिस पिकअप से दो गाय एवं पांच बछड़ा बरामद कर लिया है।

# सीओ, विवेचक पर कार्रवाई का आदेश

- सीजेएम ने अपहरण, दुष्कर्म करने के आरोपी को रिहा करने का दिया आदेश
- विवेचक व सीओ सदर पर कार्रवाई को एसपी, डीएम को पत्र लिखने का भी दिया आदेश

देवरिया, विधि संवाददाता। बिना किसी साक्ष्य के न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करना थाना कोतवाली की उप निरीक्षक अंतिमा मौर्या व क्षेत्राधिकारी सदर पर बुधवार को भारी पड़ गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी की अदालत ने आरोपी अनमोल को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश देते हुए विवेचक के आरोप पत्र को निरस्त कर दिया। उन्होंने विवेचक व सीओ सदर के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने को पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित कर दिया न्यायालय को एक सप्ताह में अवगत कराने का आदेश दिया।

सदर कोतवाली की एक गांव की महिला ने 25 सितंबर 2022 को हुई घटना के बाबत थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसकी पुत्री किसी लड़के से छिपकर मोबाइल से बात करती थी और वह कहीं चली गई है। सदर कोतवाली में मुकदमा धारा 363 में दर्ज हुआ। विवेचक ने विवेचना कर 363, 366, 376 में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया। मामला गंभीर होने के कारण आरोपी जेल में बंद था। आरोप पत्र पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पाया कि विवेचक अंतिमा मौर्य ने बिना किसी साक्ष्य व आधार के दलित उत्पीड़न व पाक्सोएक्ट की बढ़ोतरी करके मामले को न केवल गंभीर बना दिया, बल्कि आरोपी को जेल में बंद रहने को मजबूर कर दिया। जज ने पाक्सो अधिनियम का अपराध नहीं पाए जाने पर मामले को मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट की अदालत में भेज दिया। अदालत ने पाया कि पीड़ित ने कलम बंद बयान में कहा है कि उसके साथ कोई दुष्कर्म नहीं हुआ है न ही उसे किसी ने भगाया है। वह स्वयं गई थी और अब अपने मां-बाप के साथ रहना चाहती है। पीड़ित की मां ने भी न्यायालय में यह कहा कि उसकी लड़की का न अपहरण न दुष्कर्म हुआ है। पीड़िता के कलम बंद बयान को मुख्य साक्ष्य मानकर अदालत ने विवेचना में लापरवाही व बिना किसी ठोस साक्ष्य के गंभीर धाराओं में आरोप पत्र प्रेषित करने पर कड़ा रुख अख्तियार किया।

# पेड़ से लटकता मिला विशालकाय अजगर

भटनी। क्षेत्र के तेन्दुआ में एक विशालकाय अजगर पेड़ से लटकता हुआ मिला। अजगर मिलने की सूचना पर आस पास के लोग जुट गए। गांव के अमित कृष्णा आदि के प्रयास से उसे पेड़ से उतारा गया। अजगर को ग्रामीणों ने पकड़कर बोरे में भर दिया तथा इसकी सूचना वन विभाग को दी। विभागीय कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर अजगर को कब्जे में ले लिया। करीब सात फीट लम्बे अजगर को देख ग्रामीण दहशत में थे।

# मारपीट के मामले में जेल में बंद शिक्षक निलंबित

देवरिया, निज संवाददाता। मारपीट के मामले में जेल गये प्राथमिक विद्यायल के एक शिक्षक को बीएसए शालिनी श्रीवास्तव ने बुधवार को निलंबित कर दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी की रिपोर्ट पर बीएसए ने शिक्षक के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है।

रामपुर कारखाना विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय पिपरहिया भरत राय में सहायक अध्यापक पद पर तैनात धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पर विशुनपुर चिरकिहवा के ग्राम प्रधान अरूण कुमार राव की तहरीर पर रामपुर कारखाना थाने की पुलिस ने 25 अगस्त को धारा 147, 323, 325, 336, 352, 392, 427, 504 व 506 में मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले में शिक्षक धर्मेन्द्र मिश्र को 28 अगस्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट भेजा कि 28 अगस्त से ही शिक्षक धर्मेन्द्र मिश्र जेल में हैं। बुधवार को बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय पिपरहिया भरत राय में सहायक अध्यापक धर्मेन्द्र कुमार मिश्र को निलंबित कर दिया।



बुधवार को रुद्रपुर-देवरिया मार्ग जाम कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

# रुद्रपुर में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, सड़क जाम की

रुद्रपुर, हिन्दुस्तान संवाद। हापुड़ की घटना को लेकर रुद्रपुर के अधिवक्ताओं ने बुधवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रज विहारी पाण्डेय के नेतृत्व में रुद्रपुर-देवरिया मुख्य मार्ग पर सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। फिर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी को सौंपे। इस दौरान महामंत्री शशिभूषण मिश्र, विनोद कुमार पाठक, बलवन्त कुमार, राजशरण सिंह, रमेश चन्द्र मणि, आनन्द प्रकाश मिश्र, प्रमोद कुमार सिंह, परमहंस यादव व अन्य रहे।

**भाटपाररानी, रुद्रपुर, सलेमपुर व बरहज में भी हुआ प्रदर्शन :** हापुड़ की घटना के विरोध में भाटपाररानी, रुद्रपुर, बरहज और सलेमपुर तहसील में भी अधिवक्ताओं ने आंदोलन किया। भाटपाररानी संवाद के अनुसार यहां तहसील बार के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता के नेतृत्व में एसडीएम अंगद यादव को ज्ञापन सौपा गया। सलेमपुर में अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्रजेश मिश्र, प्रमोद तिवारी, परमानन्द यादव, वेद प्रकाश शाह व अन्य रहे।

### हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की घटना के विरोध में सड़क पर उतरे अधिवक्ता

# अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन पुलिस कर्मियों से धक्का-मुक्की

देवरिया, हिन्दुस्तान टीम। हापुड़ में वकीलों पर लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को देवरिया में अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर जोरदार प्रदर्शन किया। कचहरी चौराहे पर प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए सिविल लाइन रोड जाम हो गया। उसी दौरान एक सिपाही की पिटाई भी कर दी। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंप लाठी चार्ज मामले में हापुड़ के डीएम, एसपी व जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों, कर्मियों को सस्पेंड करने तथा घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की।

हापुड़ में मंगलवार को अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज हुआ था। इस घटना के विरोध में बुधवार को उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर जिला बार एसोसिएशन, कलेक्ट्रेट बार और सेंट्रल बार ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर संयुक्त रूप से विरोध प्रदर्शन किया। कचहरी पहुंचे अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सिविल लाइन रोड पर आ गए। बड़ी संख्याओं में अधिवक्ताओं ने कचहरी चौराहे पर कुछ देर के लिए सड़क जाम कर दिया। इससे दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गयी। अधिवक्ताओं के आंदोलन की जानकारी होते ही कुछ देर में पुलिस और पीएसी मौके पर पहुंच गई। इस दौरान आक्रोशित अधिवक्ताओं ने पुलिसकर्मियों से भी धक्का- मुक्की भी किया। उसी दौरान कोतवाल के हमराही श्रवण कुमार की पिटाई भी कर दी। आंदोलन के चलते कचहरी में कोई कामकाज नहीं हो सका और अधिकांश फरियादियों को निराश होकर लौटना पड़ा। अधिवक्ताओं ने घटना को लेकर जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इसमें हापुड़ के डीएम, एसपी, कोतवाल तथा अन्य लाठी चार्ज के लिए दोषी अन्य पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने व घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सिंहासन गिरी, सचिन अरुण कुमार उपाध्याय, पूर्व सचिव मनोज कुमार मिश्र, मनोज कुमार राय, प्रेम नारायण मणि त्रिपाठी, अजय उपाध्याय, मनोज कुमार विश्वकर्मा, शक्तिधर पांडे, ऋषि राज मिश्रा, पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र त्रिपाठी, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चंद्र मिश्र, मंत्री ज्ञानेश्वर मिश्र प्रीतम, सेंट्रल बार के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, अधिवक्ता रमेश चंद पांडे, राकेश मिश्रा, अशोक सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम श्रीवास्तव, निरंजन सिंह बघेल, सत्य प्रकाश शुक्ला, अरविंद कुमार तिवारी आदि शामिल रहे।



हापुड़ में लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को कचहरी चौराहे पर सड़क जाम कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान



प्रदशर्न के दौरान पुलिसकर्मियों और अधिवक्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हो गई।

## पुलिसकर्मी को चांटा मारते वीडियो वायरल

अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को लेकर एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। जिसमें एक व्यक्ति एक पुलिसकर्मी को चांटा मारते हुए दिख रहा है। हालांकि इस दौरान कुछ लोग उक्त पुलिसकर्मी को बचाते हुए भी दिख रहे हैं। हिन्दुस्तान वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

- प्रदर्शन के चलते कुछ देर तक जाम रहा सिविल लाइन क्षेत्र

## सिपाही की तहरीर पर अधिवक्ताओं पर केस

अधिवक्ताओं के प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मी की पिटाई के मामले में कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस ने कोतवाली में तैनात श्रवण कुमार की तहरीर पर अधिवक्ता संदीप पाल व 50 अज्ञात पर बलवा, सरकारी कार्य में में बाधा समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

# जिले में महिलाओं को जालसाज बना रहे निशाना

जासं, देवरिया: जिले में महिलाओं को जालसाज इन दिनों सर्वाधिक निशाना बना रहे हैं। भोलीभाली महिलाओं को ज्यादा रुपया देने व भूमि दिलाने का लालच देकर जालसाज ठगी कर रहे हैं। जिले में तीन दिनों के अंदर आए प्रकरण में 7.20 करोड़ से अधिक की ठगी का मामला केवल कोतवाली क्षेत्र में आया है। एक प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

- भूमि दिलाने समेत विभिन्न तरह से महिलाओं से हो रही जालसाजी
- तीन दिनों में जालसाजी के मामलों में 60 महिलाएं बनी है निशाना

**केस 1** सलेमपुर कोतवाली के अनुआपार गांव की रहने वाली ज्योति मौर्या ने शहर की 30 महिलाओं को भूमि बेहतर दिलाने व अधिक रुपया कमवाने का लालच देकर 6 करोड़ 80 लाख रुपये की ठगी की है। इस मामले में पुलिस आठ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

**केस 2** शहर के भटवलिया की रहने वाली एक महिला ने 20 महिलाओं को भूमि दिलाने समेत विभिन्न तरह का लालच देकर 40 लाख रुपये की ठगी की है। इस मामले में ठगी की शिकार महिलाओं ने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। हालांकि इस मामले में मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

**केस 3** रामनाथ देवरिया की रहने वाली ऊषा देवी ने बेटे को नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति को तीन लाख रुपये दी हैं, अब वह देने से इन्कार कर रहा है। इस मामले में ऊषा देवी ने भी कोतवाली पुलिस से शिकायत की है।

**केस 4** अधिक रुपया दिलाने के नाम पर एक प्राइवेट फाइनेंस के कर्मचारी ने महिलाओं का पुराना ऋण जमा करने के नाम पर 7.20 लाख रुपये डकार लिया है। इस मामले में पीड़ित महिलाओं ने कोतवाली पहुंच अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस इस प्रकरण की जांच कर रही है।

"महिलाओं जालसाजी एक प्रकरण में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। अन्य प्रकरणों की जांच की जा रही है। शिकायत की पुष्टि होने पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

**श्रीयश त्रिपाठी,** सीओ सिटी।

# 11 लोगों पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

**जासं, देवरिया :** भलुअनी थाना क्षेत्र के जरार मानिक गांव में एक सप्ताह पहले हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 11 लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। गांव के बीरबल यादव का कहना है कि 23 अगस्त को कुछ लोगों ने मारपीट की। पुलिस ने गांव के जयराम यादव, मुन्ना यादव, रामविश्वास यादव, रामाधार यादव, सत्यम यादव, अमन यादव, स्वतंत्र सिंह, ऊषा देवी, प्रिया यादव, विक्रम सिंह व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# सरगनाओं तक नहीं पहुंच पा रहे पुलिस के हाथ

**जासं, देवरिया**: साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए जिले में साइबर सेल है। रुपया तो पुलिस वापस करा दे रही है, लेकिन साइबर सरगनाओं तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पा रहे हैं। पुलिस की सख्त कार्रवाई न होने के चलते साइबर अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस साइबर सेल है, इसमें प्रभारी के रूप में उप निरीक्षक समेत पांच पुलिसकर्मियों की तैनाती है। हर दिन जिले में साइबर अपराध हो रहे हैं और लोग अपनी शिकायतें लेकर एसपी कार्यालय से लेकर साइबर सेल में दौड़ लगा रहे हैं।

अगर किसी के खातें से रुपये ट्रांसफर किए गए हैं तो वह रुपया तो साइबर सेल की टीम कुछ दिनों में वापस करा दे रही है, जिसके चलते साइबर अपराध पर भी अंकुश नहीं लग पा रहा है।

# 17 लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

**देवरिया**: भाटपाररानी के मदनचक गांव में रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 17 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। गांव की उर्मिला देवी का कहना है कि 4 अगस्त को पट्टीदारों ने उनके दरवाजे पर पहुंच कर मारपीट की। साथ ही तोड़फोड़ कर सामान को नुकसान पहुंचा दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने गांव के अभिराज, कृष्णावती देवी, रमिता, बबिता, पूनम, रुबी, मीरा, रामवृक्ष यादव, राकेश यादव, मनीष यादव, संतोष यादव, संदीप यादव, आदित्य यादव, मुन्ना यादव, निर्मला यादव, जयमंगल यादव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

**महिला से छेड़खानी, मुकदमा** : देवरिया: भटनी के एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि वह अपने घर में भोजन पका रही थी, इस बीच पड़ोस का राजू कुशवाहा पहुंच गया और अश्लील हरकत करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया।

# चोरी की बाइक के साथ दो शातिर गिरफ्तार




चोरी की बाइक के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • जागरण

**जासं, रुद्रपुर:** उपनगर के भभौली चौराहे से पूर्वी बाइपास रोड से पुलिस ने दो शातिर चोरों को चोरी की दो बाइकों के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

- रुद्रपुर के भभौली चौराहे से पुलिस को मिली सफलता
- गिरफ्तार आरोपित पहले भी कई मामलों में भेजे जा चुके हैं जेल

उपनिरीक्षक केशव मौर्या वाहनों की चेकिंग भभौली चौराहे के समीप कर रहे थे। अचानक दो युवक दो बाइक से आते हुए नजर आए। पुलिस टीम ने दोनों को रोक लिया और कागजात मांगा, लेकिन वह कागजात नहीं दे सके। दोनों ने अपना नाम भोला यादव निवासी नसहरा वार्ड व छोटू मद्धेशिया गोला वार्ड रुद्रपुर बताया। दोनों बताया कि यह बाइक दोनों चोरी की है। प्रभारी निरीक्षक नवीन सिंह ने बताया कि दोनों शातिर चोर हैं। दोनों एक साथ ही घटनाओं को अंजाम देते हैं। इसके पहले भी दोनों चोरी की घटनाओं में जेल जा चुके हैं।

# पिकअप से दो गोवंश बरामद, वाहन सीज

जासं, सलेमपुर: मझौलीराज पुलिस चौकी के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो दुधारू गोवंश को बरामद किया। साथ ही पिकअप को सीज कर दिया। मझौलीराज पुलिस चौकी पर पुलिस वाहन जांच कर रही थी। इस बीच सलेमपुर की तरफ से दो गायों को लाद एक पिकअप पहुंचा, पुलिस ने पिकअप को रोक लिया। पिकअप पर बैठे बनकटा थाना के सुरचक निवासी ओमप्रकाश यादव ने बताया कि दोनों गाय दुधारू है और वह मेले से खरीद कर ला रहे हैं।

**सात गोवंश बरामद, तस्कर फरार** : भाटपाररानीः क्षेत्र के फुलवरिया के समीप से पुलिस ने सात गोवंश लदे एक पिकअप को पकड़ लिया। हालांकि तस्कर मौके से फरार हो गए। पिकअप में दो गाय व पांच बछड़े थे। पुलिस तस्करों तक पहुंचने में जुटी हुई है।

# प्रधानाध्यापक के साथ अश्लील हरकत, मुकदमा

**जासं, देवरिया**: परिषदीय विद्यालय की प्रधानाध्यापक के साथ युवक द्वारा अश्लील हरकत व अपशब्द बोलने का मामला प्रकाश में आया है। बरहज पुलिस आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

बरहज विकास खंड के एक परिषदीय विद्यालय में एक महिला प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात है। साथ ही बरहज नगर में निवास करती हैं। उनके गांव का एक युवक उन पर गलत नजर रखता है और तरह-तरह की बातें कहता है। 27 अगस्त को बरहज नगर में उनके साथ अश्लील हरकत की। जिससे वह परेशान हैं। इस मामले में बरहज पुलिस ने आरोपित अमित मिश्रा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# अधिवक्ताओं ने किया सड़क जाम, पुलिस से नोकझोंक

## हापुड़ की घटना के विरोध में हड़ताल पर रहे जिले भर के अधिवक्ता, सिपाही को थप्पड़ मारने के बाद माहौल गरमाया

- सिपाही की पिटाई के मामले को एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने लिया संज्ञान
- मंगाई गई पीएसी, सरकारी कार्य में बाधा डालने को लेकर अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज


कचहरी चौराहे पर सदर कोतवाली प्रभारी से धक्का-मुक्की करते अधिवक्ता • जागरण


पुलिस बल के साथ तैनात सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी • जागरण

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की घटना को लेकर जिले के अधिवक्ताओं में भी बुधवार को गुस्सा दिखा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। जिसके चलते राहगीरों को परेशान होना पड़ा। शहर के कचहरी चौराहे पर मुख्य मार्ग जाम कर विरोध के दौरान वीडियो बना रहे सिपाही को एक व्यक्ति ने थप्पड़ जड़ दिया, जिसके बाद माहौल गरम हो गया। मामले को एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने भी संज्ञान में ले लिया है।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन व दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने हापुड़ में लाठीचार्ज की घटना का विरोध करते हुए बैठक की। इसके बाद अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता कचहरी चौराहे पर पहुंचे और मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील मिश्र ने कहा कि अगर शीघ्र आरोपित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं होती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश चंद मिश्र, मंत्री ज्ञानेश्वर मिश्र प्रीतम ने कहा कि हापुड़ पुलिस की कार्रवाई निंदनीय है।

इस अवसर पर अरुण कुमार उपाध्याय, दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, मंत्री राकेश मिश्रा, सिंहासन गिरि के अलावा बृज [illegible] तिवारी, रामानुज शुक्ल, सुरेश तिवारी, अनिरुद्ध राय आदि अधिवक्ताओं ने घटना की निंदा की। इसके बाद सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी के समझाने के बाद अधिवक्ता माने। वापस लौटते समय एक सिपाही वीडियो बनाने लगा। अधिवक्ताओं के भीड़ में से सफेद शर्ट पहने एक व्यक्ति ने सिपाही को सड़क पर ही थप्पड़ जड़ दिया। यह देख कोतवाली प्रभारी दिनेश मिश्र मौके पर पहुंचे तो उन्हें भी धक्का दे दिया गया। इसके बाद मामला गरम होने लगा। उधर तहसील बार एसोसिएशन के संयोजन में तहसील के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। सलेमपुर संवाददाता के अनुसार सलेमपुर में भी अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बरहज संवाददाता के अनुसार अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया।


कचहरी चौराहे को जाम करते अधिवक्ता • जागरण

### एक नामजद व अज्ञात के विरुद्ध लूट का मुकदमा

**देवरिया:** शहर के कचहरी चौराहे पर सिपाही को थप्पड़ मारने के मामले में पुलिस का शिकंजा अधिवक्ताओं पर बुधवार की शाम कसा गया। कोतवाली में तैनात सिपाही श्रवण कुमार ने तहरीर दी है। जिसमें अधिवक्ताओं के द्वारा पिटाई करने, सरकारी कार्य में व्यवधान डालने, डायरी व कागजात लूट लेने के साथ ही सड़क जाम करने का आरोप लगाया है। सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने अधिवक्ता सुनील सिंह पाल व अज्ञात अधिवक्ताओं के विरुद्ध लूट, बलवा, सरकारी कार्य में व्यवधान, 7 सीएल एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के प्रभारी दिनेश मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है। वीडियो से अज्ञात को ज्ञात किया जाएगा।

# लखनऊ में छह घंटे बवाल, वकीलों ने इंस्पेक्टर और दरोगा को पीटा

## हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदर्शन, एसीपी से धक्कामुक्की

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार सुबह राजधानी में वकीलों ने जमकर बवाल किया। इस दौरान उन्होंने मदेयगंज इंस्पेक्टर और एक दरोगा को बीच चौराहे पर पीटा। बमुश्किल अन्य पुलिसकर्मियों ने दोनों को वहां से बचाकर निकाला। एसीपी हजरतगंज से अधिवक्ताओं की भीड़ ने धक्कामुक्की कर अभद्रता की। पुलिस से काफी देर तक नोकझोंक हुई। वकीलों ने आठ-दस राहगीरों से भी मारपीट की। छह घंटे तक पुलिस के खिलाफ नारेबाजी व हंगामा होता। इसे देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती भी की गई। शाम करीब पांच बजे मामला शांत हुआ।

अपना विरोध जताने के लिए सुबह करीब दस बजे अधिवक्ता इकट्ठा हुए। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में परिवर्तन चौक की तरफ बढ़े। परिवर्तन चौक पर उन्होंने जाम लगा दिया। मौके पर डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत कौशिक, एडीसीपी सेंट्रल मनीषा सिंह, एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा समेत आधा दर्जन थानों की फोर्स और पीएसी के जवान पहुंचे। इसी बीच नारेबाजी करते वकीलों ने राहगीरों से अभद्रता व मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव के दौरान एसीपी हजरतगंज अरविंद वर्मा से अभद्रता की। अफसर उन्हें शांत कराने का प्रयास करते रहे लेकिन हंगामा बढ़ता रहा। करीब डेढ़ घंटे तक वे परिवर्तन चौक पर वकील जमे रहे। उसके बाद वह नारेबाजी करते हुए वापस कचहरी की तरफ गए।

>> संबंधित पेज 4



लखनऊ में प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने पुलिस पर लाठियां बरसाईं। संवाद



वकीलों ने लखीमपुर के एक दरोगा के कपड़े भी फाड़ दिए।

### लाठीचार्ज मामले में एसआईटी गठित

हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज की जांच के लिए प्रदेश सरकार ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन कर दिया है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार बताया कि एसआईटी की अध्यक्ष मेरठ मंडलायुक्त बनाई गई हैं। आईजी मेरठ व डीआईजी मुरादाबाद को भी कमेटी में शामिल किया गया है। कमेटी एक सप्ताह में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

### देवरिया में वकीलों ने सिपाही को पीटा, केस दर्ज

देवरिया। प्रदर्शन कर रहे देवरिया के अधिवक्ताओं ने एक सिपाही को पीट दिया। कचहरी चौराहे पर प्रदर्शन के दौरान कोतवाली में तैनात एक सिपाही ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। इस पर अधिवक्ता भड़क गए और सिपाही को पीट दिया। मामले में देर शाम एक नामजद सहित 50 अधिवक्ताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। >> विस्तृत भीतर

- लखनऊ में परिवर्तन चौक पर प्रदर्शन करने के दौरान वकील जब हजरतगंज की तरफ बढ़ने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस पर उन्होंने अभद्रता शुरू कर दी और आगे बढ़ते गए।

### प्रयागराज : हड़ताल कर कार्रवाई की मांग

इलाहाबाद हाईकोर्ट, राजस्व परिषद, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण, जिला व तहसील अदालतों के साथ सभी न्यायिक और अर्द्धन्यायिक संस्थानों में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। हड़ताल से वादकारियों का कामकाज नहीं हुआ और उन्हें वापस लौटना पड़ा।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

रुद्रपुर। पुलिस ने बुधवार की अल सुबह चोरी की दो बाइक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बाइक चोरी की ताबड़तोड़ हो रही घटनाओं को लेकर पुलिस कई दिनो से परेशान थी। एसएसआई केशव मौर्य के साथ रात्रि गश्त पर निकली पुलिस को सुबह चार बजे सूचना मिला की दो बाइक लिफ्टर बाइक लेकर भभौली से पूर्वी बाइपास होकर मंदिर की ओर जा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर उन्हें पूर्वी बाइपास से गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान नसहरा वार्ड के भोला यादव और गोला वार्ड के छोटू मद्धेशिया के रूप में की गई। संवाद

# गोवंश बरामद, तस्कर फरार

भाटपाररानी। थाना क्षेत्र के फुलवरिया चौराहे पर पुलिस ने बुधवार को सुबह बिहार ले जाए जा रहे गोवंश लदे पिकअप को पकड़ा। पुलिस को देख पशु तस्कर पिकअप छोड़कर फरार हो गए। पुलिस वाहन व गोवंश को थाने लाई। पिकअप में लदे एक बछड़ा ने दम तोड़ दिया था। सुबह गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि तस्कर पिकअप से गोवंश को बिहार ले जाए जा रहे हैं। थोड़ी देर बाद उन्हें सलेमपुर की तरफ से आ रही एक पिकअप दिखाई दी। पुलिस को देख तस्कर पिकअप छोड़कर फरार हो गए। पिकअप में दो गाय और पांच बछड़े लदे थे। पिकअप को थाने लाने के बाद पुलिस ने उन्हें बाहर निकाला। इसमें एक गोवंश ने दम तोड़ दिया था। थानाध्यक्ष टीजे सिंह ने बताया कि गाड़ी नंबर के आधार पर पशु तस्करों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। संवाद

# खनुवा नदी में मिले शव से पल्ला झाड़ रही पुलिस

देवरिया। बघौचघाट थाना क्षेत्र के खनुवा नदी में बुधवार को एक शव बहता दिखाई दिया। सूचना मिलने के बाद भी पुलिस ने शव के कुशीनगर थाना क्षेत्र में होने की बात कह पल्ला झाड़ लिया। इसके बाद शव बहकर आगे चला गया।

बुधवार को खनुवा नदी में एक शव लोगों ने देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कुशीनगर के चौरा थाना क्षेत्र में शव होने की बात की। चौरा थाना पुलिस से बात करने पर उसने बताया कि यह पटहेरवा थाना क्षेत्र में पड़ता हैं। इस बीच घंटों गुजर गए। शव बह रहा था, लेकिन किसी समझ में नहीं आ रहा था कि उसे किस थाने की पुलिस निकलवाएगी। खनुवा नदी कुशीनगर के रामगढ़ ताल से शुरू होते हुए बिहार तक जाती है। बताया जाता है कि मंगलवार शाम को यह शव कुशीनगर जिले के कसया थाना क्षेत्र में देखा गया था। अबतक शव कसया, तरकुलवा, बाघौचघाट, चौरा थाना, पटहेरवा थाना क्षेत्र में दिखा, लेकिन पुलिस लापरवाह बनी रही और शव बिहार प्रांत की सीमा में चला गया। संवाद

# जिले में साढ़े चार हजार सीसी कैमरे कर रहे निगरानी

जासं, देवरिया: जिले में साढ़े चार हजार सीसी कैमरे निगरानी कर रहे हैं। त्रिनेत्र अपराधियों के विरुद्ध एक बड़ा हथियार साबित हो रहा है। हाल के दिनों में अधिकांश घटनाओं का पुलिस ने त्रिनेत्र के सहारे ही पर्दाफाश की है।

पुलिस का अपराध पर अंकुश लगाने पर हर दिन नया कार्य हो रहा है। एडीजी गोरखपुर अखिल कुमार के प्रयास से त्रिनेत्र अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत सार्वजनिक स्थानों पर कैमरे लगाने के साथ ही उसे त्रिनेत्र एप पर लोड किया जा रहा है। साथ ही लोगों के व्यक्तिगत कैमरों का भी डाटा भी एप पर लोड किया जा रहा है। हाल के दिनों में पुलिस को अपराध पर अंकुश लगाने व घटनाओं के पर्दाफाश में सीसी कैमरे मददगार साबित हुए हैं। अब लोगों को पुलिस सीसी कैमरे लगाने के लिए लगातार जागरूक कर रही है।

- त्रिनेत्र बना अपराधियों के विरुद्ध हथियार, हो रही कार्रवाई
- अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को मिल रही मदद

नौ मई को शहर के सदर कोतवाली रोड में गोरखपुर के एक व्यवसायी से 33 लाख रुपये की टप्पेबाजी हुई। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच की और सीसी फुटेज के माध्यम से ही इस घटना का भी पर्दाफाश किया। आरोपित जेल भेजे गए।

सीसी कैमरे लगाने के लिए पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। इससे उनके खुद की सुरक्षा है। अपराध पर अंकुश लग रहे हैं। साढ़े चार हजार कैमरे त्रिनेत्र एप से जोड़े जा चुके हैं। -
संकल्प शर्मा, एसपी।

22 जुलाई को बनकटा थाना के नोनार पांडेय के समीप बिहार के गुठनी थाना के हरपुर के रहने वाले एक युवक की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी और बाइक लूट लिया। इस घटना के पर्दाफाश में पुलिस के लिए सीसी कैमरे का फुटेज ही सहारा बना। इसके बाद पुलिस की तत्परता के चलते बदमाशों की पहचान हुई और चार दिनों के अंदर घटना का पर्दाफाश हो गया।

# पांच लाख के गहने-नकदी उड़ा ले गए चोर, एक को लोगों ने कमरे में बंद किया

## पकड़े गए चोर को लोगों ने पुलिस को सौंपा, सामान लेकर भागे दो अन्य की तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। नगर के एक मोहल्ले में मंगलवार की देर रात चोरों ने एक सुनसान मकान को निशाना बनाया। मकान का ताला तोड़कर 70 हजार नकद समेत पांच लाख के गहने चोरी कर लिए। आधी रात को तोड़फोड़ की आवाज सुन आसपास के लोग जब घटना स्थल पर पहुंचे तो सामान लेकर दो चोर भाग निकले। एक चोर को लोगों ने घर के अंदर घेर लिया गया। लोगों ने चोर की पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया। वहीं पीड़ित पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात सुगही वार्ड निवासी निर्भय जायसवाल नगर के वार्ड नंबर 10 किशोरगंज में रेडीमेड गारमेंट की दुकान चलाते हैं।

मंगलवार रात दुकान बंद कर वह अपने पैतृक गांव लवरछी बरहज चले गए। उनके घर में ताला बंद देख तीन चोरों ने आधी रात को ताला तोड़कर घर के अंदर घुस गए। तोड़फोड़ की आवाज सुन आसपास के लोगों ने जब बाहर निकला तो देखा कि घर का गेट खुला हुआ है और घर के अंदर कुछ लोग तोड़फोड़ कर रहे हैं। लोगों की आहट मिलते ही दो चोर फरार हो गए, जबकि एक चोर घर में घेर लिया गया। लोगों ने उसकी पिटाई कर एसएसआई रामचंद्र सिंह यादव को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर कोतवाली आई जहां पूछताछ चल रही है। पड़ोसी की सूचना पर पहुंचा मकान का मालिक सामान गायब देख अचेत हो गया। पीड़ित ने बुधवार की सुबह तहरीर देकर बताया कि चोरों ने घर के अलमारी में रखे 70 हजार नकद समेत करीब पांच लाख का गहना उड़ा ले गए हैं।

सीओ श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि जानकारी मिली है, जांच की जा रही है।






# विवेचना में लापरवाही विवेचक पर पड़ी भारी

देवरिया। बिना किसी साक्ष्य के आरोपित के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करना थाना कोतवाली की उप निरीक्षक व आरोप पत्र को बिना देखे न्यायालय में भेजना क्षेत्राधिकारी सदर पर बुधवार को भारी पड़ गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी की अदालत ने आरोपी अनमोल को तत्काल जेल से रिहा करने का आदेश देते हुए विवेचक के आरोप पत्र को निरस्त कर दिया। साथ ही विवेचक अंतिम मौर्य व क्षेत्राधिकारी सदर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए एसपी व डीएम को पत्र भेजा है। संवाद

# प्रदर्शन के दौरान वीडियो बना रहे सिपाही को अधिवक्ताओं ने पीटा

## हापुड़ की घटना के विरोध में न्यायिक कार्य से रहे विरत

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस की कार्रवाई की घटना के विरोध में जिले के अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने सुबह दीवानी न्यायालय गेट पर प्रदर्शन किया।

इसके बाद नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट बार के अधिवक्ताओं के साथ कचहरी चौराहे पर प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान आंदोलन का वीडियो बना रहे कोतवाली के एक सिपाही की कुछ अधिवक्ताओं ने पिटाई कर दी। मामला बढ़ता देख पुलिस बैकफुट पर आ गई। कुछ अन्य अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।



कचहरी चौराहे पर सिपाही से भिड़े अधिवक्ता। संवाद

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में जिला बार एसोसिएशन व कलेक्ट्रेट सेंट्रल बार एसोसिएशन तथा जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट परिसर में प्रशासन विरोधी नारेबाजी की।

इसके बाद प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता कलेक्ट्रेट में पहुंचे तथा अपनी मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। इससे पहले कचहरी चौराहे पर सड़क जाम कर दी जहां पुलिस से हल्की झड़क हुई। इसी बीच कुछ अधिवक्ताओं ने वीडियो बना रहे सिपाही को थप्पड़ जड़ दिया। बीच-बचाव कर मामला शांत कराया गया।

### एक नामजद समेत 50 अधिवक्ताओं पर केस

प्रदर्शन के दौरान सिपाही को पीटने के आरोप में पुलिस ने एक नामजद समेत 50 अधिवक्ताओं के विरुद्ध केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक सिपाही श्रवण कुमार अधिवक्ताओं के प्रदर्शन का वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान अधिवक्ता संदीप पाल और पचास अज्ञात अधिवक्तओं ने हमला बोल दिया। किसी तरह साथी सिपाहियों ने बचाया। इस मामले में सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट, बलवा, लूटपाट और सेवन सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# जिसकी हत्या के शक में पति पहुंचा हवालात, वह प्रेमी संग मिली

## पुलिस करती रही प्रताड़ित, गुहार लगाकर छूटा तो सीसीटीवी की मदद से खुद खोज निकाला

संवाद न्यूज एजेंसी

[illegible]

### खुद की छानबीन, तब साबित हुआ निर्दोष

[illegible]

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023



राखी बंधवाने के बाद स्कूली छात्राओं के साथ एसपी धवल जायसवाल व शिक्षक।

# एसपी ने राखी बंधवा कर बच्चों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**पडरौना, निज संवाददाता।** उद्गम पब्लिक स्कूल पडरौना के छात्राओं ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को धवल जायसवाल को राखी बांधी। राखी बंधवाने पर एसपी ने छात्राओं को उपहार स्वरुप चाकलेट आदि भेंट कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक कुशीनगर को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं ने राखी बांध कर मिठाई खिलाई तथा जनकल्याण संदेश देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की। एसपी ने छात्राओं को उपहार स्वरुप चाकलेट आदि सामग्री भेंट कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया तथा छात्राओं व अध्यापकों के प्रति आभार प्रकट किया। एसपी ने कहा कि यदि कभी भी कोई समस्या हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं। नजदीकी पुलिस से सहायता लें अथवा कार्यालय पहुंच कर व्यक्तिगत रुप से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं।

# छात्राओं ने थाने पहुंच पुलिस को बांधी राखी

कुबेरस्थान। रक्षाबंधन पर बुधवार को स्व. रघुनाथ त्रिपाठी हायर सेकेंड्री स्कूल कुबेरनाथ की छात्राओं ने कुबेरस्थान थाने के पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। राखी बंधवाकर पुलिसकर्मियों ने बहनों की सुरक्षा का संकल्प लिया और उन्हें मिष्ठान व उपहार भेंट किया। रघुनाथ त्रिपाठी हायर सेकेंड्री स्कूल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उसमें एसओ कुबेरस्थान पंकज गुप्ता के साथ थाने पर तैनात अन्य पुलिसकर्मी शामिल हुए। विद्यालय की छात्राओं ने सभी पुलिसकर्मियों का तिलक लगा कर उनकी कलाई पर राखी बांधी और मुंह मीठा कराया। पुलिसकर्मियों ने बहनों की सुरक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें मिष्ठान तथा उपहार भेंट किये। एसओ पंकज गुप्ता ने कहा कि रक्षाबंधन भाई व बहन के पवित्र रिश्ते का त्योहार है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद मणि त्रिपाठी, दुर्गादयाल तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, अवधेश पांडेय, अजय सिंह, अश्विनी पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# 19 गत्ता देशी शराब बरामद

**पडरौना।** बरवापट्टी थाने की पुलिस ने विभिन्न ब्रांड की 55 हजार रूपये कीमत की 19 गत्ता देशी शराब को बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनकी पहचान देवता कुशवाहा, सुनील कुमार व रंजीत कुमार निवासीगण खानगी बाजार रामपुर बरहन थाना बरवापट्टी के रूप में की। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस ने उन्हें आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने में जुटी है।

# दुष्कर्म के दो वारंटी को दबोचा

पडरौना। सेवरही थाने के एसएचओ हर्षवर्धन सिंह, दरोगा शशांक राय, सिपाही अवनीश दुबे, वकील कुमार व सुप्रिया पाण्डेय ने अप्राकृतिक दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने तमकुही रोड रेलवे स्टेशन के पास से अर्जुन निषाद पुत्र महन्थ निषाद निवासी पिपराघाट जोगनी व कल्लू निषाद पुत्र फागू निषाद निवासी राजपुर खास टोला बेनिया थाना सेवरही को गिरफ्तार किया।

# 15 हजार के इनामी गैंगस्टर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पडरौना।** रविन्द्र नगर धूस थाने की पुलिस ने बुधवार को 15 हजार के इनामी गैंगेस्टर को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

एसपी निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहतरविन्द्र नगर धूस पुलिस टीम ने यूपी गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित फरार चल रहे एक 15 हजार रुपये पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त अनिल गोंड पुत्र रमाशंकर गोंड निवासी रूपही टाड़ थाना भितहा जनपद पश्चिमी चम्पारण (बिहार) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्र, दरोगा संतोष श्रीवास्तव, संतोष सिंह, सिपाही हिमांशु सिंह, राधेश्याम यादव, अनिल सिंह, विशाल सिंह आदि शामिल रहे। इसके अलावा पुलिस ने वारण्टी प्रभुनाथ सिंह निवासी रामपुर मटिहनिया खुर्द थाना रविन्द्रनगर धूस को गिरफ्तार किया।

# तीन वारंटियों को किया गिरफ्तार

**पडरौना।** तरयासुजान थाने के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा, दरोगा महेन्द्र नाथ सिंह यादव, सिपाही कमाल अहमद व अमित यादव ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने संजय निवासी भावपुर, उमेश व कुलदीप निवासी भावपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बड़ी गंडक नहर में भगवानपुर के समीप रविवार को कूद गई थीं दो सहेलियां

# नहर में कूदी दूसरी युवती की भी लाश बरामद, प्रेम प्रसंग की चर्चा

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। सेवरही थाना क्षेत्र के रकबा दुलमापट्टी गांव के पास भगवानपुर पुल से उफनाती गंडक नहर में कूदने वाली दूसरी युवती सब्बू खातून का शव बुधवार को घटना स्थल से 25 किलोमीटर दूर बिहार के सवनही के समीप से बरामद हुआ। उसकी सहेली रानी का शव मंगलवार को ही बरामद कर लिया गया था। बड़ी गंडक नहर में तेज बहाव के कारण दूसरी युवती का शव इतनी दूर निकल गया था कि एसडीआरएफ को भी उसे खोजने में चार दिन लग गए। तरयासुजान पुलिस के साथ पहुंचे परिवारीजनों ने शव की शिनाख्त कर ली। इसके बाद बिहार के गोपालपुर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की अब तक की जांच में दोनों सहेलियों की आत्महत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। हालांकि पुलिस को इसे यकीनी तौर पर बताने के लिए अभी और जांच की जरूरत है। आत्महत्या लिए उकसाने के आरोपी कोचिंग शिक्षक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

तरयासुजान पुलिस को सूचना मिली कि बिहार प्रांत के गोपालपुर थाना क्षेत्र के सवनही के सामने बड़ी गंडक नहर की शाखा में एक युवती का शव बहते देखा गया है। सूचना मिलने पर पीड़ित परिवारीजन व एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंची तरयासुजान पुलिस ने बिहार के गोपालपुर पुलिस के सहयोग से शव को नहर से बाहर निकलवा कर परिजनों से शिनाख्त करायी। बरामद शव लापता सब्बू खातून का था। शिनाख्त होने के बाद बिहार की गोपालपुर पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में तरया सुजान के प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने बताया कि घटना के तीसरे दिन काफी मशक्कत करने के बाद बिहार के शुकदेवपट्टी गांव के सामने बड़ी गंडक नहर पर स्थित जीरो आडी रेगुलेटर से एसडीआरएफ टीम ने रानी पुत्री उमेश ठाकुर का शव बरामद किया था। उसकी सहेली सब्बू खातून की तलाश की जा रही थी। चौथे दिन बुधवार को सब्बू खातून का शव मिलने के बाद एसडीआरएफ टीम ने राहत की सांस ली है। इस संबंध में सीओ तमकुहीराज जीतेंद्र सिंह कालरा ने बताया कि नहर में कूदी दोनों युवतियों के शव को बरामद कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चर्चाओं का बाजार गरम

तमकुहीराज। तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़िया निवासी व आपस में सहेली रानी व सब्बू की दोस्ती को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोग यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि आखिर शनिवार को घर से निकली दोनों सहेलियां रविवार दोपहर तक कहां रही तथा दोपहर में उन्होंने चप्पल, दुपट्टा आदि नहर के पुल पर छोड़कर क्यों नहर में छलांग लगा दी।

> दोनों युवतियों के नहर में कूदने की घटना में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आ रहा है। इस मामले में मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। दो अन्य लाशों के बारे में जानकारी नहीं हैं।
> -धवल जायसवाल, एसपी

## चखनी के समीप नहर में दिखी युवक व बच्चे की लाश

दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद। गंडक नहर में छलांग लगाकर जान देने वाली युवती सब्बू खातून का शव बिहार के सवनही में मिलने के कुछ देर बाद घटना स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर चखनी के पास बड़ी गंडक नहर में एक युवक का शव नहर की तेज धारा में बहते हुए लोगों ने देखा जो बिहार में सीमा में चला गया। बिहार के रेगुलेटर पर युवक के अलावा एक बच्चे की भी लाश दिखाई दी।

बड़ी गंडक नहर के बह रहे शव को लेकर क्षेत्र में तमाम तरह की चर्चा है। कुछ लोग इस शव को भी दोनों युवतियों से जोड़ कर देख रहे हैं, लेकिन शव बड़ी गंडक नहर के तेज बहाव में बहते हुए बेरोक टोक बिहार सीमा के जीरो आडी रेगुलेटर पर जाकर बुधवार शाम तक फंसा रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बिहार के जीरो आडी रेगुलेटर पर युवक के शव के साथ एक या दो वर्ष के अबोध बच्चे का शव भी नहर के पानी में देखा गया, लेकिन शवों को लेकर तमकुहीराज और बिहार की गोपालपुर पुलिस ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। लोगों के मुताबिक युवक की उम्र 25 से 30 वर्ष की होगी तथा काले रंग का शर्ट और जींस पहने था। शव पानी में पेट के बल बह रहा है। युवक के पास 1-2 साल के एक बच्चे का भी शव फंसा हुआ था। इस संबंध में थाना प्रभारी नीरज कुमार राय ने बताया कि हम लोगों के पहुंचते पहुंचते लाश बिहार सीमा में प्रवेश कर चुकी थी।

## जिंदगी और मौत से जूझ रहा युवक

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में जीवन और मौत से जूझ रहे युवक का बयान दर्ज करने के लिए तरयासुजान पुलिस बुधवार को मेडिकल कॉलेज पहुंची, लेकिन उसे होश नहीं आने की जानकारी मिलने पर बैरंग वापस लौटना पड़ा। तरयासुजान थाना क्षेत्र के जमसड़िया निवासी रानी व सब्बू खातून के शव मिलने के बाद पुलिस घटना का पटाक्षेप करने के लिए अनेक एंगल पर जांच कर रही है। तरयासुजान पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए रानी का शव मिलने के बाद दोनों सहेलियों को कोचिंग पढ़ाने वाले शिक्षक असलम को हिरासत में ले लिया था। उससे पूछताछ कर रही है। गंडक नहर में युवतियों के छलांग लगाने वाले दिन जमसड़िया गांव युवक ने जहर खाकर जान देने का प्रयास किया था। इस युवक को भी दोनों युवतियों से जोड़ा जा रहा है।

# पुलिस ने जांची बैंक की सुरक्षा व्यवस्था

जासं, पटहेरवाः पुलिस टीम ने पंजाब नेशनल बैंक पटहेरवा की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। ग्राहकों को जागरूक किया। बैंक परिसर व एटीएम के पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। एटीएम कक्ष में बारी-बारी से प्रवेश का निर्देश दिया गया। बैंक व परिसर में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस या बैंककर्मी को सूचित करने की सलाह दी गई। एसआइ नंदलाल यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राहकों से बताया कि किसी अनजान व्यक्ति से कोई सहायता न लें। उसे कार्ड न दें। बैंक गार्ड से कहा गया कि अनावश्यक बार-बार आने-जाने वाले व्यक्तियों की सूचना पुलिस को दें।



पटहेरवा पीएनबी परिसर में जांच करती पुलिस ● जागरण

# छह पर मारपीट का केस दर्ज

पटहेरवा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोस के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट कर घायल कर देने का केसदर्ज किया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव बलुवा शमशेर शाही निवासी कुसुम देवी पत्नी बृजा प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि पड़ोसियों से उनका जमीनी विवाद है। 27 अगस्त की शाम वह अपनी देवरानी पन्ना देवी के साथ घास काट कर शाम को पांच बजे के करीब घर जा रही थी।

# जल्द हो उद्यमियों की समस्याओं का समाधान

जासं, पडरौना: अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय उद्योग समिति एवं व्यापार बंधु, श्रम बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें उद्यमियों की प्रमुख समस्याओं के निराकरण के लिए मंथन किया गया। ओडीओपी के तहत केले से बने उत्पाद से संबंधित उद्योगों के बारे में बताया गया।



बैठक को संबोधित करते बाएं से तीसरे एडीएम वैभव मिश्र • जागरण

उद्योग विभाग की ओर से संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में ऋण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों पर बैंकों की स्वीकृति एवं ऋण वितरण की प्रगति समीक्षा की गई।

अग्रणी बैंक के प्रबंधक के साथ अन्य बैंकर्स को विशेष ध्यान देकर जनपद की प्रगति सुदृढ़ करने को निर्देशित किया गया। विभिन्न विभागों की ओर से साइन एमओयू पर गहन चर्चा करते हुए उसकी प्रगति के बारे में जानकारी ली गई। समय सीमा में ग्राउंड लेबल पर कार्यों को संपन्न कराने को संबंधित को निर्देशित किया गया। बालाजी ट्रेडर्स, नारायणी इंडस्ट्रीज, मनभवती प्लाईवुड, मैत्री इरिगेशन आदि फर्मों की ओर से उठाई गई समस्याओं पर विश्लेषण करते हुए लंबित कार्यों एवं समस्याओं को दूर करने के लिए विद्युत एवं पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिविर लगाकर अधिक से अधिक श्रमिकों का पोर्टल पर पंजीकृत कराया जाए।

# अवैध शराब के तीन धंधेबाज गिरफ्तार

- 19 गत्ता अवैध शराब बरामद, भेजे गए जेल
- खानगी बाजार में पुलिस व आबकारी टीम को मिली सफलता

जासं, बरवापट्टी: क्षेत्र के खानगी बाजार में छापेमारी कर बरवापट्टी पुलिस व आबकारी टीम ने बुधवार को अवैध शराब के तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। उनकी निशानदेही पर 19 गत्ता देशी शराब बरामद हुई। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस तीनों को कोर्ट ले गई, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

संयुक्त टीम बिहार सीमा क्षेत्र में शराब तस्करों पर शिकंजा कसने को लेकर गश्त पर थी। सूचना मिली कि खानगी बाजार में अवैध शराब के तस्कर मौजूद हैं। टीम ने वहां छापेमारी कर एक चाय की दुकान से तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान देवता कुशवाहा, सुनील कुमार व रंजीत कुमार निवासी खानगी बाजार रामपुर बरहन थाना बरवापट्टी के रूप में हुई।




बरवापट्टी थाना परिसर में बरामद शराब व पकड़े गए तस्करों के साथ पुलिस • जागरण

तीनों की निशानदेही पर देवता कुशवाहा के घर से 19 गत्ता देसी शराब बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि शराब की यह खेप बिहार ले जाने की तैयारी थी। आबकारी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कुकर्म का आरोपित गिरफ्तार

वभनौली: सेवरही पुलिस ने तमकुहीरोड रेलवे स्टेशन परिसर से कुकर्म के आरोपितों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों तीन माह से फरार चल रहे थे। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि शाम को वाहन जांच के दौरान सूचना मिली कि फरार चल रहे आरोपित रेलवे स्टेशन परिसर में मौजूद हैं। वहां से दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों की पहचान अर्जुन निषाद निवासी पिपराघाट जोगिनी व कल्लू निषाद निवासी राजपुर खास बेनिया टोला के रूप में हुई। अग्रिम कार्रवाई चल रही है।

# एक वर्ष से फरार 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

जासं, पडरौना: रवींद्रनगर धूस पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के हरका चौराहे से गैंगस्टर को गिरफ्तार किया। वह एक वर्ष से फरार चल रहा था। उसकी पहचान अनिल गोड़ निवासी रूपही टाड़ थाना भितहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार के रूप में हुई। उस पर 15 हजार रुपये का इनाम घोषित है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र शाम को वाहन चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिली कि एक वर्ष से फरार चल रहा गैंगस्टर क्षेत्र के ही हरका चौराहे के समीप मौजूद है। पुलिस टीम ने चौराहे पर पहुंच गैंगस्टर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए इनामी के विरुद्ध थाने में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। पुलिस को बीते एक वर्ष से इसकी तलाश चल रही थी। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**पटहेरवा :** क्षेत्र के गांव काजीपुर के पास हाईवे पर बाइक की ठोकर से किशोर की मृत्यु के मामले में पिता ने अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। घटना बीते 28 अगस्त की है। पिता रमेश सिंह ने तहरीर में लिखा है कि घटना के दिन बाइक पर पीछे बैठकर कर मेरा पुत्र अनुज मल्लूडीह गृह प्रवेश के निमंत्रण में जा रहा था कि पीछे से आ रहे बाइक चालक ने ठोकर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

# महिला को मारने-पीटने के मामले में छह पर मुकदमा

**पटहेरवा :** पटहेरवा पुलिस ने बुधवार को क्षेत्र के बलुआ शमशेर शाही निवासी दो महिलाओं समेत छह के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा पंजीकृत किया है। रविवार के दिन गांव की कुसुम ने तहरीर देकर बताया कि शाम को खेत से चारा काटकर देवरानी के साथ घर जा रही थी। रास्ते में पड़ोसी किशनावती, मिंटू, प्रदीप, संदीप, रोहित व मोहित ने रोक कर अपशब्द कहे और मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। (जासं)

# दूसरी युवती का शव भी बरामद, दो आरोपितों पर मुकदमा

## बनरहा रेगुलेटर के समीप दो युवतियों ने एक साथ लगाई थी छलांग, तलाश में लगी थी टीम, एक गिरफ्तार

जासं, सेवरही: बनरहा रेगुलेटर के समीप बीते रविवार को एक-दूसरे का हाथ पकड़ गंडक नहर में छलांग लगाने वाली दूसरी युवती का शव चौथे दिन बुधवार को सुबह आठ बजे 18 किमी दूर बिहार के गोपालपुर के खालगांव के समीप मिला। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी की। छलांग लगाई एक युवती का शव मंगलवार को बिहार के ही गोपालपुर के समीप मिला था। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है।



बिहार के खालगांव के समीप नहर से शव निकलवाती तरयासुजान थाने की पुलिस● सौ. पुलिस

घटना के समय से ही दोनों युवतियां लापता थीं। तलाश में गोताखोर व एसडीआरएफ टीम लगाई गई थी। तरयासुजान संवाददाता के अनुसार बुधवार की सुबह पांच बजे से पुनः तलाश शुरू हुई। लगभग तीन घंटे बाद आठ बजे दूसरी युवती का शव घटनास्थल से 18 किमी दूर बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के गोपालपुर थाने के खालगांव के सामने स्थित रेगुलेटर के पास बरामद हुआ। उसकी पहचान तरयासुजान के जमसेड़िया गांव की 19 वर्षीय शबीना उर्फ सब्बू के रूप में हुई। मां शमीना की तहरीर पर पुलिस पड़ोस के ही गांव बसडीला बुजुर्ग के असलम के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा पंजीकृत कर गिरफ्तार कर ली। वह कोचिंग चलाता है। इस मामले में रानी के पिता की तहरीर पर अशरफ के विरुद्ध पहले ही आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज है। एसएचओ अमित शर्मा ने बताया कि दूसरा आरोपित गोरखपुर स्थित निजी हास्पिटल में भर्ती है, उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। हास्पिटल से छुट्टी मिलते ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**प्रेम-प्रसंग में चली गई दोनों की जान:** जमसड़िया की दोनों युवतियों की जान प्रेम-प्रसंग में चली गई। बताया जा रहा कि रानी व शबीना सहेली थीं। दोनों 10वीं में पढ़ती थीं। पढ़ाई के साथ रानी एक पैथोलाजी में भी काम करती थी। अशरफ पहले से वहां काम करता था। दोनों में प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इधर शबीना ने कुछ दिनों से असलम की कोचिंग ज्वाइन कर ली थी। उसे देख रानी ने भी कोचिंग ज्वाइन कर ली।

असलम व शबीना एक-दूसरे से प्रेम करते थे। घटना के दिन रानी व शबीना की किसी बात को लेकर अशरफ से कहासुनी हो गई। कुछ समय में बाद अशरफ ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

जानकारी होने पर दोनों युवतियां घर से निकल गईं और आत्मघाती कदम उठा लिया।

**घर से निकलने के बाद युवतियों ने दी थी जानकारी:** चर्चा है कि घर से निकलने के बाद युवतियों ने मोबाइल से फोन कर जान देने की बात बताई थी। इसकी जानकारी होते ही स्वजन तलाश में निकल गए, लेकिन उनका सुराग नहीं मिला। शाम को बनरहा पुल से युवतियों के चप्पल व दुपट्टा बरामद हुआ।

**यह थी घटना:** बनरहा रेगुलेटर से सटे रकबा दुलमापट्टी के टोला भगवानपुर के समीप इन दोनों युवतियों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ पुल से गंडक नहर में छलांग लगा दी थी। पुल पर मिले चप्पल व दुपट्टे के आधार पर इनकी पहचान तरयासुजान के जमसेड़िया निवासी के रूप में हुई।

# पुलिस कर्मियों को छात्राओं ने बांधी राखी



कप्तानगंज थाने में पुलिसकर्मियों को राखी बांधतीं सच्चिदानंद स्कूल की छात्राएं। शिक्षक

**पडरौना।** कप्तानगंज कस्बा स्थित सच्चिदानंद इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को रक्षाबंधन त्योहार मनाया। इसमें छात्राओं ने थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार एक दूसरे की सुरक्षा का संकल्प लेना है।कसया प्रतिनिधि के अनुसार नगर के ब्रिलिएंट सेंट्रल एकेडमी परिसर में बुधवार को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर विरेश कुमार राय, रानी राय, प्रधानाचार्य केपी कुशवाहा, अजित श्रीवास्तव, गोपाल सिंह, धनंजय पांडेय आदि रहे। संवाद



सुकरौली में बीईओ और पुलिसकर्मियों को राखी बांधतीं छात्राएं। संवाद

# छात्राओं ने राखी बांधकर दी रक्षाबंधन की शुभकामना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कप्तानगंज कस्बे के सुभाष चौक स्थित लंदन किड्स प्लेवे स्कूल परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम हुआ। इसमें कप्तानगंज एसओ और बीईओ को छात्राओं ने रखी बांधकर उन्हें शुभाकामना दी।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के पवित्र बंधन का त्योहार है। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य गुंजन मिश्रा, सतीश द्विवेदी, साक्षी मिश्रा, संभा विश्वकर्मा, प्रीति गुप्ता आदि मौजूद रहीं।

हाटा में बुधवार को सुकरौली बीआरसी परिसर में संचालित संविलियन विद्यालय परिसर में रक्षाबंधन कार्यक्रम हुआ। इसमें पुलिसकर्मियों की कलाई पर कई बहनों ने राखियां बांधीं। आयोजक शिक्षक शिल्पी मिश्रा की अगुवाई में स्कूल की छात्राओं ने चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार सहित सभी पुलिस कर्मियों की कलाई बांधी। बीईओ उदयशंकर राय ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# कुशीनगर : गंडक में कूदी दूसरी सहेली का शव बिहार में मिला

कुशीनगर। मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में रविवार को कूदी दूसरी किशोरी का शव तीन दिन बाद बुधवार को 30 किमी दूर बिहार के गोपालगंज जिले के खामपार गांव के पास गंडक नहर में मिला। दोनों सहेलियों के शव मिलने के बाद पुलिस ने मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर जांच तेज कर दी है।

एक किशोरी का प्रेम संबंध गिरफ्तार ट्यूशन टीचर से बताया जा रहा है, तो दूसरी का गांव के ही हमउम्र किशोर से। इस किशोर ने भी जहर खाकर जान देने की कोशिश की है। इसका इलाज चल रहा है। वहीं, पुलिस ने ट्यूशन टीचर पर खुदकुशी के लिए उकसाने का केस दर्ज कर लिया है। उधर, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती किशोर की पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। तरयासुजान क्षेत्र की दोनों किशोरियों के घरों में दो-तीन घरों का ही फासला बताया जाता है।

दोनों एक ही ट्यूशन टीचर असलम से पढ़ती थीं। पुलिस के मुताबिक, असलम ने बताया कि उसका सजातीय किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग था, जबकि दूसरी किशोरी की नजदीकियां गांव के हमउम्र किशोर से थी। असलम ने बताया कि दूसरी किशोरी से भी उसकी बातचीत होती थी।

## प्रेम संबंधों के कारण नहर में कूदी थीं, कोचिंग टीचर असलम पर केस दर्ज

दोनों किशोरियों ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या की है। उनके ट्यूशन टीचर को गिरफ्तार किया गया है। मामले में दर्ज मुकदमे में धारा बढ़ा दी गई है।

**- धवल जायसवाल, पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर**

असलम के अनुसार, सजातीय किशोरी से उसकी शादी की बात चली थी। बाद में घर वालों ने उसकी शादी कहीं और तय कर दी। इसी से खफा होकर किशोरी ने जान दे दी। दूसरी किशोरी का जिस किशोर से प्रेम प्रसंग था, उसने जहर खा लिया। उसकी हालत गंभीर है। इसी से निराश होकर दूसरी किशोरी ने नहर में छलांग लगा दी। पोस्टमार्टम के बाद एक किशोरी के शव को दफनाया गया, जबकि दूसरी का गांव के बाहर खेत में दाह संस्कार किया गया। संवाद >> संबंधित पेज 3

# आस टूटने पर सहेलियों ने नहर में कूदकर दी थी जान

## मुख्य परिचमी गंडक नहर में दोनों सहेलियों की मिली लाश, ट्यूशन शिक्षक ने बताया- शादी के लिए एक किशोरी के घरवाले बार-बार करते थे फोन

संवाद न्यूज एजेंसी



दूसरी किशोरी का शव गोपलगंज जिले के गोपालपुर में मिलने पर जुटी भीड़। संवाद

**कुशीनगर।** मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में कूदी तरयासुजान थाना क्षेत्र के एक ही गांव की दोनों किशोरियों ने प्रेम प्रसंग में ही खुदकुशी की। यह बात पुलिस की जांच-पड़ताल में सामने आई है। दोनों के शव मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। ट्यूशन शिक्षक को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ में दोनों किशोरियों की मौत का राज बाहर आने लगा है।

### ट्यूशन शिक्षक के शादी की कहीं और चली थी बात

प्रेम प्रसंग के बावजूद शादी की आस टूटने पर सजातीय किशोरी ने तो दूसरी ने जहर खाने वाले किशोर की चिंता में नहर में कूदकर जान दे दी थी। पुलिस की जांच-पड़ताल में पता चला है कि गोरखपुर में भर्ती किशोर ने दोनों के एक साथ नहर में कूदने की जानकारी के बाद घबराहट में आकर जहर खा लिया था।

तरयासुजान थाना क्षेत्र की जो दो किशोरियां मुख्य पश्चिमी गंडक नहर में अपने घर से करीब 15 किलोमीटर दूर जाकर आत्महत्या के लिए कूदी थीं, उनमें एक-एक कर दोनों के शवों को बरामद कर लिया गया है।

एक का एक किशोरी का शव मंगलवार को घटनास्थल से करीब 15 किलोमीटर दूर नहर में मिला था। दूसरी का शव घटनास्थल से लगभग 30 किलोमीटर दूर बिहार प्रांत के गोपालगंज जनपद के अंतर्गत गोपालपुर थाना क्षेत्र खामपार गांव के पास बुधवार को सुबह करीब नौ बजे नहर में मिला।

बुधवार को शव मिलने की जानकारी होने पर पहुंचे गोपालपुर के थानाध्यक्ष रंजीत पासवान ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव घर लाने की बजाय गांव के बाहर कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया।

उसकी सहेली के शव का पोस्टमार्टम कुशीनगर जनपद के जिला अस्पताल परिसर में स्थित पोस्टमार्टम हाउस में हुआ।

उसका दाह संस्कार गांव के बाहर खेत में ग्रामीणों की मौजूदगी में हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दोनों की मौत की वजह पानी में डूबने से बताई गई है।

**ट्यूशन टीचर के मुकदमे में बढ़ाई गई धारा :** दोनों किशोरियों के लापता होने पर उनके माता-पिता की तहरीर पर पुलिस ने सबसे पहले गुमशुदगी का केस दर्ज किया था। पहली किशोरी का शव मिलने के बाद पुलिस ने तिनफेड़िया बाजार में ट्यूशन पढ़ाने वाले उनके शिक्षक असलम को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद मुकदमे में आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा बढ़ाई गई है। पुलिस उसका बृहस्पतिवार को चालान कर सकती है।

**मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज :** जिस किशोर ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की, उसका इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। उसकी हालत में अब सुधार है। दोनों किशोरियों के शव मिलने के बाद उसकी निगरानी बढ़ा दी गई है।



एक ही गांव की दो किशोरियां गंडक नहर में कूदीं, लापता

सोमवार को प्रकाशित खबर।



मंगलवार को प्रकाशित खबर।



गंडक में कूदी एक सहेली का शव मिला, प्रेम संबंध में शिक्षक गिरफ्तार

बुधवार को प्रकाशित खबर।

### गांव के किशोर का दूसरी किशोरी से था प्रेम संबंध

**पुलिस** की पूछताछ और जांच-पड़ताल में यह बात आई है कि किशोरियों के गांव के जिस किशोर ने जहर खाकर खुदकुशी की कोशिश की, उसका दूसरी किशोरी से प्रेम संबंध था। यह बात उस किशोरी के पिता और परिवार के अन्य लोगों ने पुलिस को बताई है। उसे भी लगा था कि उसकी शादी गांव के किशोर से नहीं हो पाएगी तो उसने भी सहेली को अपनी बात बताई। इस वजह से दोनों ने एक साथ जान देने की योजना बना ली। इसके बाद नहर में जाकर कूद गईं। पुलिस का कहना है कि उसके बाद उस किशोर ने घबराहट में जहर खा लिया।

**मरने से पहले किया था फोन :** पुलिस की पूछताछ में ट्यूशन शिक्षक ने बताया कि उससे प्रेम करने वाली छात्रा सजातीय थी। इस वजह से उससे प्रेम करती थी। शादी करना चाहती थी। उसकी मां ने भी कई बार इसके लिए कहा था। शिक्षक ने कहा था कि इसके लिए उसके घरवालों से बात करें। दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे। शिक्षक ने बताया कि नहर में कूदकर जान देने से पहले उसने फोन किया था और बताया था कि जान देने जा रही है। यह बात सुनकर शिक्षक ने उसकी मां के पास फोन किया था, तो मां ने कहा था कि आप बाइक से पहुंचिए, क्योंकि जल्दी पहुंच जाएंगे।

**इंस्पेक्टर ने कहा**

तरयासुजान थाने के इंस्पेक्टर अमित शर्मा ने बताया कि दोनों किशोरियों ने प्रेम संबंध में आत्महत्या की है। मुस्लिम किशोरी का प्रेम संबंध उसके ट्यूशन शिक्षक से था। वहीं, हिंदू किशोरी का प्रेम संबंध गांव के जहर खाने वाले से। यह बात जांच-पड़ताल और पूछताछ में पता चली है। उन्होंने बताया कि शिक्षक को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आत्महत्या के लिए उकसाने का केस बढ़ाया गया है। बृहस्पतिवार को चालान किया जाएगा।

### छात्रा से बात करता था टीचर



असलम।

दोनों किशोरियां 12वीं की छात्रा थीं। तिनफेड़िया बाजार में ट्यूशन पढ़ाने वाले असलम के यहां जाकर पढ़ती थीं। पुलिस की पूछताछ में असलम ने बताया कि सजातीय छात्रा के घरवाले उससे शादी के लिए कहते थे। उसने कहा था कि इस बारे में उसके घरवालों से बात करें। उसका यही कथन है। वह छात्रा से बातचीत करता था। यह जांच में आया है। दोनों के बीच प्रेम संबंध था। छात्रा उससे प्रेम करती थी। उसकी मां ने शादी के लिए बात की। वह इस बात से क्षुब्ध हो गई थी कि शिक्षक की शादी कहीं और न हो जाए। शिक्षक ने बताया कि घरवालों ने उसकी शादी के लिए कहीं और बात की है।

### मेडिकल कॉलेज में जान की सलामती की दुआ मांग रहे परिजन

**गोरखपुर।** जहर खाकर जान देने की कोशिश करने वाले किशोर का इलाज गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। किशोर के पिता मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बेहतर शिक्षा के लिए 12वीं में पढ़ने वाले 17 साल के बेटे को क्षेत्र के एक निजी स्कूल में दाखिला दिलाया। इसकी यह हालत देखकर अब जान की सलामती की दुआ मांग रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज में देखभाल कर रहे भाई ने बताया कि वह सुबह तैयार होकर स्कूल जाता और शाम को कोचिंग पढ़कर घर लौटता था।

#### किशोरियों के गांव का रहने वाला किशोर जहर खाने के बाद गोरखपुर में है भर्ती

अचानक उसके जहर खाने की जानकारी होने पर सब लोग सन्न रह गए। घर में न तो किसी से विवाद हुआ था और न ही कोई अन्य ऐसी बात थी, जिसके चलते उसने आत्महत्या की कोशिश की। भाई ने बताया कि इलाज के बाद अब उसकी हालत में काफी सुधार है। वह कुछ बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि, पड़ोस की ही लड़की से उसका नाम जोड़ा जा रहा है। उससे क्या संबंध है इसकी जानकारी नहीं है।

जब वह पूरी तरह से ठीक हो जाएगा, तभी सही बात पता चलेगी। फिलहाल पूरा परिवार इस बात की दुआ कर रहा है कि भाई जल्दी ठीक हो जाए। वहीं, इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तिनफेड़िया पुलिस चौकी के दो सिपाही भी मेडिकल कॉलेज आए हैं। दोनों सिपाही किशोर के ठीक होने के बाद उसके साथ ही लौटेंगे। ब्यूरो

# लापता सभासद का नहीं चला पता हवा में तीर चला रही है पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** कप्तानगंज कस्बे के लापता भाजपा सभासद का पता दस दिन बाद भी नहीं चला। सूदखोरों पर कार्रवाई की बजाय स्थानीय पुलिस हवा में तीर चला रही है। बुधवार को कुछ लोगों को थाने पर बुलाकर पुलिस सख्ती से पेश आई, लेकिन इसका थोड़ा भी असर नहीं दिखा। सभासदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनकी पत्नी से मिलकर ढांढस बंधाया और इंसाफ दिलाने का आश्वासन दिया।

### कुछ लोगों को पुलिस ने थाने बुलाकर की पूछताछ घरवालों से मिले कुछ सभासद

कप्तानगंज कस्बे के वार्ड संख्या-14 हरिनाथ नगर उत्तरी निवासी बैजनाथ चौहान सभासद हैं। 21 अगस्त की रात को अपनी ससुराल हाटा से घर आते समय लापता हो गए। उनकी पत्नी बबिता देवी ने पुलिस को पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर लापता सभासद की तलाश कर रही है। इस मामले में अब तक पुलिस को कोई ठोस जानकारी नहीं मिली है। वहीं, पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

दोपहर में सभासदों का एक प्रतिनिधिमंडल बबिता से मिला और इंसाफ दिलाने की बात कही।

# गोदाम से गायब मिला अनाज, कोटेदार पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** अनाज वितरण में धांधली की शिकायत की जांच करने पहुंचे एसडीएम को गोदाम से अनाज गायब मिला। स्टॉक मिलान के बाद भी कोटेदार ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक बीएन सिंह की तहरीर पर कप्तानगंज थाने की पुलिस ने कोटेदार पर केस दर्ज कर लिया है। कोटे की दुकान निलंबित कर दूसरे गांव में संबद्ध कर दी गई है।

कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के सोहनी गांव का कोटेदार अनाज वितरण में धांधली करता था। इसकी शिकायत गांववालों ने एसडीएम व्यास नारायण उमराव से की। क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी को लेकर जांच के लिए एसडीएम पहुंचे। वहां गोदाम में 55.35 क्विंटल गेहूं और 90.11 क्विंटल चावल गायब मिला। कोटेदार गंगाजलि गायब अनाज के बारे में कोई जानकारी भी नहीं दे सकीं।

गांव के अधिकांश कार्डधारकों को अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त माह का राशन अब तक नहीं दिया गया है। जांच करने पहुंचे एसडीएम से यह शिकायत कार्डधारकों ने दर्ज कराई। अगस्त के राशन का अब तक वितरण नहीं किया गया है।

क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी ने आवश्यक वस्तु अधिनियम में केस दर्ज कराया है। निलंबित कोटे की दुकान को इंदरपुर की दुकान से संबद्ध कर दिया गया है। एसओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि कोटेदार पर केस दर्ज किया गया है।

**अनाज वितरण में धांधली पर सोहनी गांव के कोटेदार की लोगों ने की थी शिकायत**

## अनियमितता मिलने पर दुकान निलंबित

**पडरौना।** अहिरौली बाजार क्षेत्र के पकड़ी गांव में संचालित राशन की दुकान की जांच में अनियमिता मिली है। इसको गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने निलंबित कर दिया है। गांव के ग्राम प्रधान प्रवीण सिंह ने एसडीएम से गांव के राशन की दुकान पर अनियमितता बरतने की शिकायत की थी। इसकी जांच में शिकायत की पुष्टि मिली है।एसडीएम के दुकान को निलंबित कर बगल के ग्राम सभा रोहुआ मछरगावा के कोटेदार वशिष्ठ पांडेय की दुकान से संबद्ध कर दिया है। संवाद

# मारपीट में दो महिलाओं समेत छह पर केस दर्ज

पटहेरवा। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने गांव की दो महिलाओं सहित छह लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव बलुवा शमशेर शाही निवासी कुसुम देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि पड़ोसियों से उनका जमीन विवाद है। बीते 27 अगस्त की शाम करीब पांच बजे देवरानी पन्ना देवी के साथ घास काटकर घर जा रही थीं। उसी दौरान गांव की दो महिलाओं समेत छह लोग उन्हें अपशब्द बोलने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर घायल कर दिया। संवाद

# मारपीट में दो महिलाओं समेत सात घायल

पडरौना। रामकोला थाना क्षेत्र की ग्राम सभा अंजही उर्फ चौरहीं में बुधवार की देर शाम सड़क निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। बुधवार को निर्माण कार्य चल रहा था कि ग्राम वासी महंथ ने निर्माण वाले स्थान को अपनी जमीन बताते हुए नकार्य को रोकवा दिया। इस पर मारपीट हुई। संवाद

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

खड्डा। मुख्य पश्चिमी गंडक नहर मार्ग पर बुधवार की शाम दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। मौजूद लोगों ने घायलों को सीएचसी तुर्कहां भेजवाया, जहां एक की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर दिया। मुख्य नहर सड़क की पटरी पर लखुआ-लखुई पुल के पास बुधवार की देर शमा दो बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें लखुआ-लखुई गांव निवासी अभिषेक और दूसरे बाइक पर सवार हाटा क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी अमित यादव व सुरेंद्र चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांकः-31-08-2023

# सभासदों से हुई मारपीट में कार्रवाई नहीं, धरने का ऐलान

चौक बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। नगर पंचायत चौक में अधिशासी अधिकारी के कक्ष में दो सभासदों से मारपीट के मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है। इससे सभासदों में आक्रोश है। कार्रवाई नहीं होने पर धरना की चेतावनी दी है।

नगर पंचायत चौक के वार्ड नंबर 15 के सभासद पवन वर्मा व वार्ड नंबर 7 के सभासद श्रीराम गुप्ता ने बताया कि वह दोनों मंगलवार को नगर पंचायत चौक के कार्यालय में गए थे। ईओ के कमरे मे पहले से बैठे आरोपितों ने उनके साथ मारपीट की। कुर्सियां फेंकी। कार्यालय कर्मियों ने बीच-बचाव कर जान बचाया। मारपीट के बाद तीनों आरोपित फरार हो गए। एसओ के आश्वासन पर सभासदों ने धरना खत्म कर दिया था। लेकिन 24 घंटे बाद चौक पुलिस प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं है। इस मामले में पीड़ित सभासद पवन वर्मा व श्रीराम गुप्ता ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर वह धरना पर बैठेंगे। पुलिस पर आरोप लगाया कि वह आरोपितों को बचा रही है। आरोपी अध्यक्ष प्रतिनिधि व उनके पिता के खिलाफ बीते 13 जून को चौक पुलिस ने केस दर्ज किया है। मामले में भी अभी तक दोनों के खिलाफ न तो चार्जशीट दाखिल की गई और ना ही कोई कार्रवाई की गई। दबाव बनाया जा रहा है।

# युवक पर हुए जानलेवा हमले में केस

धानी बाजार। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ढोडघाट निवासी बृजेश मौर्य पर हुए जानलेवा हमले में पुलिस ने बुधवार को पवन कुमार निवासी ढोडघाट व कुछ अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीते रविवार की देर शाम ग्राम कानापार के ढोडघाट निवासी बृजेश मौर्य धानी बाजार में अपनी दुकान बंद करके घर वापस जा रहा था कि रास्ते में कुछ लोगों द्वारा धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। इसमें बृजेश को काफी चोटे आई थी।

# कपड़ा व बाइक के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

खनुआ। एसएसबी 66वीं वाहिनी के डांडा हेड के जवानों ने गश्त के दौरान भारत-नेपाल सीमा के केवटलिया गांव के पास से एक नेपाली युवक के पास से कपड़ा व बाइक के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सुपुर्द कर दिया। सहायक कमांडेंट महामृत्युंजय पाठक ने बताया कि पूछताछ में युवक ने अपना नाम राजू केवट निवासी अमवा थाना बेथरी जिला रूपंदेही नेपाल बताया।

# टोल प्लाजा प्रकरण की जांच में जुटी पुलिस

**अवैध वसूली**



- छपवा टोल प्लाजा पर हैंड मशीन से रसीद काटकर अवैध वसूली का मामला
- टोल कर्मियों से पूछताछ कर चुकी है पुलिस, अभी कोई तहरीर नहीं पड़ी

नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद। नौतनवा के छपवा टोल प्लाजा में हैंड मशीन लगाकर वाहनों से अवैध वसूली का वीडियो वायरल के बाद भारत-नेपाल को जोड़ने वाला यह हाईवे एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

अवैध वसूली का मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने के बाद पुलिस मामले की सच्चाई जानने में जुट गयी है। हालांकि टोल प्लाजा के जिम्मेदारों का कहना है कि यह उनके पहले के ठेकेदार के समय का वीडियो हो सकता है। वायरल वीडियो में हैंड मशीन द्वारा निकाली गई पर्ची भी जुलाई और अगस्त माह की देखी जा सकती है। जबकि टोल प्लाजा से निलंबित किए गए कर्मी टोल प्लाजा के जिम्मेदारों पर आरोप मढ़ रहे हैं। अब तक किसी की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं मिली है। कभी लंबी लाइन से वाहनों की कटिंग के खेल तो कभी संभागीय परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड व एंट्री के नाम पर अवैध वसूली को लेकर सुर्खियों में रहने वाला हाईवे अब टोल प्लाजा पर अवैध वसूली को लेकर चर्चाओं में है। सोशल मीडिया के जरिए टोल प्लाजा पर की जा रही अवैध वसूली के वीडियो को वायरल कर तरह-तरह के आरोप भी लगाए गए लेकिन मामले में अभी तक किसी ने शिकायत तक दर्ज नहीं कराई है। जबकि वीडियो वायरल होने की सूचना के बाद से ही पुलिस व प्रशासन हकीकत जानने के लिए टोल प्लाजा के प्रबंधक व टोल पर पूर्व में काम कर चुके कर्मियों को बुलाकर पूछताछ भी कर चुकी है। एसओ मनोज कुमार राय का कहना है कि वीडियो वायरल होने की सूचना पर जांच पड़ताल की गई थी। अभी तक किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है। टोल प्लाजा के लोगों से भी पूछताछ की गई है। सत्यता सामने आने पर ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक

कोल्हुई। कोल्हुई पुलिस की तरफ से बुधवार को केनफाउंट एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल रुद्रपुर शिवनाथ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसआई संतोष कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राओं को अपने अधिकारों को समझने व धाराओं की जानकारी रखना बहुत जरूरी हैं। प्रबंधक अजय कुमार ने भी जानकारी दीञ कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रिया पीएन, मानस उपाधायाय, अजय कुमार, अशोक यादव, महिपाल यादव, सर्वेश राय, सर्वेश पांडेय, आसिफ खान, वालीउल्लाह, बृजमोहन, अंजली, दरक्षा, मयूरी, सबा आदि मौजूद रही।

# सीमा पर बढ़ता ही जा रहा है मालवाहकों का जाम



सोनौली सीमा से मालवाहक वाहनों की 15 किलोमीटर से अधिक लंबी लाइन बुधवार को लग गई थी। ● हिन्दुस्तान

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर मालवाहक ट्रकों का रेला बढ़ता ही जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग के फोरलेन का एक लेन पूरी तरह से जाम हो चुका है। मंगलवार से 15 किमी लंबी वाहनों की लाइन कम होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। नेपाल भंसार में पिछले कई दिनों से आईसीपी निर्माण का कार्य शुरू होने से पार्किंग की समस्या इसकी मुख्य वजह है, क्योंकि वाहनों की एंट्री बहुत धीमी रफ्तार से हो रही है।

नेपाल में त्योहारों के सीजन में

- नेपाल के भैरहवा भंसार में पार्किंग की समस्या है मुख्य वजह
- मंगलवार से लगी है 15 किमी लंबी लाइन, एक लेन पूरी तरह जाम

## व्यापारियों की बढ़ती जा रही है मुसीबत

सीमा पर कई - कई दिनों तक खड़े वा...

व्यापारियों की भी परेशानी बढ़ गई है।

# अंतरजनपदीय वाहन चोर गैंग का खुलासा

**पर्दाफाश**

महराजगंज, निज संवाददाता। सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी व स्वाट टीम के साथ अंर्तजनपदीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश किया है। चोरी की ट्राली के अलावा चोरी में प्रयुक्त ट्रैक्टर, बाइक, मोबाइल के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बरामदगी के आधार पर आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने बुधवार को कोतवाली में खुलासा करते हुए बताया कि कोतवाली क्षेत्र के पकड़ी चौराहा निवासी साधु शरण गुप्त ने बीते दो अगस्त को अपने ट्राली के चोरी होने का केस दर्ज कराया था। इस मामले में एसपी ने खुलासा के लिए कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि रॉय के अलावा एसओजी व स्वाट टीम

- एसओजी व स्वाट टीम ने किया खुलासा
- चोरी की ट्राली के साथ ट्रैक्टर व बाइक बरामद

## गिरोह का सरगना है शिवेन्द्र उर्फ राका

ट्रैक्टर-ट्राली चोरी के मामले में पुलिस के हत्थे चढ़े तीन आरोपितों में से दो शिवम दूबे उर्फ गोलू व शिवेन्द्र यादव उर्फ राका का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। शिवेन्द्र यादव उर्फ राका थाना खड्डा जनपद कुशीनगर से पूर्व में चोरी के मुकदमें में जेल जा चुका है। वह गिरोह का सरगना है।

## बाल अपचारी ने की थी रेकी

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि [illegible]

फोन कर दो अगस्त की रात में

# नेपाल की नागरिकता लेने गया भारतीय युवक गिरफ्तार

सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद। भारत-नेपाल सीमा से सटे नवलपरासी (बर्दघाट सुस्ता पश्चिम) में नेपाल पुलिस ने एक भारतीय नागरिक को नेपाल की नागरिकता सत्यापन के दौरान गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस कार्रवाई कर रही है। यह युवक महराजगंज का रहने वाला है और नेपाल अपने ननिहाल में रहता था।

बुधवार की दोपहर नवलपरासी (बर्दघाट सुस्ता पश्चिम) के पुलिस उपाधीक्षक भोजराज पांडेय ने बताया कि राहुल (19) निवासी मधवलिया महराजगंज को गिरफ्तार किया गया है। यह युवक प्रतापपुर ग्रामीण नगर पालिका-9 अठलैया में मामाघर में रह रहा था। वार्ड से जन्म प्रमाण पत्र की सिफारिश लेने के बाद नागरिकता के लिए पुलिस सत्यापन के लिए आया था।

पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया और उसके भारतीय नागरिक होने की पुष्टि की गई। मुकदमा दर्ज कर पांच दिनों के लिए रिमांड पर लिया है। नागरिकता से संबंधित अपराध शाखा में जांच शुरू कर दी गई है।

# चौक क्षेत्र से अपहृत किशोरी बरामद

जासं, सिंदुरिया :मिठौरा चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक द्वारा गांव की ही किशोरी को बहला-फूसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज हुआ है। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही अपहृता को बरामद कर लिया है। आरोपित की तलाश कर रही है। मिठौरा चौकी प्रभारी ब्रम्ह कुमार उपाध्याय ने बताया कि मंगलवार को पीड़िता की मां ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। जिसपर पुलिस ने गांव के ही सन्नी के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। बुधवार की शाम किशोरी बरामद की गई।

# पुलिस ने जांची बैंक की सुरक्षा व्यवस्था

जासं, पटहेरवा: पुलिस टीम ने पंजाब नेशनल बैंक पटहेरवा की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। ग्राहकों को जागरूक किया। बैंक परिसर व एटीएम के पास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। एटीएम कक्ष में बारी-बारी से प्रवेश का निर्देश दिया गया। बैंक व परिसर में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस या बैंककर्मी को सूचित करने की सलाह दी गई। एसआइ नंदलाल यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राहकों से बताया कि किसी अनजान व्यक्ति से कोई सहायता न लें।

# अंतरजनपदीय ट्राली चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

जासं, महराजगंजः सदर कोतवाली पुलिस ने अंतरजनपदीय ट्राली चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक बाल अपचारी को गिरफ्तार करते हुए दो अगस्त को थाना क्षेत्र के पकड़ी चौराहे से चोरी हुई ट्राली के मामले का पर्दाफाश किया है। बुधवार को सदर कोतवाली में पुलिस उपाधीक्षक सदर अजय सिंह चौहान ने यह जानकारी दी।

गिरफ्तार आरोपितों में बाल अपचारी जिले के पकड़ी नौनियां गांव का ही निवासी है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि उसी की सूचना पर कुशीनगर जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के चमरडीहा गांव निवासी शिवेंद्र यादव इसी थाने के अपने साथी सिसवा गोपाल गांव के शिवम दुबे के साथ मिलकर दो अगस्त को पकड़ी में साधुशरण की ट्राली की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। ट्राली चुराने के बाद आरोपितों ने उसे बांसपार बैजौली गांव की एक बाग में छिपा दिया। इधर पकड़ी चौराहे से ट्राली चोरी होने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। तीनों मंगलवार की रात ट्राली लेने ट्रैक्टर और बाइक से बांसपार बैजौली पहुंचे। ट्राली बेचने जा रहे थे, तभी उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद ट्राली बाल अपचारी के बाबा के नाम से पंजीकृत है। वह कबाड़ी का काम करते हैं। सीओ ने बताया कि आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# कलाई पर राखी बांध भाइयों के दीर्घायु की कामना

## रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर जिले में हुए विविध कार्यक्रम, जिलाधिकारी को महिलाओं व छात्राओं ने बांधी राखी

जासं, महराजगंज : रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्राओं ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को राखी बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन विभाग की महिलाओं ने जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार को रक्षासूत्र बांधा, तो जिलाधिकारी ने भी उन्हे उपहार देते हुए भाई का धर्म निभाया।

शहर के जवाहर लाल नेहरू स्मारक पीजी कालेज में नगर पालिका परिषद महराजगंज द्वारा बंधन स्वच्छता का स्वच्छ पाठशाला के तहत एनसीसी कैडेट्स के द्वारा बनाई गई राखी को बांधकर सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान प्राचार्य अजय कुमार मिश्रा, अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार मिश्रा मौजूद रहे। शहर के कास्मोपोलिटन स्कूल में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर राखी बांधी और मुंह मीठा कराया। श्रीभगवान इंटरमीडिएट कालेज संपतिहा नईकोट नौतनवा की छात्राओं ने नेपाल बार्डर पर तैनात जवानों को राखी बांधकर देश की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पांडेय, अवनीश कुमार द्विवेदी, विश्वनाथ प्रताप, अनामिका दुबे और मनीषा मिश्रा आदि मौजूद रहे। ध्रुव नारायण स्कूल धनखरी पनियरा में राखी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चियों ने स्वयं राखी बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पड़री रोड स्थित वीएन एकेडमी में भी राखी का पर्व मनाया गया। आरके सनशाइन एकेडमी महराजगंज के छात्राओं ने 22वीं वाहिनी के मुख्यालय पर एसएसबी जवानों को राखी बांधी। विद्यालय के प्रबंधक इंजीनियर विवेक गुप्ता, प्रधानाचार्य सुनीता चौधरी मौजूद रहे।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय की छात्राओं ने चौकी प्रभारी नौतनवा ओमप्रकाश गुप्ता, आरक्षी रवि प्रताप सिंह, संदीप कुमार, अभिमन्यु खरवार, अभय सिंह पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर राखी बांधी। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति सुरोखित शैशव कार्यक्रम के तहत एसएसबी 66 वीं वाहिनी बीओपी चंडीथान में बाल संसद की बालिकाओं ने एसएसबी जवानों को रक्षा सूत्र बांधकर उनसे सुरक्षा का वचन लिया। इस दौरान सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार, पवन कुमार, विनय कुमार, सुनील कुमार, पुष्पा चौधरी मौजूद रहे। सोनौली के ब्लासम प्लेवे एंड द स्कूल की छात्राओं व अध्यापिकाओं ने एसएसबी कैंप में जवानों को राखी बांधी। फरेंदा क्षेत्र के भारीवैसी में राखी बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की शिक्षिका ज्योति जायसवाल, ज्योति मिश्रा बच्चों को राखी बनाने का तरीका बताया। स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज हरपुर महंथ,वीपीएम एकेडमी धर्मपुर, सर्वजीत दास इंटर कालेज राजमंदिर, जोखन मणि त्रिपाठी इंटर कालेज लक्ष्मीपुर देउरवा, पृथ्वीनाथ इंटर कालेज जेडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल अगया, सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर धर्मपुर,वीपी त्रिपाठी इंटर कालेज गोड़धोवा में छात्राओं ने छात्रों की कलाई पर स्वनिर्मित राखी बांधी। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के तत्वावधान में पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिठौरा की छात्राओं ने थानाध्यक्ष सिंदुरिया कंचन राय के साथ पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। अमरावती देवी पब्लिक स्कूल बागापार में पुलिसकर्मियों को राखी बांधकर क्षेत्र की बहनों की रक्षा का वचन मांगा।

स्वामी विवेकानंद नगर के दलित बस्ती, आलमाइटी इंटरमीडिएट कालेज व जीएस नेशनल पब्लिक स्कूल, बृजमनगंज के आलमाइटी पब्लिक इंटरमीडिएट कालेज में राखी पर्व मनाया गया। पिपरालाला में स्थित एपीएम एकेडमी में छात्राओं ने रंगोली एवं कपड़े के माध्यम से 36 फीट लंबी राखी बनाकर देश के सैनिकों को समर्पित किया। शिक्षिका आशा गुप्ता, इंदू सिंह, सविता, स्मिता, नेहा यादव, उपस्थित रहीं। सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल निचलौल की छात्राओं ने एसएसबी जवानों को राखी बांधी। बीओपी प्रभारी राजीव कुमार कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।





एसएसबी जवानों को राखी बांधती भगवान इंटरमीडिएट कालेज नईकोट संपतिहा की छात्राएं, ।श्यामदेउरवा के एपीएम एकेडमी स्कूल की छात्राओं द्वारा बनाई गई राखी • जागरण



डीएम सत्येंद्र कुमार को राखी बांधती जिला प्रोबेशन विभाग की महिलाएं। सौ. सूचना विभाग



वआलमाइटी पब्लिक इंटर कालेज में पुलिस कर्मियों को राखी बांधती छात्राएं • जागरण

### जेल में भी राखी बांधेंगी महिलाएं

जासं,महराजगंज : महराजगंज जिला जेल में भी रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। जिला जेल प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार की सुबह नौ बजे से जिला जेल में भाई-बहन के प्रेम का त्योहार रक्षाबंधन मनाया जाएगा। जिला कारागार अधीक्षक प्रभात सिंह ने बताया कि जिला जेल में कुल 810 बंदी निरुद्ध हैं। इसमें 47 महिलाएं शामिल हैं। जेल में बंद महिलाओं के भाईयों और पुरुषों की बहनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जेल प्रशासन की ओर से भी राखी और रोली की व्यवस्था की गई है। बाहर से भी बहनें राखी लेकर आ सकती हैं। नियमानुसार जांच के बाद रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाएगा।

# युवक पर जानलेवा हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

जासं,धानीः क्षेत्र के ढोड़घाट निवासी बृजेश मौर्य पर जानलेवा हमले के मामले में बृजमनगंज पुलिस ने पवन कुमार पुत्र शंकर व कुछ अज्ञात के विरुद्ध बुधवार मुकदमा को दर्ज किया है।

बीते रविवार कि देर शाम ग्राम सभा कानापार के ढोड़घाट निवासी बृजेश मौर्य धानी बाजार से दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, रास्ते में कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया था। बृजेश को काफी चोट आई थी। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष बृजमनगंज श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि पवन व अन्य अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है।

# गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

कोठीभार, हिन्दुस्तान संवाद। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर राजन उर्फ राम आशीष निवासी सबयां उत्तर टोला को एक किलो तीन सौ दस ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। प्राभारी निरीक्षक कोठीभार सुनील राय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता होने के कारण थाने के आपराधिक रजिस्टर में विभिन्न धराओं में केस पंजीकृत है।

# प्रधान के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा

जासं,निचलौल : थाना क्षेत्र के एक गांव में ग्राम प्रधान व उनके पति के द्वारा कूटरचित फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाने के संबंध में पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बरगदहीं निवासी रोजगार सेवक रामकृपाल ने थाने में तहरीर देकर ग्राम प्रधान सुनीता देवी व उनके पति पर धोखे से अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र बनवाने व सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने की शिकायत की थी। तहरीर में कहा है कि जब ग्राम प्रधान से पूछा गया तो वह अपशब्द कहने लगीं। पुलिस ने प्रधान सुनीता देवी और उनके पति व्यास पर मुकदमा दर्ज किया है।

# अवैध वसूली मामले में फंसते नजर आ रहे टोल प्रबंधक

**जासं, नौतनवा** : गोरखपुर-सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग के छपवा टोल प्लाजा पर अवैध वसूली के मामले में प्रबंधक अपने बयान में फंसते नजर आ रहे हैं।

बीते तीन दिन से बिना फास्टैग वाहनों से फर्जी बिल काटने व ओवरलोडिंग की बगैर रसीद वसूली की खबरें व वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही हैं। उच्चाधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए टोल प्रबंधक को नौतनवा थाने पर तलब किया। प्रबंधक ने बताया कि उनका ठीका 14 जुलाई को हुआ था। उनका पूरा कार्य आनलाइन हैं, जिसमें किसी प्रकार से धोखाधड़ी की गुंजाइश नहीं है। साथ ही अवैध वसूली का प्रसारित वीडियो उनके समय का नहीं है। जबकि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित रसीद 24 जुलाई व तीन अगस्त का है।

इंस्पेक्टर मनोज कुमार राय ने कहा कि हैंड मशीन से रसीद जारी होने का प्रसारित वीडियो पुराना है। मामले की जांच चल रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# एक पक्ष सुलह तो दूसरा आर-पार के मूड में

## चौक नगर पंचायत कार्यालय में सभासदों के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ा

महराजगंज। चौक नगर पंचायत कार्यालय में सभासदों के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। एक पक्ष आर-पार की लड़ाई के मूड में है तो दूसरे पक्ष को उम्मीद है कि मामला सुलझ जाएगा। पुलिस भी जांच पड़ताल के नाम पर मामले को लंबा खींच रही है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर अभद्र भाषा, मारपीट तथा अपमानित करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को चौक थाने में तहरीर दी थी। पुलिस की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे सभासद अजय कुमार दो अन्य लोगों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में अधिशासी अधिकारी के कमरे में बैठे थे। उसी वक्त सभासद पवन वर्मा तथा श्रीराम गुप्ता भी कार्यालय के उस कमरे में पहुंच गए। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। नाराज सभासद पवन वर्मा, श्रीराम गुप्ता ने चौक पुलिस को बुला कर तहरीर दे दी। वहीं, दूसरे पक्ष के हरिकेश पटेल ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए पहले पक्ष पर विवाद करने का आरोप लगाया।

सभासद पवन वर्मा ने बताया कि आए दिन सभासदों का एक गुट हम लोगों का अपमान करता है। अपने समर्थकों के साथ नगर पंचायत कार्यालय में आकर माहौल खराब करने की कोशिश करता है, लेकिन अब इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तहरीर के आधार पर अगर कार्रवाई नहीं होती है, तो लड़ाई आगे तक जारी रहेगी। जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी। दूसरे पक्ष के सभासद हरिकेश पटेल का कहना है कि मामला सभासदों के बीच का है। दोनों पक्षों को एक साथ बैठकर मामले को सुलझा लेंगे। संवाद

### विवाद के बाद लग गया सीसीटीवी कैमरा

चौक नगर पंचायत के लिए करोड़ों रुपये के लागत से भवन बन कर तैयार हुआ है। सभी कमरों में टाइल्स, मार्बल्स, आधुनिक शौचालय, तथा छत और दीवाल में पैनल लगाए गए हैं, लेकिन सुरक्षा की दृष्टि से विभाग सीसीटीवी कैमरा लगाना भूल गया। विवाद के बाद सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। सरकारी संपत्ति का नुकसान करने वाले के खिलाफ नगर पंचायत की ओर से कोई कार्रवाही नहीं की गई है।

# नौ लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई

**संवाद न्यूज एजेंसी**

महराजगंज। कोल्हुई थाने की पुलिस ने क्षेत्र के नौ लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

कोल्हुई पुलिस की ओर से कमरुल होदा, तौसीफ, आसीफ, समसुल होदा निवासी सोनबरसा के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा गया। वहीं, मनोज निवासी हरमंदिर खुर्द सुक्खु निवासी सोनबरसा, शुभम श्रीवास्तव निवासी सिधवारी, गौरी शंकर यादव निवासी सेमराडाडी, विनोद यादव निवासी परसामहंथ के खिलाफ गुंडा अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जेल भेजा गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर दी गई।

# विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को चेतावनी

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सर्किल फरेंदा के थाना पुरंदरपुर व कोल्हुई के विवेचकों अर्दली रूम किया। लंबित विवेचनाओं की समीक्षा के दौरान अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को चेतावनी दी। एसपी ने कहा कि छह माह से अधिक समय से लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें। रात्रि में चौराहे पर जांच करें। अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं अवैध शस्त्र रखने वालों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करें। संवाद

# गांजा के साथ एक गिरफ्तार

सिसवा बाजार। कोठीभार पुलिस ने वाहन जांच के दौरान सबया तिराहे के पास एक व्यक्ति के पास से एक किलो 310 ग्राम गांजा बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार राय ने बताया कि क्षेत्र के ढाले पर वाहन जांच के दौरान सबया उत्तर टोला निवासी राजन उर्फ राम आशीष के पास से एक किलो तीन सौ दस ग्राम गांजा बरामद किया। उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# 195 वाहनों का चालान

महराजगंज। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाने के लिए अलग-अलग स्थानों पर दोपहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 195 वाहनों का चालान किया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# 42 व्यक्तियों को चालान

महराजगंज। शांति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस विभिन्न थानों से 42 व्यक्तियों को चालान किया गया। नौ लोगों को जमानत मुचलके से पाबंद कराया गया। यह जानकारी एसपी कार्यालय के सोशल मीडिया सेल की ओर से दी गई। संवाद

# नौकरी के नाम पर ठगने वाले महराजगंज के दो युवक गिरफ्तार

माई सिटी रिपोर्टर

नोएडा। खाड़ी देशों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले दो जालसाजों को कोतवाली फेज वन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ये जालसाज सोशल मीडिया व अन्य माध्यम से बेरोजगार युवकों से संपर्क करते थे। नौकरी सहित मेडिकल, एयर टिकट, जॉब परमिट, वीजा के नाम पर रुपये ठगते थे। अब तक 300 से अधिक युवकों से लाखों ठग चुके हैं।

आरोपियों की पहचान यूपी के महाराजगंज निवासी शेरे आलम और हशरे आलम के रूप में हुई है। पुलिस इस गिरोह के अन्य जालसाजों की तलाश कर रही है। बिहार के रहने वाले एक युवक ने कुछ दिन पहले पुलिस से शिकायत की थी कि उसे दुबई में क्रेन ड्राइवर की नौकरी दिलाने के नाम पर नोएडा के सेक्टर 5 में यूनिवर्सल टूर एंड ट्रैवल के नाम से कंपनी चला रहे जालसाजों ने 40 हजार रुपये की ठगी की है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर शेरे आलम और हशरे आलम को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी सेक्टर-5 में ही किराए का कमरा लेकर रहे रहे थे। पुलिस ने इनसे दो लैपटॉप, दो सीपीयू, दो मॉनीटर, प्रिंटर, 22 फर्जी पासपोर्ट, 17 फर्जी वीजा, 11 विजिटिंग कार्ड और 23 हजार रुपये की नगद बरामद की है। नोएडा जोन के डीसीपी हरीश चंदर का कहना है कि इस तरह के अन्य गिरोहों पर भी पुलिस की नजर है।

## देते थे लुभावने विज्ञापन

पूछताछ में जालसाजों ने बताया कि वे फेसबुक, इंस्टाग्राम पर नौकरी के लुभावने विज्ञापन देकर बेरोजगारों से संपर्क करते थे। विज्ञापनों में अपना व्हाट्सएप नंबर देते थे। फोन करने वाले युवाओं को दुबई, कुवैत, ओमान, सऊदी अरब आदि देशों में नौकरी लगवाने का झांसा देते थे। इसके बाद अपनी ऑफिस पर बुलाते थे। 30 से 40 हजार रुपये ठगने के बाद उनका फॉर्म सरकार के द्वारा रद्द करने की बात कहते थे।

## दस साल से थे सक्रिय

गिरफ्तार आरोपी 2013 से इस धंधे में सक्रिय थे। इस तरह के मामलों में पूर्व में जेल भी जा चुके हैं। इन पर नोएडा के अलावा महाराजगंज समेत अन्य जनपदों में भी मुकदमे हैं। जालसाज कुछ महीनों में अपना दफ्तर भी बदल लेते थे। एक महीने पहले ही सेक्टर 5 में इन्होंने ऑफिस खोला था। यहां से करीब 25 युवकों से ठगी कर चुके हैं।

## बीएमएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

महराजगंज। विकास खंड मिठौरा के ब्लॉक प्रमुख उर्मिला गुप्ता ने एनआरएलएम में भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बीएमएम पर कार्रवाई की मांग की। संवाद




# नेपाल की नागरिकता लेने गया भारतीय युवक गिरफ्तार

**महराजगंज।** भारत नेपाल सीमा से सटे नवलपरासी (बर्दघाट सुस्ता पश्चिम) में नेपाल पुलिस ने एक भारतीय नागरिक को नेपाल की नागरिकता सत्यापन के दौरान गिरफ्तार किया। बताया गया है कि युवक सीमावर्ती जिला महराजगंज का निवासी है और नेपाल में अपने ननिहाल में रह रहा था। बुधवार दोपहर प्रेसवार्ता कर जिला पुलिस कार्यालय नवलपरासी (बर्दघाट सुस्ता पश्चिम) के पुलिस उपाधीक्षक भोजराज पांडेय ने बताया कि राहुल (19) निवासी मधवलिया महराजगंज को गिरफ्तार किया गया है। युवक प्रतापपुर ग्रामीण नगर पालिका-9 अठलैया में मामा घर में रह रहा था। वार्ड से जन्म प्रमाणपत्र का सत्यापन पुलिस के लिए आया था। पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया और उसके भारतीय नागरिक होने की पुष्टि की गई। संवाद

# ट्रैक्टर ट्राली, बाइक चुराने वाले तीन बदमाश दबोचे

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पकडी चौराहे इलाके से ट्रैक्टर ट्रॉली चुराने वाले दो आरोपी व एक बाल अपचारी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया।। तीनों अंतरजनपदीय चोर गिरोह के सदस्य हैं। उनके पास से ट्रैक्टर ट्राली, बाइक, तीन मोबाइल व 190 रुपये नकद बरामद हुआ। सदर कोतवाली क्षेत्र के पकडी चौराहे से दो अगस्त को साधू शरण गुप्ता की ट्रैक्टर ट्राली चोरी हुई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सदर क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए तीन टीमें लगी थी। बुधवार को अंतरजनपदीय चोरों का बासपार बैजौली से गिरफ्तार किया गया। शिवम दूबे निवासी सिसवा गोपाल थाना खड्डा, कुशीनगर, शिवेंद्र यादव निवासी चमरडीहा खड्डा कुशीनगर को गिरफ्तार किया गया। संवाद

# प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी को मिली पदोन्नति

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियुक्त प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी दिनेश दत्त मिश्रा पदोन्नति पाकर उपाधीक्षक बने हैं। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने दी। संवाद

# फर्जी दस्तावेज पर चुनाव लड़ने पर सेमरहना ग्राम प्रधान पर केस

## अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र के आधार पर निर्वाचित हुई थीं ग्राम प्रधान

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। न्यायालय के आदेश पर सेमरहना ग्राम प्रधान और उनके पति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव के रोजगार सेवक ने महिला ग्राम प्रधान और उसके पति के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार कर चुनाव लड़ने की शिकायत न्यायालय में की थी। जिस मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ग्राम प्रधान और उसके पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया है कि

### ग्राम प्रधान और पति के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया

पीड़ित रामकृपाल ने न्यायालय में शिकायत कर कहा है कि वह ग्राम पंचायत सेमरहना और बरगदही में रोजगार सेवक के पद पर तैनात है।

ग्राम पंचायत सेमरहना में सुनीता देवी वर्ष 2021 में अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ ग्राम प्रधान के पद पर निर्वाचित हुई थी, जबकि सुनीता देवी की ओर से 6 सितंबर 2016 में लिए पंजीकृत बैनामे में अपने आपको अनुसूचित न होने का साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है।

इतना ही नहीं निर्वाचित ग्राम प्रधान सुनीता देवी पति ब्यास के सहयोग से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर लाभ प्राप्त करती हैं। पूछताछ करने पर दुर्व्यवहार भी करती हैं। अन्य कर्मचारियों के साथ भी उनका व्यवहार सही नहीं रहता है। इस संबंध में कई बार अधिकारियों से भी शिकायत की गई है लेकिन कोई सार्थक कार्रवाई नहीं की गई।

जिस मामले में रोजगार सेवक के शिकायती पत्र के आधार पर सेमरहना ग्राम प्रधान सुनीता देवी और पति ब्यास के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-31-08-2023

# अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हर्रैया(एसएनबी)।** हापुड में पुलिस व अधिवक्ताओं के बीच हुए बवाल के बाद महिला अधिवक्ता समेत तीन लोगों पर पुलिस कर्मी पर एफआईआर दर्ज कराने पर आक्रोशित अधिवक्ताओं ने शासन प्रशासन विरोधी नारे लगाते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने मांग किया कि दर्ज एफआईआर वापस हो और दोषी पुलिस कर्मी के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। हापुड में हुए बवाल के बाद अधिवक्ता के समर्थन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी न्यायालय के सामने अधिवक्ता एकत्रित हुए। नारे बाजी करते हुए अधिवक्ता सीओ कार्यालय होते हुए एसडीएम के चेम्बर के सामने पहुंचे। शासन प्रशासन विरोधी नारेबाजी चलती रही। इसी दौरान उपजिलाधिकारी को बाहर निकलने में कुछ समय लग गया जिससे आक्रोशित अधिवक्ताओं ने एसडीएम मुर्दाबाद का नारा लगाना शुरू कर दिया। बाद में बाहर निकलकर एसडीएम ने अनभिज्ञता जाहिर करते हुए उनका ज्ञापन लिया। इस मौके पर महामंत्री धीरेन्द्र सिंह, बाल कृष्ण पाण्डेय, बलदेव पाठक, दिनेश मिश्र, महावीर प्रसाद द्विवेदी, हृदयराम, अवनीश कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र यादव, तुलसीराम चौहान, साधू प्रसाद पिनाकी राजभर, प्रेम नरायन पाण्डेय, राममणि शुक्ल, राजमणि पाण्डेय, इन्द्रजीत सिंह, अजय गौतम, रामजनक पाण्डेय सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विवाद को लेकर घर में घुसकर पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पारिवारिक विवाद की बात को लेकर विपक्षियों ने एक महिला व उसके बेटे को घर के अन्दर घुसकर गालियां देते हुए मारा पीटा। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।सोनहा थानान्तर्गत पचमोहनी गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर चम्पा देवी तथा उसके बेटे संदीप को आरोपी सुमित शर्मा, कृष्णा, रमा व कुछ अज्ञात लोगो ने गालियां देते हुए घर के अन्दर घुसकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता चम्पा देवी पत्नी रामविलास शर्मा ग्राम पचमोहनी ,थाना सोनहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुमित शर्मा, कृष्णा पुत्र बीसराम, रमा पुत्री बीसराम निवासीगण हसनापुर, थाना सोनहा तथा एक अज्ञात के विरूद्ध धारा 452, 323, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश को लेकर लड़की को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने एक लड़की को गालियां देते हुए मारा पीटा। इस सम्बन्ध में लड़की के चाचा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। गौर थानान्तर्गत बड़गवां गांव में पुरानी रंजिश को लेकर अनिल कुमार ने राम नरायन की भतीजी पायल को गालियां देते हुए मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राम नरायन पुत्र शम्भू प्रसाद ग्राम बडगवा थाना गौर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी बडगवा थाना गौर के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मामूली विवाद में महिला को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)।** घर के सामने बच्चे द्वारा शौच कर देने की बात को लेकर अभियुक्तो ने एक महिला को गालियां देते हुए मारापीटा। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।रूधौली थानान्तर्गत पिपरा कला गांव निवासिनी नीता पत्नी बबलू ने पुलिस को बताया कि उसका बच्चा विपक्षी प्रभावती के घर के सामने शौच कर दिया। इसी बात को लेकर प्रभावती तथा आशा ने मिलकर गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी प्रभावती पत्नी राजाराम, आशा पुत्री राजमन निवासीगण पिपरा कला, थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# प्रेमजाल में फंसा कर लड़की को भगाया

**बस्ती (एसएनबी)।** एक लड़की को युवक बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।छावनी थाने पर लिखित तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि आरोपी तौफीक उसकी बेटी को अपने प्रेमजाल में फंसाकर तथा शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले गया। मामले में पुलिस ने आरोपी तौफीक पुत्र बहरैची निवासी ग्राम पूरे हेमराज थाना छावनी के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कुएं में डूबकर युवक की मौत

**रूधौली (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थान ा क्षेत्र के कंचनपुर गांव में कुएं में गिरकर डूबने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाया और पोस्ट मार्टम के लिए भेजा दिया है। जानकारी के अनुसार कंचनपुर गांव निवासी वीरेन्द्र पुत्र सुक्खू मंगलवार की रात घर के बगल स्थित एक कुएं की जगत पर बैठा था। इसी बीच अनियंत्रित होकर वह कुएं में गिर गया। कुएं में गिरने की आवाज सुनकर परिजन कुएं के पास पहुंचे लेकिन तब तक वीरेन्द्र कूए में पूरी तरह डूब चुका था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रामदेव व चौकी इंचार्ज मनौरी सुभाष मौर्य ने फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



**पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट : बस्ती।** गौर थानाक्षेत्र के बड़गांव में पुरानी रंजिश में मारपीट का मामला सामने आया है। वहां के राम नरायन ने तहरीर दी है, जिसमें आरोप लगाया कि गांव के अनिल कुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर उसकी भतीजी पायल को अपशब्द कहते हुए मारापीटा। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की है।

# अव्यवस्था के खिलाफ मेडिकल कालेज में धरने पर विधायक



मेडिकल कालेज परिसर में धरना देते सपा विधायक महेन्द्र नाथ यादव।

**बस्ती (एसएनबी)।** महर्षि वशिष्ठ मेडिकल कालेज में मरीज देखने पहुंचे सदर विधायक महेन्द्र नाथ यादव ने वहां की अव्यवस्था के विरुद्ध मेडिकल कालेज पर्ची काउन्टर के सामने समर्थकों के साथ धरना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद प्राचार्य से वार्ता हुई तोव्यवस्था सुधारने का आश्वासन मिला। समाचार लिखे जाने तक सदर विधायक समर्थकों संग धरने पर बैठे रहे। विगत दिनों शिवहर्ष किसान पीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव कराये जानेकी मांग कोलेकरछात्रनेता प्रदर्शन रत थे। इसी दौरान एक छात्र की हालत खराब हो गयी। उसे इलाज केलिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। छात्र केस्वास्थ्य का हाल लेने बुधवार को सपा जिलाध्यक्ष व विधायक सदर महेन्द्र नाथ यादव ने अपने समर्थकों के साथ मेडिकल कालेज पहुंचे जहां वार्ड व्याय के सहारेमरीजों का उपचार किया जा रहा था। जिनकी ड्यूटी वार्ड में लगायी गयी थी वह नदारत थे इसेलेकर विधायक ने कड़ी नाराजगी जतायी और समर्थकों के साथ मेडिकल कालेज पंजीयन काउन्टर के सामने धरने पर बैठ गये।

# गोवंश को खुला नहीं छोड़ें पशुपालक

बस्ती। डीएम प्रियंका निरंजन ने जनपद के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों से अपील किया है कि अपने गोवंश को खुला न छोड़ें। इससे न सिर्फ यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। वाहनों से टकराकर उन्नत नस्ल के गोवंश असमय घायल हो रहे हैं। तीव्र चोट से उनकी मृत्यु हो रही है। डीएम ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में अक्सर देखा जा रहा है कि पशुपालक अपनी गायों का दुग्ध निकालने के बाद बाजार में छोड़ दे रहे हैं। वे अपने गोवंशों को बांधकर रखें या निर्धारित चारागाह के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं नहीं जाने दें। अन्यथा की स्थिति में भारी जुर्माना तथा विधिक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

# रेप पीड़िता का कोर्ट में लिया गया 164 का बयान

- देर रात रुधौली चेयरमैन धीरसेन की गिरफ्तारी की चर्चा होती रही
- नौकरी देने के नाम पर पीड़िता के साथ किया दुष्कर्म

बस्ती, निज संवाददाता। पुलिस ने रेप पीड़िता युवती को अपनी अभिरक्षा में 164 का बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट में बुधवार को पेश किया गया। उसके बाद न्यायालय के आदेश पर पीड़िता का बयान दर्ज कराया गया। देर रात अयोध्या की सीमा के पास गिरफ्तार किए जाने की चर्चा होती रही लेकिन पुलिस ने इसकी फिलहाल पुष्टि नहीं की है।

मालूम हो कि जिले के रुधौली थाना क्षेत्र के एक युवती के साथ नगर पंचायत के चेयरमैन पर दुष्कर्म का आरोप है। दुष्कर्म पीड़ित युवती ने इस मामले में चेयरमैन धीरसेन व माया पाठक समेत दो लोगों पर दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न का केस रविवार की रात में दर्ज कराया था। दुष्कर्म पीड़ित युवती ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया था कि नौकरी के नाम पर चेयरमैन पिछले दो साल से उसका शारीरिक शोषण करते रहे। रेप पीड़िता युवती का महिला पुलिस अभिरक्षा में 164 के बयान के लिए न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर धारा 164 सीआरपीसी के तहत रेप पीड़िता का बयान दर्ज किया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर इंस्पेक्टर रुधौली दिनेश चन्द्र ने बताया कि रेप पीड़िता को न्यायालय में सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज करा दिया गया है। फिलहाल बयान में क्या है उसका अवलोकन अभी नहीं किया जा सका है। अवलोकन कर फौरन लीगल एक्शन लिया जाएगा।

भर्ती छात्रनेता का हाल जानने के लिए अस्पताल पहुचे थे विधायक

# समर्थकों संग अस्पताल में धरने पर बैठे विधायक

**आरोप**

- मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने व्यवस्था में सुधार का दिया आश्वासन
- एसडीएम सदर से वार्ता के बाद रात 7.40 बजे समाप्त हुआ धरना

**सोनूपार, हिन्दुस्तान संवाद।** मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा इकाई ओपेक अस्पताल कैली में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब वहां एक मरीज को देखने पहुंचे सदर विधायक महेंद्र नाथ यादव ओपीडी में अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। विधायक ने अस्पताल प्रशासन पर मरीजों की जान से खिलवाड़ का गम्भीर आरोप लगाया। सूचना पर पहुंचे मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने दोषी स्टॉफ के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक का धरना एसडीएम सदर विनोद कुमार पांडेय से वार्ता के बाद रात 7.40 बजे समाप्त हुआ।

विधायक कैली अस्पताल में भर्ती छात्रनेता रूद्र आदर्श पांडेय का हालचाल जानने के लिए पहुंचे थे। छात्रनेता ने उन्हें बताया कि मंगलवार को उसे इमरजेंसी से मेडिकल वार्ड में शिफ्ट किया गया है। बुधवार सुबह 11 बजे चिकित्सक ने देखकर इंजेक्शन व दवाएं लिखी हैं, लेकिन इसके बाद कोई स्टॉफ वार्ड में आया ही नहीं। चिकित्सक से उन्होंने पेट में सूजन व शरीर में दर्द की शिकायत किया था। यहां कोई पूछने वाला नहीं है। इस पर विधायक ने अधिकारियों को इसकी सूचना दिया। आरोप है कि उनके सूचना देने के बाद भी चिकित्सक वहां देखने के लिए नहीं पहुंचे।

विधायक ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री /स्वास्थ्य मंत्री को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्होंने सदन में कैली अस्पताल की अव्यवस्था का मामला उठाया था, जिस पर मंत्री ने लिखित में जवाब दिया कि कैली में इलाज की व्यवस्था ठीक है। अस्पताल प्रशासन शासन को भी गुमराह कर रहा है। यहां मरीजों की दुर्दशा है, कोई पूछने वाला नहीं है। इसके खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा। जावेद पिण्डारी, अरविन्द सोनकर, मो. सलीम, रघुनन्दन राम साहू, मो. अहमद सज्जू, लोकेश यादव, शैलेन्द्र दूबे, आमिश खान, सुशील यादव, राम चन्द्र यादव, अमित गौड़, अजय यादव, जितेन्द्र यादव, अमरनाथ बाबा, राम सनेही यादव, चन्द्र प्रकाश कन्नौजिया, मो. दाउद के साथ ही मरीजों के परिजन उपस्थित रहे।



ओपेक अस्पताल कैली में धरना देते सदर विधायक व उनके समर्थक।

## स्टॉफ नर्स के खिलाफ की जा रही कार्रवाई

प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने बताया कि जांच में पाया गया है कि वार्ड में तैनात स्टॉफ नर्स सीमा त्रिपाठी ड्यूटी से नदारद थी। एक जेआर की भी लापरवाही सामने आ रही है। सीमा त्रिपाठी का एक दिन का वेतन रोकते हुए नोटिस जारी किया जा रहा है। जेआर को कारण बताओ नोटिस जारी हो रही है। विधायक को भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही नहीं होने का आश्वासन दिया गया है।

## हाथ जोड़कर विधायक के सामने बैठ गए सीएमएस

विधायक को मनाने में अस्पताल प्रशासन को काफी पसीना बहाना पड़ा। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देने के साथ ही मरीज के बेहतर इलाज की बात कही गई। इसके बाद भी जब विधायक अस्पताल की अव्यवस्था का हवाला देकर धरने पर अड़े रहे तो सीएमएस डॉ. एएन प्रसाद उनके सामने हाथ जोड़कर जमीन पर बैठ गए। काफी देर तक मान मनौव्वल का सिलसिला चलता रहा।

# स्कूल से निकलते ही छात्र पर हमला

बस्ती। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के हंसराज लाल इंटर कॉलेज के पास मनबढ़ों ने एक छात्र पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आसपास के लोग उसे स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। थानाक्षेत्र के बंधुआ गांव निवासी अंकित यादव 12वीं का छात्र है। बुधवार को छुट्टी होने के बाद स्कूल से बाहर निकलते समय उसका किसी से विवाद हो गया। इसके बाद मनबढ़ों ने छात्र की पिटाई कर दी। पिटाई में छात्र का सिर फट गया। आसपास के लोगों ने बीचबचाव किया। लहुलूहान छात्र का स्थानीय चिकित्सक ने उपचार किया। चौकी इंचार्ज गनेशपुर श्याम सुंदर ने बताया कि छात्र की मां ने तहरीर दी है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# घर में घुसकर मारने-पीटने पर केस दर्ज

बस्ती। सोनहा थाने के पचमोहनी गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर मारपीट में तीन नामजद व एक अज्ञात पर केस दर्ज किया है। चंपा देवी ने तहरीर दी। जिसमें हसनापुर निवासी सुमित शर्मा, कृष्णा, रमा और एक अज्ञात पर मारपीट का आरोप लगाया।



सपा नेता के भाई के लापता होने की सूचना पर कुआनो नदी में सर्च अभियान चलाती नगर पुलिस व पीएसी के जवान।

# सपा नेता का भाई लापता अमहटघाट पर तलाश जारी

बस्ती, निज संवाददाता। नगर थाना क्षेत्र के महरीपुर निवासी सपा नेता सुभाष यादव के भाई प्रकाश यादव लापता हो गए हैं। प्रकाश यादव की बाइक, कपड़े व अन्य सामान कुआनो नदी के अमहट घाट स्थित दक्षिणी छोर पर मिला। नगर थाने की पुलिस पीएसी के सहयोग से कुआनो नदी में तलाश कर रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में प्रकाश यादव के शुभचिंतक अमहट घाट पर जमा रहे।

नगर थाना क्षेत्र स्थित महरीपुर निवासी प्रकाश यादव (35) पुत्र राम झब्बर यादव मंगलवार शाम से लापता हैं। खोजबीन के बाद परिजनों को उनकी बाइक कुआनो नदी के अमहट घाट के दूसरी तरफ मिली। वहीं पर उनका चप्पल व अन्य सामान मिला। आशंका जताई जा रही है कि वह कुआनो नदी में डूब गए हैं। प्रकाश यादव क्षेत्र के सपा नेता व पूर्व सपा पदाधिकारी सुभाष यादव के भाई हैं। परिजनों की सूचना पर नगर थाने की पुलिस एसओ संतोष सिंह, चौकी प्रभारी फुटहिया राजीव कुमार के साथ 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ यूनिट के जवान स्टीमर लेकर कुआनो नदी में उतरे और सर्च अभियान चलाया। यह अभियान दोपहर एक बजे से शुरू होकर देर शाम तक चलता रहा। पीएसी के जवान अमहट घाट से लेकर भदेश्वरनाथ के पास मोहटा घाट तक स्टीमर से तलाश किया, लेकिन प्रकाश यादव का कुछ पता नहीं चल पाया है। उनके लापता होने की सूचना पर महरीपुर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग अमहट घाट पर पहुंचे। एसओ नगर संतोष सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

# रंगदारी मामले में लोकल अपराधियों पर भी शक

बस्ती, निज संवाददाता। जिले में एक बार फिर से रंगदारी का भूत जगा है। बदमाशों ने व्यापारी व विहिप नेता से फोन मांगी गई तीन लाख रुपये की रंगदारी के मामले में नया मोड़ सामने आया है।

जांच में पुलिस को व्यापारी के किसी करीबी पर ही शक है। इसके अलावा लोकल अपराधियों पर भी शक है। पूर्व में भी कई बार पुरानी बस्ती क्षेत्र के व्यापारी से रंगदारी के मामले सामने आ चुके हैं।

एसओ पुरानी बस्ती महेश सिंह ने बताया कि व्यापारी को इंटरनेट कॉलिंग के जरिए कॉल आई थी। जिसे आईपी एड्रेस के जरिए साइबर सेल और साफ्टवेयर एक्सपर्ट्स की मदद से ट्रेस करने की कोशिश की जा रही है। अभी ज्यादातर नंबर फेक मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 50 दिनों में आई 50 फोन

पहली बार तो व्यापारी ने फोन को नजरअंदाज किया। लेकिन लगातार कॉल आने के बाद सोमवार को पुरानी बस्ती पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने नीरज की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नंबर पकड़ में न आए इसके लिए इंटरनेट कॉल किया गया है। वहीं पुलिस की ओर व्यापारी को सुरक्षा भी दी गई है।

# नाबालिग को किया अगवा

बस्ती। छावनी क्षेत्र से एक नाबालिग बालिका के अगवा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस सिलसिले में परिजनों की तहरीर पर ग्राम पूरे हेमराज गांव निवासी तौफीक के खिलाफ बालिका को अगवा करने व एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मामले की तहकीकात सीओ हर्रैया ने शुरु कर दी है।

# बच्चे के पेशाब करने पर मारपीट

बस्ती। रुधौली थाने के पिपरा कला गांव में दरवाजे के सामने पेशाब करने को लेकर विवाद हो गया। वहां की नीता ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाया कि उसके बच्चे ने विपक्षी के दरवाजे पर पेसाब कर दिया। इसे लेकर वे अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने उसी गांव की प्रभावती और आशा के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# एक इंस्पेक्टर और पैंतीस उपनिरीक्षकों का तबादला

बस्ती। कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने एक इंस्पेक्टर व 35 उपनिरीक्षकों का स्थानांतरण बुधवार की देर रात कर दिया है। निरीक्षण संजय सिह को पुलिस लाइन से प्रभारी जन सूचना सेल बनाया गया है। इसी तरह पैंतीस सब इंस्पेक्टरों को पुलिस लाइन से जनपद के अलग-अलग थानों पर एसपी ने तैनाती दी है।

# सर्च अभियान में नहीं मिली सफलता



अम्हट घाट पर युवक की खोज में सर्च अभियान चलाती पुलिस • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्तीः नगर थाना क्षेत्र के महरीपुर गांव निवासी 35 वर्षीय प्रकाश चंद्र पुत्र रामपदारथ की तलाश में बुधवार को पूरे दिन पीएसी की फ्लड कंपनी के जवानों ने थानाध्यक्ष नगर संतोष कुमार के साथ सर्च अभियान चलाया। जवानों ने मोटरबोट के सहारे भद्रेश्वरनाथ से आगे देवरांव घाट तक सर्च अभियान चलाया, मगर प्रकाश चंद्र का कुछ पता नहीं चल सका।

महरीपुर निवासी रामपदारथ ने नगर थाने पर सूचना दी कि उनका बेटा प्रकाश चंद्र मंगलवार को दोपहर में एक बजे बाइक लेकर घर से निकला, मगर वापस नहीं लौटा। उसका चप्पल और कपड़ा बस्ती शहर से सटे कुआनो नदी के अमहट घाट के पास पड़ा है। उसकी बाइक भी वहीं मिली है। ऐसे में युवक के नदी में कूदने की आशंका जताई गई। नगर पुलिस ने सूचना के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर अमहट घाट के पास कुआनो नदी में सर्च अभियान शुरू किया। प्राइवेट गोताखोर एवं 20वीं वाहिनी पीएसी के बाढ़ राहत दल आजमगढ़ के जवानों की मदद से मोटर बोट द्वारा काफी तलाश किया गया, किंतु उसका कोई पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष संतोष ने बताया कि नदी में काफी दूर तक तलाश करने के बाद भी प्रकाश चंद्र का कुछ पता नहीं चल सका। गुरुवार को फिर सर्च अभियान चलाया जाएगा।

# थाना स्तर पर होगा सीसीटीवी का कंट्रोल रूम

## अब तक 560 स्थानों पर लगे 3800 सीसी कैमरे, पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में हुई बैठक

जागरण संवाददाता, बस्तीः पुलिस लाइन स्थित सभागार में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी की अध्यक्षता में जिले के सभी थाना प्रभारियों और कंप्यूटर आपरेटरों की बैठक की गई। इसमें आपरेशन दृष्टि को लेकर चर्चा की गई।

क्षेत्राधिकारी सदर आलोक प्रसाद ने बताया कि आपरेशन दृष्टि/त्रिनेत्र के तहत जिले में लगाए गए सभी सीसी कैमरों के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। हर थाने पर कंट्रोल रूम के साथ ही जनपद मुख्यालय पर एक सेंट्रल कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। थाने के कंट्रोल रूप में थाना क्षेत्र में लगे सीसी कैमरे की कनेक्टिविटी कर उन्हें लाइव देखा जा सकेगा। इसी प्रकार सभी थानों में लगे महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी की कनेक्टिविटी जनपद मुख्यालय पर स्थापित सेंट्रल कंट्रोल रूम से की जाएगी। इससे जिला मुख्यालय पर बैठकर पूरे जिले के प्रमुख स्थलों की लाइव निगरानी की जा सकेगी। सीसी कैमरे के लिए स्थापित होने वाले कंट्रोल रूम में सेटअप पर भी चर्चा की। बताया कि जिले में अब तक 560 स्थानों पर 3800 सीसी कैमरे लगवाए जा चुके हैं। प्रयास यह है कि कुल एक हजार स्थान पर पांच हजार सीसी कैमरे लगाया जाएं। जिले में पांच सौ प्रमुख स्थानों पर लगे सीसीटीवी की कनेक्टिविटी जिला मुख्यालय के सेंट्रल कंट्रोल रूम से की जाए, जिससे उन्हें लाइव देखा जा सके। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विनय पाठक, मुंडेरवा के प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में आपरेशन दृष्टि को लेकर बैठक करते एएसपी व सीओ सिटी • सौ.पुलिस विभाग

# रक्षाबंधन पर लगीं दुकानों से महादेवा चौराहे पर लगा जाम

जागरण संवाददाता, महादेवा, बस्तीः लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा चौराहे पर रक्षाबंधन पर्व लगीं दुकानों की वजह से बुधवार की शाम को जाम लग गया। इससे लोगों को दो घंटे जाम में फंसना पड़ा। इस दौरान एक किमी तक जाम लगा रहा। वाहनों के पहिए थम गए थे। शाम को महादेवा चौराहे पर देखते ही देखते वाहनों की कतारें लग गईं। महादेवा चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने जाम हटाने का काफी प्रयास किया लेकिन नहीं हट पाया। जाम से लोग परेशान रहे। इसी बीच नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला मौके पर पहुंच गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खत्म हुआ। जगदंबा शुक्ला, शेरु, संजय उपाध्याय, राजाराम, अजीत अग्रहरी, पवन अग्रहरि, सुरेंद्र अग्रहरि, त्रिजुगी नारायण, बाल गोविंद ने कहा कि यहां आए दिन जाम लगता है।



महादेवा चौराहे पर जाम में फंसे लोग •जागरण

# छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक को बांधी राखी

जागरण संवाददाता, बस्ती: पुलिस अधीक्षक कार्यालय में छात्राओं और महिला पुलिसकर्मियों ने एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी, एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी और सीओ सिटी आलोक प्रसाद को राखी बांध उनसे अपनी सुरक्षा का वचन लिया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों की ओर से उपहार भी प्रदान किया गया।

उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी की अनेक छात्राओं ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारियों को राखी बांधकर रक्षाबंधन पर्व मनाया। इसके अलावा पुलिस विभाग की महिला कर्मियों ने भी पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारियों को राखी बांधने के बाद तिलक लगाकर उनकी आरती की गई और मिष्ठान खिलाया गया। सभी अधिकारियों द्वारा बहनों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया।



पुलिस अधीक्षक को बधाई संदेश भेंट करती उर्मिला स्कूल की छात्राएं • सौ.विभाग

# लोक अदालत का होगा आयोजन

बस्ती। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, बस्ती में भी नौ सितम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। यह जानकारी आयोग के अध्यक्ष अमर जीत वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि सुलह समझौते के आधार पर परिवाद का निस्तारण कराया जाएगा।

# आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा

जागरण संवाददाता, छावनी, बस्तीः छावनी पुलिस ने आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर एक व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष छावनी नारायण लाल श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार की शाम उप जिलाधिकारी हर्रैया गुलाब चंद्र नेतृत्व में शराब की दुकानों को निरीक्षण किया गया था।

इसके बाद थाना क्षेत्र के छतौना गांव निवासी बेकारू निषाद को कच्ची शराब बनाने के सामान सहित गिरफ्तार किया गया था। आबकारी निरीक्षक आनंद कुमार गौड़ की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

से बरंग ही लौटना

# रंजिश को लेकर मारापीटा, मुकदमा

बस्ती: गौर थाने के बड़गवां गांव निवासी रामनरायन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर उनके भतीजी पायल को विपक्षी ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार गांव के ही अनिल कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

शौच करने की बात को लेकर मारपीट,बस्ती: रुधौली थाना क्षेत्र के पिपरा कला गांव निवासी नीता पत्नी बबलू ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके बच्चे द्वारा विपक्षी के मुहारे पे शौच कर देने की बात को लेकर विपक्षियों ने उन्हें अपशब्द कहा, मारापीटा और जान माल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रभावती और आशा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पारिवारिक विवाद को लेकर मारा पीटा, बस्ती: सोनहा थाने के पचमोहनी गांव की रहने वाली चंपा देवी पत्नी रामबिलास शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पारिवारिक विवाद को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर उन्हें व उनके बेटे संदीप को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुमित शर्मा, कृष्णा सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# श्रमिकों ने बकाया दिलाने की मांग को लेकर दिया धरना



अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पांडेय को ज्ञापन सौंपते बस्ती चीनी मिल बचाओ संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी जागरण

**जासं,बस्ती**: बस्ती चीनी मिल बचाओ संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले श्रमिकों ने मंडलायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त प्रशासन राजीव पांडेय को सौंपा।

ज्ञापन में चीनी मिल श्रमिकों ने मांग किया हैं कि श्रमिकों के करोड़ों रुपये मिल मालिकों पर बकाया है। श्रम विभाग और प्रशासन श्रमिकों का पैसा दिलाए। बार-बार अनुस्मारक पत्र दिए जाने के बावजूद विभाग के लोग श्रमिकों की समस्याओं की अनदेखी कर रहे हैं। श्रमिक मेहनत, मजदूरी का पैसा मांग रहा है। उसे नहीं दिया जा रहा है। श्रमिक तिल-तिल मरने को मजबूर है। बोनस के पैसे का कुछ पता ही नहीं चल रहा है। रमेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित धरना में रामवृक्ष यादव, कृष्ण कुमार मिश्र, जसपाल सिंह, परमात्मा प्रसाद श्रीवास्तव सहित कई श्रमिक मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का आरोपित नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद गिरफ्तार

## लखनऊ जाते समय रास्ते में हुई गिरफ्तारी, 27 को दर्ज हुआ था केस

जागरण संवाददाता,रुधौली, बस्ती: रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक अनुसूचित जाति की 35 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपित नगर पंचायत अध्यक्ष रुधौली धीरसेन निषाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी बुधवार को रात में लखनऊ जाते समय छावनी थाना क्षेत्र से की गई है। हालांकि आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। मगर सूत्रों की माने तो उन्हें स्वाट और रुधौली थाने की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है। उन्हें पहले छावनी थाने फिर रुधौली ले जाया गया है।

रुधौली थानाक्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने 27 अगस्त को रुधौली पुलिस को तहरीर देकर रुधौली नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद पर सफाईकर्मी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी थी। आरोप लगाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने कभी गोशाला रुधौली में तो कभी अपने कार्यालय के बगल वाले कमरे में ले जाकर दुष्कर्म किया। यह भी आरोप लगाया कि गर्भधारण होने की स्थिति पर अध्यक्ष के सहयोगी माया पाठक ने उसे जबरन दवा भी खिला दी। मामले में रुधौली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना सीओ रुधौली प्रीती खरवार द्वारा की जा रही थी। पीड़िता का मेडिकल कराने के बाद पुलिस आरोपित की तलाश में जुट गई। बताया जा रहा है कि स्वाट और रुधौली पुलिस ने आरोपित धीरसेन को लखनऊ जाते समय छावनी के पास से धर दबोचा।

# लापता युवक की नदी किनारे मिलीं चप्पलें व कपड़े

**नगर बाजार (बस्ती)।** महरीपुर गांव का 35 वर्षीय युवक मंगलवार से लापता है। बुधवार को उसका कपड़ा, चप्पल अमहट नदी के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि युवक नदी में ही कहीं लापता हुआ है। पुलिस उसके पिता की तहरीर पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर गोताखोरों के जरिये नदी में तलाश करा रही है। समाचार लिखे जाने तक उसका पता नहीं चल सका है। लापता प्रकाश चंद्र (35) मंगलवार को मोटरसाइकिल लेकर निकला, मगर अब तक नहीं आया। थाना प्रभारी नगर संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस फोर्स के साथ प्राइवेट गोताखोर व 20वीं वाहिनी पीएसी बाढ़ राहत दल आजमगढ़ की सहायता से मोटरबोट से तलाश किया जा रहा है। संवाद

# दुष्कर्म में नामजद रुधौली के चेयरमैन की गिरफ्तारी की चर्चा

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुधौली, बस्ती।** नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन सपा नेता धीरसेन निषाद पर दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली पीड़िता का बुधवार को चिकित्सकीय परीक्षण पूरा हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसका न्यायालय में कलमबंद बयान कराया।

इसके तत्काल बाद हरकत में आई पुलिस की कई टीमें चेयरमैन की तलाश में जुट गई। देर रात अयोध्या की सीमा के पास गिरफ्तार किए जाने की चर्चा होती रही लेकिन पुलिस ने इसकी फिलहाल पुष्टि नहीं की है। बता दें कि रुधौली थाना क्षेत्र की रहने वाली 35 वर्षीय पीड़िता ने नगर पंचायत अध्यक्ष पर दुष्कर्म, जबरन गर्भपात व एससीएसटी के तहत केस दर्ज कराया है। पुलिस को तहरीर देकर पीड़िता ने बताया कि वह नौकरी की तलाश में थी। इस दौरान एक महिला के जरिए मई 2021 में उसकी मुलाकात नगर पंचायत अध्यक्ष धीरसेन निषाद से हुई।

आरोप है कि नपं अध्यक्ष ने नौकरी दिलाने की बात कही। साथ ही अकेले में ले जाकर कहा कि इसके लिए तुम्हे मेरी बात माननी होगी। नौकरी का झांसा देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। बाद में अगस्त 2022 में सफाई कर्मी की नौकरी दे दी। आरोप है कि पीड़िता के गर्भवती हो जाने पर एक माया नाम की महिला के हाथों दवा भेजकर जबरन गर्भपात करवा दिया। पुलिस ने धीरसेन निषाद निवासी केवटहिया वार्ड नंबर 15 शहीद कीर्तकरनगर रुधौली व माया पाठक पता अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म, षड़यंत्र रचने और एससी-एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। मंगलवार और बुधवार को पीड़िता का मेडिकल कराया गया। जिसके बाद उसका न्यायालय में बयान कराया गया।

# घर में घुसकर मारने-पीटने पर केस

**बस्ती।** सोनहा थाने के पचमोहनी में पारिवारिक विवाद को लेकर हुई मारपीट में तीन नामजद व एक अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। इस संबंध में चंपा देवी ने तहरीर दी, जिसमें हसनापुर निवासी सुमित शर्मा, कृष्णा, रमा और एक अज्ञात पर आरोप लगाया कि इन लोगों ने घर में घुसकर मारापीटा। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः-31-08-2023

# बहनों ने पुलिस कर्मियों की हाथों में बांधी राखी

उसका बाजार(एसएनबी)। उसका थाना परिसर में बुधवार को एकल अभियान संस्था द्वारा रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस अवसर पर संस्था की बहनों ने पुलिस कर्मियों की कलाई पर राखी वांधकर सुरक्षा का वचन लिया। सभी बहने थाली में रक्षाबंधन, मिठाई, रोली आदि समान सजाकर पूर्व निर्धारित समयानुसार थाना पहुँची और सबसे पहले एसओ दिनेश कुमार सरोज को तिलक लगाकर उनकी कलाई में राखी बांधी। इसके बाद मिठाई खिलाकर रक्षा का वचन लिया। एसओ ने भी उपहार भेंट करते हुए उनकी सुरक्षा का विश्वास दिलाया। इसके बाद सभी बहनों ने बारी बारी से अन्य पुलिस कर्मियों की कलाई पर संस्था की बहनों ने रक्षाबंधन बांधकर अपनी रक्षा का वचन लिया। इस अवसर पर एसओ दिनेश कुमार सरोज ने कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व है। यह पर्व भाई को जीवन भर बहन की सुरक्षा करने का संदेश देता है।



# फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी

बांसी (एसएनबी)। खेसरहा थानांतर्गत पिढिया गाँव के पोखरे पर स्थित बाबा पीढ़ेश्वर नाथ महादेव मंदिर के प्रबंधक पिढ़िया निवासी अशोक कुमार त्रिपाठी पुत्र चन्द्रबली ने गांव की महिला चौकीदार पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। ट्रस्ट के पैड पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को जरिये डाक भेजे गए पत्र में उन्होंने महिला चौकीदार के नाम का उल्लेख करते हुए उसके द्वारा फर्जी मुकदमे में फंसाये जाने की धमकी देने की शिकायत की है।शिकायती पत्र में प्रबंधक अशोक कुमार ने लिखा है कि गांव की चौकीदार ने मंदिर के पास स्थित जमीन को पहले से ही पट्टा लिया था। अभी जल्दी ही उसने पोखरे को भी पट्टा ले लिया। त्रिपाठी के अनुसार पोखरा पट्टा लेने के बाद से महिला चौकीदार द्वारा मंदिर पर लगे फूल पैधों को तोडकर अथवा खरपतवार नाशक दवा का छिडकाव कर नुकासान पहुंचाया जा रहा है। बोलने पर गंदी गंदी गाली के साथ महिला उत्पीड़न व हरिजन एक्ट मुकदमाए में फंसाने की धमकी दी जाती है। उक्त के क्रम में अशोक कुमार त्रिपाठी ने पत्र के माध्यम से उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराने के साथ इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की मांग किया है। इस बावत थानाध्यक्ष खेसरहा शशांक सिंह ने बताया कि इस आशय का प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# प्रेम प्रसंग में की गई वसीउल्लाह की हत्या

**घटना में शामिल अभियुक्त गिरफ्तार**

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। जिले के इटवा थाना क्षेत्र में गत दिवस इटवा में डा.नावेद के वुशरा के पालीक्लिनिक में एक युवक की हत्या के घटना का खुलासा करते हुए एसओजी इटवा थाने की संयुक्त टीम ने तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है,गिरफ्तार किए गए अभियुक्त में से दो बाल अपचारी है।

पकड़े गए अभियुक्त का नाम जुम्मन उर्फ नुरुल हुदा पुत्र मोहम्मद सई है,वह इटवा नगर पंचायत के अटल नगर वार्ड का निवासी है।मृतक वसीउल्लाह की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई थी।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त जुम्मन उर्फ नुरुलहुदा से पूछताछ किया गया उसने बताया कि मृतक वसीउल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह निवासी बन्नी थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर जो डा0 नावेद के वुशरा पालीक्लीनिक पर कार्य करता था, जिसे मेरे घर से खाने का टिफिन केवल शाम को 1हजार रुपए प्रति माह की दर से जाता था। मेरा घर व क्लीनिक अगल-बगल है। जिसका प्रेम सम्बन्ध मेरी लड़की से हो गया था। जो मेरी लड़की से व्हाट्सएप पर चैट करता था तथा अपने पास बुलाता था जानकारी होने पर हम लोगो ने काफी समझाया परन्तु नहीं माना। जो मेरी लड़की को लेकर भाग जाने की फिराक में था। जिसके कारण मैंने अपने दो नाबालिग पुत्रो के साथ मिलकर 8 जुलाई की रात्रि के भोजन में नींद की गोली मिलाकर टिफिन भेजा था। अपने दोनो पुत्रो के साथ क्लीनिक में जाकर मैंने सर्जिकल ब्लेड से गला काटकर वसीउल्लाह को मार डाला था।



जानकारी देते पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल।

अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में इटवा थाना प्रभारी संतोष तिवारी,एसओजी प्रभारी शेष नाथ यादव, सर्विलास सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह,उप निरीक्षक संजय राय,मुख्य आरक्षी हरिकेश चौहान,अनूप यादव,नितेश यादव, बृजेश कुमार,अवनीश सिंह, पवन तिवारी,मृतुंजय कुशवाहा,वीरेंद्र त्रिपाठी, देवेश यादव, विवेक मिश्र, अभिनंदन सिंह शामिल रहे।

# नारी शक्ति जागरूक अभियान का आयोजन

डुमरियागंज (एसएनबी)। भवानीगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत भड़रिया चौराहे पर स्थित मौलाना अबुलकलाम आजाद चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में मिशन शक्ति जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डुमरियागंज थाने पर तैनात सबइंस्पेक्टर शाइसता खान उपस्थित रहीं। इस अवसर पर सबइंस्पेक्टर शाइसता खान ने बलिकाओं को अपराध संबंधित रोकथाम के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं का हेल्पलाइन नंबर यू पी 112, 1090, 1076, 1098 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के संबंध में अवगत कराते हुए सड़क सुरक्षा साइबर क्राइम, सोशल मीडिया से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया गया। साथ ही अपरेशन संकेत नशा मुक्ति के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में सईद अहमद अलीगी ने मौजूद बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि अपनी बच्चियों को आला तालीम दें ताकि वह खुद अपनी व अपने परिवार की रक्षा व भ्ररण पोषण कर सकें। शिक्षा हासिल बच्चियां हर शोबे में काम कर सकती हैं। वह डाक्टर, इंजीनियर, विज्ञानिक बनकर देश की सेवा कर सकती हैं। अन्त में उन्हें कहा कि "जरूरी नहीं रौशनी चिरागों से ही हो, बेटियां भी घर में उजाला करती हैं"। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक मलिक नोमान अहमद के अलावा मलिक सफीउल्लाह, जैनुल्लाह खान सहित अभिभाव व बच्चे मौजूद रहे।



डीएम-एसपी को हटाने व दोषी पुलिस अधिकारियों-जवानों पर केस दर्ज करने की मांग, न्यायालय परिसरों में हुआ प्रदर्शन

# हापुड़ में वकीलों पर लाठी चार्ज से जिले में उबाल

**आक्रोश**

सिद्धार्थनगर, हिन्दुस्तान टीम। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज को लेकर जिले के अधिवक्ताओं में बुधवार को उबाल देखने को मिला। जिला मुख्यालय से लेकर वाह्य न्यायालयों के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही डीएम व एसपी को हटाने व उन्हें कभी जिले का चार्ज न देने की भी मांग की।

सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम मिश्र की अध्यक्षता में जिला न्यायालय से प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं की भीड़ कलक्ट्रेट पहुंची। हापुड़ की घटना से नाराज अधिवक्ता घरनारत हापुड़ के अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। अधिवक्ता हापुड़ के डीएम व एसपी को हटाने व आजीवन कहीं का चार्ज न देने की भी मांग कर रहे हैं। उन्होंने घायल अधिवक्ताओं को तत्काल पांच पांच लाख रुपये का मुआवजा देने, अधिवक्ताओं की सुरक्षा वाले एडवोकेट प्रोटक्शन बिल को तत्काल लागू करने व हापुड़ की घटना की जांच हाईकोर्ट के जज से कराने की मांग की है। अधिवक्ता डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजना चाह रहे थे लेकिन उनके मौजूद न रहने पर एसडीएम सदर लेने पहुंचे तो उन्हें ज्ञापन देने से इनकार कर दिया। अधिवक्ताओं का कहना था कि डीएम को ही ज्ञापन देंगे। बाद में एडीएम उमाशंकर पहुंचे तो उन्हें सीएम के संबोधन वाला ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महामंत्री सिद्धनाथ पांडेय, अखंड प्रताप सिंह, दिव्य प्रकाश शुक्ल, हरिहर पाठक, कृपाशंकर त्रिपाठी, राहुल दुबे, अंजनी दुबे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। डुमरियागंज में बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष इंद्रमणि पांडेय की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर हापुड़ की घटना की निंदा की। कहा कि पुलिस ने बर्बरता का परिचय दिया है। उनके खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। डीएम व एसपी को भी घटना के लिए जिम्मेदार बताते हुए तत्काल हटाने व उन्हें चार्ज न देने की मांग की। इस दौरान महामंत्री राम बहादुर, उदय सिंह, मुनीस हैदर रिजवी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी भेजा।



बुधवार को एडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए सिविल सिद्धार्थनगर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

- अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की
- न्यायालय से प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ताओं की भीड़ कलक्ट्रेट पहुंची



डुमरियागंज में हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज के विरोध में प्रदर्शन किया।

## हापुड़ की घटना पर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

- एसडीएम को सौंप दोषी पुलिस पर कार्रवाई की मांग की
- अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

इटवा, हिसं। हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को इटवा तहसील में न्यायिक कार्य से विरत रहकर अधिवक्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपने गुस्से का इजहार किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप दोषी पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की।

बार एसोसिएशन इटवा के तहसील अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि हापुड़ में पुलिस की ओर से अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने की घटना निन्दनीय है। घटना के दोषी पुलिस कर्मियों पर शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए। पुलिस के ऐसे बर्ताव को अधिवक्ता कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र ही प्रभावी एवं सार्थक कार्रवाई नहीं की गई तो तीन सितंबर को बार कौंसिल की बैठक के बाद आगे की लड़ाई और तेज की जाएगी। इस मौके पर दिनेश कुमार सिंह, दिलीप चंद श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र दुबे, अवधेश कुमार मिश्र, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, हारून रसीद, मोहम्मद हाशिम, अब्दुल हलीम आदि मौजूद रहे।

# फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार

मिश्रौलिया। मिश्रौलिया पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपित को पकड़ लिया है। थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने बताया कि क्षेत्र के एक गांव निवासी गणेश पुत्र राम किशोरी से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहा था। बुधवार को उसे उसके गांव से ही पकड़ लिया गया।

# अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रहें

भड़रिया बाजार। भड़रिया स्थित एक निजी स्कूल में बुधवार को डुमरियागंज थाने की महिला चौकी प्रभारी शाइसता खान ने सुरक्षा को लेकर छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्राओं से अपनी सुरक्षा को लेकर सजग रहने को कहा।

उन्होंने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर है। हेल्प लाइन नंबरों के जरिए तत्काल सुरक्षा की व्यवस्था भी सुनिश्चित है। घरेलु हिंसा, आपत्तिजनक हरकत आदि के संबंध में 1090 व 112 पर शिकायत दर्ज करा सकती हैं। इस दौरान मलिक नोमान अहमद, मौलाना सईद अहमद अलीमी, शफीउल्लाह, सुशमा वर्मा, सोनी यादव, राकेश दुब, मनीष कुमार दुबे, अजय कुमार सिंह, शमशेर अंसारी, शहादत अली, मुंजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

खेसरहा। खेसरहा पुलिस ने महिला संबंधी अपराध, हत्या का प्रयास आदि मामलों में संलिप्त तीन लोगों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। इसमें क्षेत्र के कुड़जा गांव निवासी नसीबदार, कलनाखोर निवासी राममिलन व गेंगटा गांव निवासी राजन शामिल हैं।

# भगा कर ले आई जा रही नेपाली किशोरी बरामद

## दो गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। शादी का झांसा देकर नेपाल से भगा कर लाई जा रही एक किशोरी को दो नेपाली युवकों के साथ एसएसबी ने सीमा चौकी धनौरा पर हिरासत में ले लिया।

कमांडिंग अधिकारी 43वीं वाहिनी शक्ति सिंह ने बताया कि धनौरा चौकी के पास से दो नेपाली युवकों संग शादी का झांसा देकर ले जाई जा रही नेपाली किशोरी को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि एसआई माधव गुप्त के नेतृत्व में आरक्षी नागेन्द्र कुमार सिंह, आरक्षी महिला अंजलि नेगी, अनीता सीमा पर जांच रहे थे। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम रामू निवासी बुद्धभूमी वार्ड संख्या सात जिला कपिलवस्तु नेपाल व अर्जुन निवासी बरगदवा वार्ड संख्या दो थाना तौलिहवा जिला कपिलवस्तु नेपाल बताया। पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई के लिए एचयूटी सिद्धार्थनगर को सौंप दिया है।

# घर से भागी किशोरी समेत तीन नाबालिग पकड़ाएं

- नेपाल के निवासी तीनों नाबालिग कर रहे थे भारतीय सीमा में प्रवेश
- किशोर व किशोरी करने आ रहे थे विवाह, तीसरा था सहयोग में

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : एसएसबी 43वीं वाहिनी के जवानों ने बुधवार को शोहरतगढ़ थाना के धनौरा गांव के पास किशोरी समेत तीन नाबालिग को संदिग्ध रूप से भारतीय सीमा में प्रवेश करते समय पकड़ लिया। यह सभी नेपाल के निवासी हैं और अपने घर से भागे हुए थे। इसमें किशोरी व किशोर प्रेम विवाह करने के लिए सिद्धार्थनगर आ रहे थे। तीसरा इनका सहयोग करने के लिए साथ में आया था। एसएसबी ने इन तीनों को एएचटीयू के सुपुर्द कर दिया। इनसे पूछताछ की जा रही है।

एसएसबी के कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि सीमा चौकी धनौरा से एसआइ माधव गुप्ता के नेतृत्व में टीम गश्त कर रही थी। संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी व दो किशोर को सीमा में प्रवेश करते हुए देखा। टीम ने इनसे पूछताछ की तो इन्होंने बताया कि वह प्रेम विववाह करने के लिए जा रहे थे। घर में किसी को नहीं बताए। पकड़े गए किशोर व किशोरी नेपाल के कपिलवस्तु जिला के निवासी है। कार्रवाई करने वाली टीम में आरक्षी नागेंद्र कुमार सिंह, महिला आरक्षी अंजलि नेगी, अनीता समेत अन्य मौजूद रहे।

# ९० बकरों के साथ एक गिरफ्तार

शोहरतगढ़। शोहरतगढ़ पुलिस ने बुधवार को नेपाल बॉर्डर से सटे पैकी गांव के पास ९० बकरों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। वह बकरों को नेपाल ले जा रहा था। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि बुधवार को कोटिया पुलिस चौकी प्रभारी अमित शाही को सूचना मिली कि पैकी गांव के पास एक वाहन आकर खड़ी हुई है। उसमें से बकरों को उतार एक व्यक्ति नेपाल ले जा रहा है। टीम ने बकरों के साथ एक व्यक्ति को पकड़ लिया।

# पैथॉलाजी संचालक ठगी का शिकार

लोटन। लोटन कोतवाली क्षेत्र का एक पैथालाजी सेंटर चलाने वाला ठगी का शिकार हो गया है। एसएसबी जवान बन कर ब्लड जांच कराने के नाम पर ठगों ने संचालक से 17499 रुपया खाता में ट्रांसफर करा लिया।

लोटन क्षेत्र के ठोठरी बाजार में अशोक कुमार का पैथालाजी सेंटर है। बुधवार दोपहर में एक व्यक्ति ने फोन कर खुद को एसएसबी बीओपी हरिबंशपुर का जवान बताया। संचालक से कहा कि जवानों के खून की जांच होनी है। अगर आप तैयार हैं तो मैं पैसे व जवानों की लिस्ट भेज दूं। संचालक लालच में आ गया और उसने हां कर दी। फोन करने वाले व्यक्ति ने एक भारी भरकम लिस्ट भेज दी। संचालक देख कर गदगद हो गया। उस व्यक्ति ने संचालक से कहा कि एडवांस बुकिंग के लिए हमें तत्काल पैसे भेजने होंगे। संचालक को झांसे में लेकर उसने क्यूआर कोड के जरिए 17499 रुपया खाता में ट्रांसफर करा लिया। जब तक पैथालाजी संचालक को कुछ समझ में आता वह ठगी का शिकार हो चुके था। संचालक ने बताया कि उसने साइबर सेल में शिकायत दर्ज करा दी है।

# महिला का पखवारे भर बाद नदी में मिला शव

लोटन, हिन्दुस्तान संवाद। उस्का बाजार थाना क्षेत्र के बरडाड बरगदी गांव की रहने वाली महिला का शव बुधवार को लोटन कोतवाली क्षेत्र की कूड़ा नदी में मिला। वह 14 अगस्त से गायब थी। गुमशुदगी की रिपोर्ट उस्का बाजार थाना में दर्ज थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

- लोटन क्षेत्र के देवपुर मस्जिदया गांव के पास कूड़ा नदी में मिला शव
- उस्का बाजार क्षेत्र के बरडाड बरगदी गांव की रहने वाली थी महिला
- 14 अगस्त को हो गई थी गायब, उस्का थाने में दर्ज था केस

उस्का बाजार थाना क्षेत्र के बरडाड बरगदी गांव निवासी सोनमती (54) पत्नी बाबूराम 14 अगस्त को अचानक घर से गायब हो गई थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन पता नहीं चल सका। परिजन ने उसके गुमशुदगी की रिपोर्ट उस्का बाजार थाने में दर्ज करा दी थी। बुधवार को लोटन कोतवाली क्षेत्र के देवपुर मस्जिदया गांव के पास से बहने वाली कूड़ा नदी के किनारे एक महिला का शव देख कर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची लोटन पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर शिनाख्त कराई तो उसकी पहचान सोनमती (54) पत्नी बाबूराम के रूप में हुई। थानाध्यक्ष चंदन ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### इटवा कस्बे में आठ जुलाई की रात रेता गया था युवक का गला

# प्रेम सम्बंध में की गई थी वसीउल्लाह की हत्या

**खुलासा**

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। इटवा कस्बा में आठ जुलाई की रात डॉ.नावेद के बुशरा पाली क्लीनिक पर काम करने वाले वसीउल्लाह की प्रेम संबंध में गला रेत कर हत्या की गई थी। इसका खुलासा बुधवार को एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान किया। उन्होंने बताया कि मामले में लड़की के पिता व उसके दो नाबालिग भाइयों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी ने बताया कि संतकबीरनगर जिले के दुधारा थाना क्षेत्र के बन्नी गांव निवासी वसीउल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह इटवा के बुशरा पाली क्लीनिक पर काम करता था। क्लीनिक के डॉ.नावेद ने नौ जुलाई की सुबह उसकी हत्या की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने डॉक्टर की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी लेकिन सुराग नहीं मिल रहा था। एसपी ने बताया कि इटवा पुलिस के साथ एसओजी व सर्विलांस टीम खुलासा में लगी थी। मृतक के मोबाइल की काल डिटेल से पता लगाने के दौरान एक नंबर सामने आया जो क्लीनिक के बगल के घर का था।

पुलिस ने जुम्मन उर्फ नूरुलहुदा पुत्र मोहम्मद सई को उठा कर पूछताछ की तो पहले वह घटना में संलिप्त होने से इनकार करता रहा लेकिन कुछ ही देर में टूट गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वसीउल्लाह बुशरा पाली क्लीनिक पर काम करता था। उसके रात की खाने की टिफिन उसके घर से जाती थी इसके बदले एक हजार रुपया देता था। मेरा घर क्लीनिक के बगल में है ऐसे में मेरी लड़की से वसीउल्लाह का प्रेम संबंध हो गया था। वह मेरी लड़की से वाटसअप चैट करता था। कई बार समझाया लेकिन समझ में नहीं आया था। वह मेरी लड़की को भगा कर ले जाना चाहता था। आठ अगस्त की रात उसके भोजन में मैंने व मेरे दो नाबालिग बेटों ने नींद की गोली मिली दी थी।

देर रात में क्लीनिक में मैं और मेरे दोनों बेटों ने सर्जिकल ब्लेड से वसीउल्लाह की गला रेत कर हत्या कर दी थी। एसपी ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी व उसके दोनों नाबालिग लड़कों को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।



बुधवार को पुलिस कार्यालय में इटवा में हुई हत्या का एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने खुलासा किया। • हिन्दुस्तान

- लड़की के पिता व उसके दो भाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार
- इटवा कस्बे में आठ जुलाई की रात बुशरा पाली क्लीनिक पर हुई थी वारदात
- एसपी अभिषेक अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में घटना का किया खुलासा

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

संतोष कुमार तिवारी थानाध्यक्ष इटवा, शेषनाथ यादव प्रभारी एसओजी, सुरेन्द्र सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, एसआई संजय राय, रमाकांत सरोज, मुख्य आरक्षी हरिकेश चौहान, अनूप यादव, अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, देवेश यादव, विवेक मिश्र, अभिनन्दन सिंह, आरक्षी वीरेन्द्र त्रिपाठी, नितेश यादव, बृजेश कुमार शामिल रहे।

## एक नजर

### 90 बकरे कराए गए मुक्त,आरोपित गिरफ्तार

शोहरतगढ़ : तस्करी कर नेपाल ले लाए जा रहे 90 बकरों को शोहरतगढ़ थाने की कोटिया चौकी पुलिस ने मुक्त कराया। साथ ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित का नाम मुमताज है। वह बहराइच के छोटकी तकिया गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। कोटिया चौकी प्रभारी अमित शाही को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पैकी गांव के पास एक वाहन खड़ा है।उसमें से बकरों को उतार कर एक व्यक्ति उन्हें नेपाल ले जा रहा है। चौकी प्रभारी ने मौके पर दबिश दी तो आरोपित भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे घेरा बंदी कर पकड़ लिया। (जासं.)

### दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

बढ़या : मिश्रौलिया थाना पुलिस ने बुधवार को दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि नागचौरी निवासी गणेश के विरुद्ध दुष्कर्म की धारा सहित पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत था। (जासं.)

# नशीले पदार्थो की तस्करी रोकने की बनी रूपरेखा

जासं, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में नार्को कोआर्डिनेशन सेंटर की समीक्षा बैठक की। सीमा पर होने वाले नशीले पदार्थ की तस्करी को रोकने की रूपरेखा तैयार की।

डीएम ने कहा कि नशीले पदार्थ की तस्करी रोकने के लिए प्रशासनिक अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस, एसएसबी, आबकारी और औषधि विभाग की संयुक्त टीम गठित की जाएगी। नेपाल के सीमावर्ती थाना लोटन, मोहाना, कपिलवस्तु, शोहरतगढ़ और ढेबरुआ के दवाई की दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाए।

# प्रेम–प्रसंग में हुई थी वसीउल्लाह की हत्या

## तीन आरोपित गिरफ्तार, नौ जुलाई को निजी अस्पताल के कमरे में मिला था शव

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में इटवा बाजार में हुई निजी अस्पताल कर्मी वसीउल्लाह की हत्या का पर्दाफाश किया। अस्पताल कर्मी संतकबीर नगर का निवासी और नौ जुलाई को उसका शव कमरे में मिला था। मामले का पर्दाफाश इटवा थाना, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने किया। पुलिस टीम ने दो नाबालिग पुत्र-पिता समेत तीन आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसका नाम जुम्मन है।



मृतक वसीउल्लाह फाइल फोटो●

एसपी ने बताया कि वसीउल्लाह के मोबाइल में मिले वाट्सएप चैटिंग से काफी जानकारी प्राप्त हुई है। जब आरोपितों से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि रात को उसके घर से वसीउल्लाह का भोजन जाता था। इसी कारण से उसका घर में आना-जाना भी था। इसी दौरान पुत्री से उसकी बातचीत शुरू हो गई। वह वाट्सएप के माध्यम से लगातार बात करता रहता था। इसे लेकर एक-दो बार उसे समझाया। लेकिन वह नहीं माना, घटना वाले दिन भोजन में नींद की गोली मिलाकर दे दिया। रात को करीब 12 बजे छत के रास्ते उसके कमरे में घुसकर सर्जिकल ब्लेड से गला काट कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सर्जिकल ब्लेड को बरामद किया है। कार्रवाई करने वाली टीम में एसएचओ इटवा संतोष कुमार तिवारी, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सर्विलांस प्रभारी सुरेंद्र सिंह, एसआइ संजय राय, रमाकांत सरोज, मुख्य आरक्षी अवनीश सिंह, पवन तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, देवेश यादव, विवेक मिश्रा समेत अन्य मौजूद रहे।



गिरफ्तार आरोपित के बारे मे जानकारी देते एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल● जागरण

**पेट में घुसा सर्जिकल ब्लेड:** वसीउल्लाह के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दो बार गला काटने और पेट में गहरा घाव दर्शाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपितों ने बताया कि जब सर्जिकल ब्लेड से उसका गला काटने लगे थे तो वह नींद में उठकर हाथापाई करने लगा। इसी आपाधापी में सर्जिकल ब्लेड उसके पेट में घुस गया था।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी कंपाउंडर की हत्या मोबाइल फोन से मिला सुराग

## इटवा कस्बा के बुशरा पाली क्लीनिक पर हुई युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** इटवा कस्बे के बुशरा पाली क्लीनिक पर आठ जुलाई की रात हुई युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी पिता और दो नाबालिग पुत्रों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्या में प्रयुक्त हथियार सर्जिकल ब्लेड भी बरामद कर लिया।

हत्यारोपी का कहना था कि मृत युवक का उसकी बेटी से संबंध था, जो उसे भगाने की फिराक में था। मना करने पर नहीं माना, इसलिए पहले उसके भोजन में नींद को गोली डाली, जब सो गया तो बेटों के साथ मिलकर गला काट उसकी हत्या कर दी। कंपाउंडर के मोबाइल का लॉक खुलने पर हत्या का सुराग लगा और एक माह 22 दिन बाद पुलिस को हत्या का खुलासा करने में कामयाबी मिली।

इटवा कस्बा में डुमरियागंज मार्ग पर स्थित डॉ. नावेद के बुशरा पाली क्लीनिक पर कार्य कर रहे वसीउल्लाह पुत्र अजीमुल्लाह की आठ जुलाई की रात में गला रेतकर हत्या हो गई थी। उसका शव क्लीनिक में ही पाया गया था। वह संतकबीर नगर जिले के दुधारा थाना क्षेत्र के बन्नी गांव का निवासी था। नौ जुलाई सुबह को इसकी सूचना डॉ. नावेद ने पुलिस को दी।

### पुलिस टीम ने पिता और दो नाबालिग पुत्रों को किया गिरफ्तार, सर्जिकल ब्लेड बरामद

अज्ञात पर केस दर्जकर मामले की इटवा, एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम छानबीन कर रही थी। इटवा थानाध्यक्ष संतोष कुमार तिवारी, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव और सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मामले का खुलासा करते हुए बुधवार को इटवा कस्बा से एक आरोपी और उसके दो नाबालिग पुत्रों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार सर्जिकल ब्लेड व एक मोबाइल बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय व बाल अपचारियों को किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

**बेटी को भगाने की फिराक में था, इसलिए काट दिया गला :** मृतक वसीउल्लाह पाली क्लीनिक के बगल में स्थित हत्यारोपी के घर से प्रतिदिन शाम को खाने का टिफिन आता था। मृतक इसके बदले में हत्यारोपी को एक हजार रुपये प्रति माह देता था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृत युवक का उसकी पुत्री से प्रेम संबंध था और वह उसकी पुत्री को व्हाट्सएप पर चैट करता था तथा अपने पास बुलाता था। जानकारी होने पर आरोपी को काफी समझाया गया, लेकिन वह नहीं माना और उसकी पुत्री को लेकर भागने की फिराक में था। जिस कारण उसने दो नाबालिग पुत्रो के साथ मिलकर आठ जुलाई की रात भोजन में नींद की गोली मिलाकर टिफिन भेजा था। जिसके वह दोनों पुत्रों के साथ क्लीनिक में जाकर सर्जिकल ब्लेड से गला काटकर वसीउल्लाह को मार डाला था।

### पुलिस जांच से संतुष्ट है मृतक का पिता

मृतक वसीउल्लाह के पिता अजीमुल्लाह का कहना है कि वह पुलिस की जांच एवं प्रक्रिया से संतुष्ट है। पुलिस मामले की जांच में उससे जो सहयोग मांगा, वह उसने किया है। अब वह आरोपियों को दंड दिलाने के लिए कोर्ट में भी पैरवी करेगा।

### मोबाइल से मिली मदद

एसपी अभिषेक कुमार अग्रवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि मृतक के मोबाइल से मामले का खुलासा करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस इसे खुलवाने के लिए अहमदाबाद भी गई थी। इसके खुलने के बाद ही मृतक के अवैध संबंध का खुलासा हुआ था।

## तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए हुआ मंथन

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल की उपस्थिति में औषधियों की तस्करी और व्यापार की रोकथाम के लिए कलक्ट्रेट सभागार में मासिक बैठक हुई। जिलाधिकारी ने औषधियों के अवैध व्यापार तथा अंतरराष्ट्रीय तस्करी की रोकथाम का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नेपाल सीमा से सटे थाना मोहाना, कपिलवस्तु थाना क्षेत्र में पुलिस, औषधि निरीक्षक, एसएसबी, प्रशासन व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम सीमा पर स्थित औषधि की दुकानों का निरीक्षण कर कार्रवाई करें। बैठक में आबकारी, एसएसबी, एनसीबी, औषधि निरीक्षक, कृषि विभाग की टीम मौजूद थी। संवाद

# एसएसबी ने किशोरी व दो युवकों को पुलिस को सौंपा

सिद्धार्थनगर। एसएसबी सीमा चौकी धनौरा के जवानों ने घर से भागे एक नेपाली किशोरी और दो युवकों को पुलिस को सौंपा। एसएसबी के कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि सीमा चौकी धनौरा से एसएसबी उप निरीक्षक माधव गुप्ता के नेतृत्व में आरक्षी नागेंद्र कुमार सिंह, आरक्षी अंजलि नेगी, अनीता की टीम ने सीमा से भारत में प्रवेश कर रही नेपाली किशोरी से पूछताछ की गई। एक युवक ने अपना नाम पता रामू, निवासी बुद्धभूमी वार्ड संख्या सात, थाना- महाराजगंज, जिला कपिलवस्तु (नेपाल) बताया। दूसरा युवक अर्जुन निवासी बरगदवा वार्ड दो, थाना तोलिहवा, जिला कपिलवस्तु (नेपाल) बताया, जो रामू के मौसी का लड़का है। साथ में पकड़ी गई किशोरी की शादी करवाने के लिए लिए सिद्धार्थनगर जा रहे थे। संवाद

# पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार क्षेत्र के एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया की प्रेमलता पाठक, अर्चना पांडेय, प्रियंका साहनी, इंद्रमती, किरन, जशमती, मीना, उर्मिला, रीता, निर्मावती ने बुधवार को उसका थाने पर पहुंच सीओ अखिलेश वर्मा और एसओ दिनेश कुमार सरोज को राखी बांधी। लोगों ने कहा कि रक्षाबंधन हिंदू धर्म का प्रमुख त्योहार है, बहनें भाई की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी आयु और सुखी जीवन की कामना करती हैं। जबकि भाई बहन की रक्षा का वचन देता है। नागरिकों की सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी त्योहार पर अपने घर नही पहुंच पाते हैं, ऐसे में उनकी कलाई सुनी रह जाती है। इसलिए पुलिसकर्मी को राखी बांधकर क्षेत्र की बहन-बेटी की सुरक्षा का वचन लिया। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद, रामशंकर, चंद्रभान, विश्वनाथ साहनी आदि मौजूद रहे। संवाद

# हापुड़ में लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## कलक्ट्रेट में पुलिस व प्रशासन के विरोध में नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन

सिद्धार्थनगर। हापुड़ एवं गाजियाबाद में अधिवक्ताओं के साथ हुए निर्मम व्यवहार के विरोध में अधिवक्ताओं जनपद न्यायालय से प्रदर्शन करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम उमाशंकर को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावा नौगढ़, डुमरियागंज, बांसी, इटवा व शोहरतगढ़ तहसीलों में भी अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं के उत्पीड़न के विरोध में सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन एवं तहसील बार के अधिवक्ताओं ने बुधवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर नारेबाजी की। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं ने कहा कि महिला अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने और उन पर फर्जी केस दर्ज कराने वाले सिपाही के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

साथ ही महिला अधिवक्ता पर दर्ज केस रद्द करवाने के लिए हापुड़ एवं गाजियाबाद में शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करने पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की जाए। सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम मिश्र, महामंत्री सिद्धनाथ पांडेय, पवन कुमार कर पाठक, संतोष कुमार मिश्र, ओमशंकर पांडेय, कृपाशंकर त्रिपाठी, इंदु कुमार सिंह, अमित त्रिपाठी, अविनाश पांडेय, मनीष सहाय, प्रदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

वहीं तहसील बार एसोसिएशन नौगढ़ के अधिवक्ताओं ने भी न्यायिक कार्य से विरत रहकर अध्यक्ष गणेश शंकर मणि त्रिपाठी एवं महामंत्री सुशील मणि त्रिपाठी के नेतृत्व में एसडीएम डॉ. ललित कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करते हुए हापुड़ की घटना के विरोध में राज्यपाल को संबोधित सौंपा और कहा कि हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के विरुद्ध किये गये कृत्य की घोर निंदा करते है। डुमरियागंज तहसील में हापुड जिला में अधिवक्ताओं ने घटना का विरोध किया। संवाद



भारत-नेपाल सीमा बढ़नी में मार्च करते एसएसबी के जवान और पुलिस। संवाद

# सुरक्षा बलों ने सीमा पर चौकसी बढ़ाई

**सिद्धार्थनगर।** रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए बढ़नी कस्बे में पुलिस व एसएसबी जवानों की संयुक्त टीम ने बुधवार को गश्त कर लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। भारत-नेपाल सीमा से आने-जाने वालों की जांच करने के साथ सामानों की सघन चेकिंग की गई। बढ़नी पुलिस चौकी के प्रभारी सभा शंकर यादव ने बताया कि खुली सीमा पर हर तरह की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। संवाद

# 90 बकरों के साथ पकड़ा गया तस्कर

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना अंतर्गत कोटिया पुलिस चौकी की टीम ने बुधवार को नेपाल बॉर्डर से सटे भारतीय सीमा में स्थित पैकी गांव के पास 90 बकरे बरामद किए। एक तस्कर बकरों को नेपाल ले जा रहा था। तस्करों पर पशु क्रूरता अधिनियम एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि बुधवार को कोटिया पुलिस चौकी प्रभारी अमित शाही को सूचना मिली कि पैकी गांव के पास एक वाहन आकर खड़ी हुई है। उसमें से बकरों को उतार कर नेपाल ले जाया जा रहा है। मौके पर चौकी प्रभारी अमित शाही टीम लेकर पहुंच गए। पुलिस को आता देखकर तस्कर बकरों को छोड़ कर भागने लगा। टीम ने उसे घेरा बंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुमताज निवासी छोटकी तकिया कोतवाली बहराइच बताया। सभी बकरों को ग्रामीणों की मदत से पकड़वाकर सुरक्षित किया गया। उसके बाद तस्कर को जेल भेज दिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023

# रक्षाबंधन पर कस्बों-बाजारों में उमड़ी भीड़

**धनघटा (एसएनबी)।** रक्षाबंधन से पूर्व बुधवार को धनघटा क्षेत्र में खरीदारी करने के लिए कस्बों-बाजारों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। खरीदारी करने कस्बों-बाजारों में पहुंचने वाले लोगों में महिलाओं की संख्या भारी रही। कस्बों-बाजारों में भीड़ देख पुलिस ने कस्बों-बाजारों में पैदल मार्च किया और सभी को सुरक्षा का एहसास कराया। त्रिदित हो



कि रक्षाबंधन से पूर्व बुधवार को धनघटा क्षेत्र के कस्बों-बाजारों धनघटा, हैंसर बाजार, उमरिया बाजार, लोहरैया, बंसवारीगांव, शनिचरा बाजार, दुलहापार, पौली व रामपुर-बारहकोनी आदि प्रमुख कस्बों में राखी, मिठाईयां और उपहार खरीदने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। इसके अलावा अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए भारी संख्या में महिलाएं अपने-अपने मायके जाने के लिए घर से निकल पड़ी जिसका नतीजा रहा कि क्षेत्र के उक्त कस्बों-बाजारों में चौतरफा भीड़ ही भीड़ नजर आने लगी। भीड़ में किसी प्रकार की अराजकता न फैलने पाए उसके लिए वैसे प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिहाज से सभी कस्बों-बाजारों में पुलिसकर्मियों की पिकेट ड्यूटी लगाई गयी थी लेकिन उसी दौरान सीओ धनघटा बृजेश सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में भारी संख्या में निकले पुलिसकर्मियों ने उक्त सभी प्रमुख कस्बों-बाजारों में पैदल मार्च किया साथ ही सभी को सुरक्षा का एहसास कराया। पैदल मार्च में सीओ और प्रभारी निरीक्षक धनघटा के अलावा थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक एचएन दीक्षित, इन्सपेक्टर जुबेर अली, वीरबहादुर सिंह, अनुज यादव, हिमांशु मिश्र समेत थाना और थानान्तर्गत संचालित सभी पुलिस चौकियों पर तैनात सभी पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# एसपी ने किया फ्लैग मार्च

संतकबीरनगर (एसएनबी)। रक्षा बंधन त्योहार के दृष्टिगत जनपद में कानून-शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु बुधवार को खलीलाबाद शहर के मेंहदावल बाईपास, मधुकुंज तिराहा, बरदहिया, बैंक चौराहा आदि स्थानों पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद स्थापित कर वार्ता कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही लोगों से आगामी त्योहारों को आपसी सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने व त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई। एसपी ने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अविलंब संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर या थाना-चौकी पर अवगत कराएं। उन्होंने त्योहारों में यातायात व्यवस्था सुगम रखने हेतु प्रभारी यातायात को निर्देशित किया। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी ने भयमुक्त वातावरण में आगामी त्योहारों को संपन्न कराने का संदेश दिया गया। उन्होंने आम जन को आश्वस्त कराया कि संतकबीरनगर पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश राय, प्रभारी यातायात परमहंश, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

# दो वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संतकबीरनगर। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय के अगुवाई में गठित पुलिस टीम अपहरण, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धारा में वांछित चल रहे आरोपित दीपक पुत्र राम उजागिर, राम उजागिर पुत्र डिभील निवासीगण एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद को कटहवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल भेज दिया।

# त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। आगामी त्योहारों रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दृष्टिगत जनपद में शांति-कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। आमजन से संवाद स्थापित कर वार्ता किया और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष, चौकी-हल्का प्रभारियों द्वारा मय पुलिस बल के साथ अपने-अपने सर्किल, थाना, चौकी-हल्का क्षेत्रों में प्रमुख चौराहों, मार्केट, भीड़-भाड़ वाली जगहों आदि पर सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए फ्लैग मार्च किया गया। साथ ही किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने व किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अविलंब संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर या थाना-चौकी पर अवगत कराने हेतु कहा।

# दुष्कर्म मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले से संबंधित 02 अभियुक्तों दीपक पुत्र रामउजागिर तथा राम उजागिर पुत्र डीभील निवासी एकमा थाना कोतवाली खलीलाबाद को कटहवा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी को उ.नि. ओमप्रकाश यादव थाना को. खलीलाबाद, कां. सत्येन्द्र कुमार सिंह व कां. अभिषेक पाल ने गिरफ्तार किया है।

# चौकी प्रभारी को चेतावनी देकर एसपी ने हटाया

**धनघटा (एसएनबी)।** सीओ धनघटा के आदेश के बावजूद अपनी ड्यूटी से पल्ला झाड़ने की शिकायत पर जांच में दोषी पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी धनघटा की प्रभारी उपनिरीक्षक गौरी शुक्ला समेत पुलिस चौकी पर तैनात एक महिला आरक्षी पूनम गौड़ को लिखित चेतावनी देते हुए दोनों पुलिसकर्मियों का बुधवार को स्थानान्तरण कर दिया। विदित हो कि अपर पुलिस महानिदेशक, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा बीते 19 अगस्त 2023 को निर्देश पत्र जारी करते हुए महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से संचालित किए जाने वाले अभियान के अन्तर्गत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु (शक्ति दीदी) के माध्यम से आउटरिच प्रोग्राम चलाए जाने हेतु निर्देश दिया था। जिसके संबंध में सीओ धनघटा द्वारा बीते 22 अगस्त को महिला रिपोर्टिंग पुलिस चौकी धनघटा की चौकी प्रभारी गौरी शुक्ला को अवगत कराते हुए शासन के निर्देश के अनुपालन में स्कूलों, कालेजों, कोचिंग सेन्टरों, गांवों व कस्बो में जाकर महिलाओं एवं बच्चियों के उपर हो रहे उत्पीड़न/अत्याचार के संबंध में जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया तो आरोप है कि चौकी प्रभारी गौरी शुक्ला द्वारा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए यह कहा गया कि यह करना मेरा काम नहीं है। उत्तरदायित्वों के निर्वहन में की गई लापरवाही, उदासीनता एवं अकर्मण्यता की दुबारा पुनरावृत्ति न किए जाने की सख्त चेतावनी देते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा चौकी प्रभारी गौरी शुक्ला को मेंहदावल थाने पर प्रभारी महिला पुलिस परामर्श तथा महिला आरक्षी पूनम गौड़ को धर्मसिंहवा थाने पर स्थानान्तरित कर दिया गया।

# बाइक रैली निकाल की शान्ति व्यवस्था की अपील

महुली (एसएनबी)। क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार सकुशल शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को महुली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह की अगुआई में थाना क्षेत्र में बाइक रैली निकाली और सभी से शान्ति व्यवस्था के बीच त्योहार मनाने की अपील की। बाइक रैली निकाले जाने से पूर्व महुली थानान्तर्गत संचालित हरिहरपुर, मोलनापुर, कालीजगदीशपुर, मुखलिसपुर व शनिचरा बाबू पुलिस चौकी पर तैनात सभी पुलिसकर्मियों को महुली थाने पर बुलाया गया। उसके बाद थाने के अलावा सभी पुलिस चौकियों के पुलिसकर्मी एकसाथ बाइक पर सवार होकर थाना गेट से बाहर निकले और सर्वप्रथम महुली कस्बे में पहुंचकर कस्बे की मुख्य सड़क समेत सभी गली-कूचों में बाइक रैली लेकर पहुंचे और सभी से शान्ति पूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की। उसके बाद सभी पुलिसकर्मी बारी-बारी से कुशहवा बाजार, हरपुर, नगर पंचायत हरिहरपुर,नाथनगर, मुखलिसपुर, कालीजगदीशपुर व मोलनापुर आदि कस्बो में भी पहुंचकर बाइक रैली निकाली और सभी से शान्तिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील किया। इस दौरान सभी पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षकों को बार्डर क्षेत्र की कड़ी निगरानी करने का भी निर्देश दिया गया।

# दुष्कर्मी डाक्टर को सात वर्ष का कठोर कारावास

संतकबीरनगर (एसएनबी)। दुष्कर्मी डॉक्टर को सात वर्ष का कठोर कारावास और 25 हजार ₹ अर्थदण्ड से अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय काशिफ शेख ने दण्डित किया। अर्थदण्ड न अदा करने पर आरोपी को 06 माह अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। अर्थदण्ड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिए। विशेष लोक अभियोजक अच्युतानंद शुक्ला ने बताया कि धनघटा थाना अंतर्गत रहने वाली पीड़िता ने थाना धनघटा में प्रार्थना पत्र दी कि लोहरैया चौराहे पर डॉ. श्याम नारायण पांडेय निवासी रहदौली थाना उरूआ बाजार जनपद गोरखपुर हाल-मुकाम लोहरैया बाजार धनघटा के यहां अपना चेकअप कराने गई थी। वहां डॉक्टर उसे अंदर चेक करने के लिए ले गए और उसके साथ दुराचार करने लगे। उसके पति भी बाहर बैठे थे। रोने की आवाज सुनकर उसके पति आए तो डॉक्टर साड़ी खींचकर फेंक दिए। मामले में अभियोजन की तरफ से चार गवाहों की गवाही कराई गई। पीड़िता ने अपने साथ हुई घटना को न्यायालय के समक्ष रखा। जिसको ध्यान में रखते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी चिकित्सक को सात वर्ष के कारावास से दंडित किया है। एडीजे ने आरोपी को धारा 354 भादवि के अपराध में एक वर्ष का कठोर कारावास, 05 हजार ₹ का अर्थदण्ड तथा 376 भादवि में 07 वर्ष का कठोर कारावास व 20 हजार ₹ के अर्थदण्ड का दण्डादेश पारित किया है। अर्थदण्ड न अदा करने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

## 184 कैमरों से लाइव प्रसारण शुरू

# संतकबीरनगर जिला बना प्रदेश का अग्रणी

संतकबीरनगर (एसएनबी)। सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का थाने से सीधा लाइव प्रसारण संचालन शुरू हो गया है। जिसके दृष्टिगत संतकबीरनगर जिला प्रदेश का अग्रणी जनपद बना। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर अब तक कुल 184 कैमरों से लाइव प्रसारण सफलतापूर्वक शुरू किया गया। संतकबीरनगर जनपद प्रदेश में अग्रणी बना। जो सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का थाने से सीधा लाइव प्रसारण कंप्यूटर-मोबाइल से संचालन शुरू कर आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। जिससे आम जनमानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रहा है। ऑपरेशन दृष्टि अभियान के अन्तर्गत जनपदवासियों से संवाद स्थापित करते हुए दिनांक 07-06-2023 से दिनांक 29-08-2023 तक कुल 1000 महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर 2943 हाई क्वालिटी कैमरे लगवाए जा चुके हैं जिनकी मदद से आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। समस्त सीसीटीवी स्थलों के कर्डिनेट्स प्राप्त कर उनकी जीआइएस मैपिंग की जा रही है। जिससे आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी स्थल पर अतिशीघ्र पहुंचा जा सके। सीसीटीवी कैमरा हमें अपने परिसर के आसपास की सभी गतिविधियों पर नजर रखने और ट्रैक करने में सक्षम बनाता है।

# पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

मेंहदावल। मेंहदावल थाना परिसर में बुधवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग एकत्रित हुए। रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी, चहल्लूम त्योहार को देखते हुए प्रशासन ने जहां अपनी बात रखी वहीं सभी ने पुलिस प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की अपील करते हुए अपनी-अपनी बात रखी। पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले सभी त्योहार दोनों समुदाय के लोग मानवता का धर्म अपनाकर मनाने में सहयोग करें। उन्होंने कहाकि किसी भी समुदाय की भावनाओं को आहत करने जैसा कोई कार्य न करें। हमें कस्बे व आस-पास में भय मुक्त माहौल बनाना है, जिससे कि सभी लोग अपने -अपने त्योहारों को खुशी से मना सकें और कस्बे में शान्ति का माहौल भी बना रहे।

# 68 वाहनों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 68 वाहनों के चालकों से जुर्माना भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 68 वाहनों के चालकों से 74 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र स्थित महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। इसके साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए ग्राम चौपाल का भी आयोजन किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना, पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय पर बार-बार नही आना पड़ेगा।

# सीसीटीवी कैमरों से चौराहों पर नजर रख रहे थाने

**त्रिनेत्र अभियान**


थाने से कनेक्ट हुए क्षेत्र में लगे कैमरे।

- जिले के एक हजार स्थानों पर लगाए गए 2943 हाई क्वालिटी कैमरे
- कैमरों के माध्यम से पुलिस रखेगी अपराधियों पर पैनी नजर

"ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत 29 अगस्त से जनपद के सभी थानों पर कुल 184 कैमरों से लाइव प्रसारण सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। इसके अलावा सात जून से 29 अगस्त तक कुल एक हजार महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर 2943 हाई क्वालिटी कैमरे लगवाए गए हैं। जिनकी मदद से आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। –सत्यजीत गुप्ता, एसपी, संतकबीरनगर

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के महत्वपूर्ण स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का थानों से सीधा लाइव प्रसारण होगा। पुलिस आंकड़ों की मानें तो जिले के एक हजार स्थानों पर 2943 हाई क्वालिटी के कैमरे अभी तक लगाए जा चुके हैं। लाइव प्रसारण के मामले में जिला पहले स्थान पर है। इन कैमरों के माध्यम से पुलिस टीम अपराधिक तत्वों पर अपनी पैनी नजर बनाए रखकर अपराधिक घटनाओं के रोकथाम के लिए काम करेगी।

ऑपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत 29 अगस्त से जनपद के सभी थानों पर कुल 184 कैमरों से लाइव प्रसारण सफलतापूर्वक शुरू किया गया है। इसके बाद जनपद संतकबीरनगर प्रदेश में पहला जिला बना जो सार्वजनिक स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों का थाने से सीधा लाइव प्रसारण कंप्यूटर एवं मोबाइल से संचालन शुरूकर आपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रख सकेगा। इससे आम जनमानस में सुरक्षा की भावना उत्पन्न होगी।

ऑपरेशन दृष्टि अभियान के अन्तर्गत जनपदवासियों से संवाद स्थापित करते हुए सात जून से 29 अगस्त तक कुल एक हजार महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर 2943 हाई क्वालिटी कैमरे लगवाए गए हैं। जिनकी मदद से आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जा रही है। समस्त सीसीटीवी स्थलों के कॉर्डिनेट्स प्राप्त कर उनकी जीआइएस मैपिंग की जा रही है। जिससे आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी स्थल पर अतिशीघ्र पहुंचा जा सके। सीसीटीवी कैमरा जन सामान्य को अपने परिसर के आसपास की सभी गतिविधियों पर नजर रखने और ट्रैक करने में सक्षम बनाता है।

# आधा दर्जन आरोपितों पर हुई कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में आधा दर्जन आरोपितों को दबोचकर उनके विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई किया।

जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। थाना महुली पुलिस ने चार और थाना मेंहदावल पुलिस ने दो आरोपितों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

बार कौंसिल के आह्वान पर हापुड़ की घटना का विरोध, कामकाज ठप

# वकीलों ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की

## प्रदर्शन

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। हापुड़ घटना के विरोध में आक्रोशित जिले के अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतर कर जोरदार प्रदर्शन किया। अधिवक्ता प्रदेश सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए कड़ी चेतावनी दी। बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर न्यायिक कार्य से विरत रहते अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय से कलेक्ट्रेट तक प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के विरुद्ध भी नारे लगाए और मुख्यमंत्री को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र डीएम संदीप कुमार को सौंपा। अधिवक्ताओं ने न्यायिक काम काज नहीं किया, जिसके चलते मुकदमों में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। वादकारी तारीख नोट करके वापस लौटने को विवश हो गए।

हापुड़ में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठी चार्ज से आक्रोशित अधिवक्ता बुधवार को कचहरी पहुंचते ही सरकार एवं पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी करने लगे। अधिवक्ता चैम्बर से निकले वकीलों ने पहले दीवानी न्यायालय परिसर में जमकर नारेबाजी की, फिर सीएम एवं पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे के साथ सड़क पर आ गए। उनका जुलूस दीवानी न्यायालय से कांशीराम स्टेडियम स्टेडियम, विकास भवन होते हुए एसपी कार्यालय पहुंचा। वहां सरकार व पुलिस प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की। एसपी कार्यालय से फिर सभी कलेक्ट्रेट पंहुचे। अधिवक्ता डीएम के चैम्बर में नारेबाजी करने लगे। अपर एसडीएम रमेश चन्द्र ने अधिवक्ताओं का ज्ञापन लेने का प्रयास किया, लेकिन अधिवक्ता डीएम को पत्रक देने की मांग पर अड़े रहे। डीएम संदीप कुमार कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर रहे थे। इसके बाद सभी नारेबाजी करते हुए मीटिंग हाल में घुस गए। इसके बाद सीएम को सम्बोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र डीएम को सौंपा। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह, महामंत्री सुनील कुमार पांडेय, चतुरजी शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष कृष्ण मोहन मिश्र, शशि कुमार ओझा, केसी पांडेय, तारकेश्वर नाथ चतुर्वेदी, दिनेश चन्द्र राय, राम अवतार यादव, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, योगेन्द्र यादव, अवधेश पांडेय, विशाल राय, प्रदीप पांडेय, विस्मिल्लाह खां, शमशाद अहमद, आनन्द कुमार राय, शकील अमहद समेत अन्य वकील मौजूद रहे।



बुधवार को एसपी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते जनपद के अधिवक्ता।

- दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग
- कहा, घायल अधिवक्ताओं को दिलाएं मुआवजा
- मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

### चैम्बर में नहीं रहा कोई अधिवक्ता

हापुड़ में अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठी चार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं में जमकर आक्रोश देखने को मिला। अधिवक्ताओं का यह पहला आन्दोलन रहा जिसमें लगभग सभी अधिवक्ताओं की भागीदारी रही। कोई भी वकील अपने चैम्बर में नहीं रहा। इस आन्दोलन को लेकर अधिवक्ता पूरी तरह से एकजुट रहे। जैसे ही चैम्बर के निकट कुछ अधिवक्ताओं ने नारेबाजी शुरू की, सभी अधिवक्ता अपने तख्ते से आन्दोलन में शामिल हो गए।

### जिले के अधिवक्ताओं ने इन मांगों का सौंपा ज्ञापन

जिले के अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र में हापुड़ के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सीओ के स्थानांतरण की मांग की। इसके साथ ही अधिवक्ताओं पर बर्बर लाठी चार्ज करने वाले दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा कायम करने की मांग की है। साथ ही लाठीचार्ज में घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की भी मांग की।

## तहसीलदार के विरोध में वकीलों का जुलूस

मेंहदावल। मेंहदावल तहसील के अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार नौवें दिन बुधवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने तहसील में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। तहसीलदार के स्थानान्तरण होने तक कार्य बहिष्कार जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रसाद पाठक के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसीलदार हटाओ, तहसील बचाओ के नारे लगाते हुए परिसर में जुलूस निकाला।

## हापुड़ में हुई घटना की निंदा की

मेंहदावल। तहसील में अधिवक्ताओं ने हापुड़ में अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान बीडी राय, जनार्दन, गोपाल राय, दिलीप कुमार भट्ट, इस्लामुद्दीन अंसारी, सुधाकर भारती, इशरत अली, सुरेश सिंह, मिठाई लाल यादव, उदय नरायन सिंह, अरविंद सिंह, वीएन राय, अरविंद चौधरी, लक्ष्मीकांत पाठक समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

## दो अधिवक्ताओं की जेब से रुपये उड़ाए

संतकबीरनगर। अधिवक्ताओं के इस आन्दोलन में जेबकतरों ने भी अपना कमाल दिखाया। जेबकतरे हाथ साफ करने में कामयाब रहे।

आन्दोलन में जेबकतरों ने दो अधिवक्ताओं के पाकेट पर हाथ साफ करके 27 हजार दो सौ रुपए उड़ा लिया। जेबकतरों ने त्रयम्बक त्रिपाठी एडवोकेट के जेब से 15 हजार रुपए और अधिवक्ता शमशाद अहमद के जेब से 12 हजार दो सौ रुपए उड़ा लिए। इस संबंध में अधिवक्ता शमशाद अहमद ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# एसपी ने महिला दरोगा को दी चेतावनी

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने महिला पुलिस परामर्श केंद्र धनघटा प्रभारी एसआई गौरी शुक्ला को व्यक्तिगत चेतावनी दी है। एसआई गौरी शुक्ला को धनघटा से हटाकर थाना मेंहदावल एवं महिला पुलिस परामर्श केंद्र धनघटा पर तैनात महिला कांस्टेबल कुमारी पूनम गोंड को वहां से हटाकर थाना धर्मसिंहवा पर तैनात किया। एसआई पर महिला जागरूकता अभियान में अपने पदेन उत्तरदायित्वों के निर्वहन में लापरवाही का आरोप लगा है।

सूत्रों के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के आदेश 19 अगस्त के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षा के संबंध में जागरूक करने के लिए अभियान चलाने का आदेश मिला था। महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तीकरण के लिए( शक्ति दीदी) विभिन्न तरह का प्रोग्राम चलाया जाना था। इसके लिए 21 से 30 अगस्त की तिथि निर्धारित की गई थी। जिसमे स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटरों एवं गांव कस्बों में जाकर महिलाओं एवं बच्चियों के ऊपर हो रहे उत्पीड़न एवं अत्याचार के संबंध में शासन द्वारा जारी विभिन्न फोन नंबरों के संबंध में जागरूक करने का निर्देश दिया गया। सीओ धनघटा ने 22 अगस्त को अभियान से अवगत कराते हुए जागरूक करने के लिए निर्देशित किया। आरोप है कि एसआई गौरी शुक्ला ने इस पर सीओ को जबाव दिया कि यह उनका काम नही है। जबकि पुलिस विभाग जैसे अति संवेदनशील विभाग का सदस्य होते हुए भी एसआई ने अपने पदेन उत्तरदायित्व के निर्वहन में लापरवाही बरती।

# रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए पुलिस ने जगह-जगह किया पैदल मार्च

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। पुलिस टीम ने रक्षाबंधन के त्योहार को देखते हुए बुधवार की शाम जगह-जगह पैदल मार्च किया।

खलीलाबाद शहर में एसपी सत्यजीत गुप्ता की अगुवाई में कोतवाली पुलिस ने पैदल गश्तकर जन सामान्य को सुरक्षा का एहसास कराया। कस्बा खलीलाबाद के मेंहदावल बाईपास, मधुकुंज तिराहा, बरदहिया, बैंक चौराहा आदि स्थानों पर भारी पुलिस बल के साथ एसपी ने पैदल गश्त किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सर्वेश कुमार राय, प्रभारी यातायात परमहंस यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वारंटी को पकड़कर भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को पकड़कर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद जेल भेज दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस टीम ने जगह-जगह छापेमारी किया। थाना मेंहदावल पुलिस ने वारण्टी जुगुल किशोर पुत्र सजल निवासी गड़सरपार थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

# तीन स्थानों पर लगवाए सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने जन सहयोग से तीन स्थानों पर दस सीसीटीवी कैमरा लगवाया। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक स्थान पर पांच सीसीटीवी कैमरा, थाना दुधारा पुलिस ने एक स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरे, थाना धनघटा पुलिस ने एक स्थान पर एक सीसीटीवी कैमरा लगवाया। इसके साथ ही अपील किया कि सभी लोग अपने-अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं।

# चोरी के मोबाइल के साथ आरोपित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने चोरी की मोबाइल के साथ आरोपित को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। थानाध्यक्ष बखिरा श्याम मोहन के अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने सूचना पर आरोपित अभियुक्त तालिब खान पुत्र मोहम्मद ताहिर निवासी नन्दौर थाना बखिरा को कम्हरिया नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 29 अगस्त को वादी शमशाद पुत्र सजीर अहमद निवासी नन्दौर थाना बखिरा ने थाना स्थानीय पर सूचना दिया कि 27 अगस्त की रात्रि में सोते समय अज्ञात व्यक्ति ने उनका चारों मोबाइल को चोरी कर लिया। घटना के संबंध में थाना बखिरा पर उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# महिला ने रंजिशन मारपीट का मढ़ा आरोप, मुकदमा दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक महिला ने कुछ लोगों पर रंजिशन मारपीट का आरोप मढ़ा। पुलिस ने मामले में महिला की शिकायत पर आरोपितों के विरूद्ध मुकदमा दर्जकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरूकर दिया। कोतवाल सर्वेश कुमार राय ने बताया कि पीड़िता शीला गुप्ता निवासी पश्चिमी बंजरिया ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उनका पति से विवाद होने के बाद वह अपने मायके पिपरा चली गई थी। उनका एक मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। आरोप है कि उनके ससुराल के रामसुंदर, श्यामसुंदर, सुधीर 29 अगस्त को समय लगभग चार बजे रंजिशवश उनको गाली देते हुए लात घूंसा और लाठी डंडा से मारने पीटने लगे। इसके साथ ही जानमाल की भी धमकी दी।

# तीन घायलों को अस्पताल भेजवाया

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर विवाद के वजह से हुई मारपीट की घटना में तीन घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया। थाना दुधारा क्षेत्र के करही गांव से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट एवं विवाद की घटना होने से तीन लोगों के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना मिली।

सूचना मिलते ही पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर वहां चल रहे दोनों पक्षों के विवाद को शांत कराकर मारपीट की घटना में घायल श्रीराम पुत्र रामदुलारे, रंजीत पुत्र श्रीराम, महेश पुत्र रामसुभग निवासीगण करही थाना दुधारा को इलाज के लिए निजी वाहन से अस्पताल भेजवाकर थाना दुधारा पुलिस को अवगत कराया।

# दुष्कर्म के आरोपी डॉक्टर को सात वर्ष की कैद

- एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय की कोर्ट ने सुनाया फैसला
- 25 हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगा

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। दुष्कर्म करने के आरोपी डाक्टर को अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय काशिफ शेख की कोर्ट ने सात वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाया। कोर्ट ने आरोपी डाक्टर श्याम नारायन पांडेय पर सजा के साथ कुल 25 हजार रुपए का अर्थदण्ड का फैसला सुनाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। एडीजे फास्ट ट्रैक द्वितीय की कोर्ट ने अर्थदण्ड की धनराशि में से आधी धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने का भी निर्णय दिया।

प्रकरण जिले के धनघटा थानाक्षेत्र के एक गांव का है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अच्युतानंद शुक्ल ने बताया कि मामले में पीड़िता ने स्वंय अभियोग पंजीकृत कराया था। 25 अप्रैल 2015 को थानाध्यक्ष धनघटा को दिए प्रार्थना पत्र में उसका आरोप था कि वह अपने गांव से पति के साथ धनघटा थानाक्षेत्र के लोहरैया स्थित डाक्टर श्याम नारायन पांडेय पुत्र चन्द्रिका पांडेय के यहां दवा कराने गई थी। चेकअप करने के लिए डाक्टर अंदर ले गए। अंदर जाने के बाद उसके साथ दुराचार करने का प्रयास करने लगे। पति बाहर कमरे में बैठे थे। पत्नी के रोने की आवाज़ सुनकर वह दौड़ते गए तो देखा कि पत्नी की साड़ी खींच करके फेंक दिए थे। डाक्टर बुरा कर्म करने का प्रयास करते रहे।

धनघटा पुलिस ने पहले छेड़छाड़ का अभियोग पंजीकृत किया। पीड़िता के धारा 164 दप्रसं का बयान होने के पश्चात पुलिस ने धारा 376 आईपीसी की बढ़ोत्तरी करके आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अच्युतानंद शुक्ल ने बताया कि विचारण के दौरान अभियोजन ने कुल चार गवाह न्यायालय में प्रस्तुत किया। साक्षियों ने अभियोजन कथानक का समर्थन किया।

# मोबाइल चोरी का आरोपित युवक गिरफ्तार

बखिरा : ुलिस ने दुकान से मोबाइल चोरी करने वाले आरोपित युवक को बुधवार को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि 29 अगस्त को नंदौर निवासी शमशाद ने सूचना दी थी कि एकव्यक्ति ने उनके दुकान से चार मोबाइल चोरी कर ली थीं। मुकदमा पंजीकृत करके पुलिस गिरफ्तारी में जुटी थी। (जासं)

# त्योहार में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस

**जासं, सांथा, संतकबीर नगर:** बेलहर थाने के पुलिस कर्मियों ने बुधवार को बाइक मार्च करके लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। आपसी सौहार्द के बीच पर्व मनाने की अपील की। वहीं त्योहार में खलल डालने वालों से सख्ती से निपटने का संदेश भी दिया।

बेलहर पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के गनवरिया, सांथा, करनजोत, सांड़ा, लोहरसन्न, निघुरी होते हुए बेलहरकला तक बाइक मार्च किया। थानाध्यक्ष राम अशीष यादव ने लोगों से आपसी सौहार्द के बीच शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील की।

# 68 वाहनों से 74 हजार रुपये सम्मन शुल्क वसूले

संतकबीर नगर : पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाया। यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 68 वाहन के चालकों से 74 हजार रुपये सम्मन शुल्क की वसूली की। (जासं)

# फरार चल रहे वारंटी को भेजा जेल

संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने फरार चल रहे कोतवाली खलीलाबाद थाना के गड़सरपार गांव निवासी जुगुल किशोर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कई बार नोटिस के बाद भी वह न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। पुलिस इनकी खोजबीन में जुटी थीं। (जासं)

# अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर किया पैदल मार्च

## हापुड़ में प्रदर्शन कर रहे वकीलों पर पुलिस के लाठी चार्ज से दिखे आक्रोशित

- मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्ट्रेट में डीएम को सौंपा
- जनपद व तहसील स्तर पर विशेष पुलिस टीम की नियुक्ति करने की मांग



नारेबाजी कर पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय की तरफ बढ़ते अधिवक्ता • जागरण

जासं, संतकबीर नगर: हापुड़ जिले में प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस के लाठी चार्ज करने से जिले के अधिवक्ता आक्रोशित हैं। इसको लेकर अधिवक्ताओं ने बुधवार को नारेबाजी के बीच पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट में पहुंचे। मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा। इसमें अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए जनपद व तहसील स्तर पर विशेष पुलिस टीम नियुक्त करने की मांग शामिल है।

सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट महीप बहादुर पाल व महामंत्री एडवोकेट चतुर जी शुक्ल ने कहा कि आए दिन अधिवक्ताओं पर हमले हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपकर कई बार ''एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट'' लागू करने की मांग की गयी। इसके बाद भी अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए ठोस पहल नहीं की गयी। बीते 29 अगस्त को हापुड़ जिले में अधिवक्ता शांतिपूर्ण माहौल में प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस कर्मियों ने उन्हें लाठी से पीटा। इस घटना में कई महिला-पुरुष अधिवक्ता घायल हुए हैं। इससे सभी अधिवक्ताओं में आक्रोश है। वे इस घटना की निंदा करते हैं। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए जल्द ''एडवोकेट्स प्रोटेक्शन एक्ट'' जल्द लागू करने, अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने, घायल अधिवक्ताओं को 20-20 लाख रुपये तत्काल देने, विशेष न्यायालय बनाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने व मुआवजा देने का प्रविधान करने तथा अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए जनपद व तहसील स्तर पर विशेष पुलिस टीम की नियुक्ति करने की मांग की गयी है। इस अवसर पर मनीष उपाध्याय उर्फ सोनू, कृष्ण चंद्र पाण्डेय, संतोष कुमार राय, अनिल कुमार गौतम, राजेश कुमार मिश्र, जितेंद्र कुमार, अवधेश कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार दूबे, उमेश कुमार श्रीवास्तव, जय प्रकाश पाठक, सभाजीत मिश्र, शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, मो. शमशाद अहमद, बाबूलाल गौतम, खुर्शीद खान, नवनीत मिश्र, मनोज कुमार दूबे, रवि कुमार मिश्र, वसी अहमद आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# छेड़खानी के आरोपित पर केस दर्ज करने की मांग

जासं, संतकबीर नगर: एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी है। नतीनी के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली खलीलाबाद थाने में दी गई तहरीर में सेमरी गांव निवासी धनुषधारी गौड़ पुत्र चिट्टू ने उल्लेख किया है कि बीते 26 अगस्त को शाम के करीब चार बजे उनकी आठ वर्षीय नतीनी शिवानी को उनके गांव के एक व्यक्ति ने 10 रुपये का नोट देकर अपने पास बुलाया। उसके साथ जबरन छेडखानी करने लगे। नतीनी के शोर मचाने पर उनकी पतोहू रीना देवी मौके पर पहुंची। उनको देखकर आरोपित जान-माल की धमकी देकर भाग गया।

# दुष्कर्म के आरोपित को सात वर्ष का कारावास, 25 हजार रुपये जुर्माना

जासं, संतकबीर नगर: अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक द्वितीय महेंद्र कुमार सिंह ने बुधवार को छेड़खानी व दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित को सात वर्ष कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा से दंडित किए हैं।

गोरखपुर जनपद के उरुआ बाजार थाना के रहदौली गांव निवासी श्याम नारायण पाण्डेय घनघटा थाना के लोहरैया बाजार में रहते थे। वर्ष 2015 में एक गांव की युवती के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म की घटना के मामले में उनके खिलाफ घनघटा थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

न्यायालय ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने तथा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के बाद आरोपित को दोषी पाया। उन्हें सात वर्ष कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माना की सजा से दंडित किया है। जुर्माना न देने पर छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# बालक की मौत के कारणों पर उलझे पुलिस-परिजन

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिस्थितिजन्य साक्ष्य में फर्क, परिजन पुलिस की भूमिका पर उठा रहे सवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। 23 जुलाई को पोखरे में डूबकर जान गंवाने वाले 11 साल के रवि के मौत के कारणों पर पुलिस और परिजन उलझ गए हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत का कारण बता रही है जबकि परिजन परिस्थितिजन्य साक्ष्य का हवाला देकर बेटे की मौत की वजह हत्या बता रहे हैं। अपने दावे पी अडिग परिजन डीएम और एसपी से आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें कोतवाल पर एतबार नहीं है। इसपर एसपी ने मामले की विवेचना क्राइम


आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया धरना

18 अगस्त के अंक में छपी खबर।

ब्रांच में सौंप दी है।

रवि के पिता हरिओम का कहना है कि उसके घर से पोखरे की दूरी करीब ढाई किलोमीटर है। पोखरे तक जाने का सीधा संपर्क मार्ग नहीं है। पोखरा जलकुंभी से पटा है। पोखरे के आसपास मकान बने हैं। पोखरा एक गांव को छोड़ कर दूसरे गांव के पास है, जहां जाने का कोई सीधा रास्ता भी नहीं है। बेटे के साथ गए जो दोनों लड़कों ने पहले कुछ नहीं बताया। बाद में दोनों ने पूछताछ में बार-बार बयान बदले। इतना ही नहीं रवि के कपड़े भी पोखरे के पास बने एक घर के पीछे पुलिस को तलाश के दौरान मिले। उसने कहा कि मौके की परिस्थितियां भी बेटे की हत्या करके शव को पोखरे में फेंके जाने की ओर साफ संकेत दे रही हैं।

*पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बालक की मौत पोखरे में डूबने से होने की बात आई है। पीड़ित परिजनों ने कोतवाल से विवेचना हटाए जाने की मांग की। इस वजह से विवेचना क्राइम ब्रांच में स्थानांतरित कर दी गई है। विवेचना के बाद साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई होगी।*
*- सत्यजीत गुप्ता, एसपी*

लेकिन कोतवाली पुलिस मामले में लीपापोती करने पर तुली है। हरिओम ने कहा कि पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं कर रही है। वहीं, कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत होना आया है। सांस ही नली, फेफड़े में गंदा पानी है। सारे तथ्यों से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

शोभित कुमार पांडेय का आरोप है कि 23 जुलाई को उसका 11 वर्ष का इकलौता बेटा रवि घर से निकला और देर शाम तक नहीं लौटा। बेटे की तलाश की जा रही थी, लेकिन पता नहीं चल रहा था। बाद में बेटे का शव घर से ढाई किलोमीटर दूर पोखरे में मिला।

घटना की जानकारी उसे 24 जुलाई को हुई। उसे कुछ लोगों पर बेटे की हत्या कर शव पोखरे में फेंकने का संदेह है। पुलिस ने बेटे का शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस बता रही है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बेटे की मौत डूबने से होना आया है, जो गले के नीचे नहीं उतर रहा है।

# मरीज से दुष्कर्म में डॉक्टर को सात वर्ष का कारावास

## 25 अप्रैल 2015 को इलाज कराने गई महिला से डॉक्टर ने की थी हैवानियत

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** आठ साल पहले धनघटा क्षेत्र में क्लीनिक में मरीज से दुष्कर्म के मामले में बुधवार को कोर्ट ने डॉक्टर को सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

मामला 25 अप्रैल 2015 का है। अपर सत्र न्यायाधीश, एफटीसी द्वितीय काशिफ शेख ने अर्थदंड अदा न करने पर आठ माह की अतिरिक्त सजा भुगतने का आदेश दिया है। अर्थदंड की आधी रकम प्रतिकर के रूप में पीड़िता को दी जाएगी।

विशेष लोक अभियोजक अच्युतानंद शुक्ला और अधिवक्ता अखिलेश्वर राय ने बताया कि महुली क्षेत्र की पीड़ित महिला ने 25 अप्रैल 2015 को धनघटा पुलिस को तहरीर दी। उसमें कहा कि वह अपने पति के साथ इलाज कराने धनघटा क्षेत्र के लोहरैया चौराहे पर डॉक्टर श्याम नारायन पांडेय की क्लीनिक पर गई थी।

### दोषी डॉक्टर को सजा मिली तो मन को मिला सुकून

कोर्ट के फैसले की जानकारी होने पर पीड़िता के पति ने खुशी जाहिर की। कहा कि दोषी डॉक्टर को सजा मिलने से मन को सुकून मिला है। उन्होंने कहा कि आठ साल तक मन कुंठित था। घटना का दृश्य मानस पटल पर घूमता रहता था। पत्नी जब भी परेशान होती थी तो उसे समझाता था कि कोर्ट से न्याय जरूर मिलेगा। कोर्ट ने न्याय किया है। इससे मन को संतोष हुआ है। इस तरह का कृत्य करने की मंशा रखने वालों के लिए यह फैसला सबक है।

### छेड़खानी में दर्ज हुआ था केस, विवेचना के दौरान बढ़ाई गई थी दुष्कर्म की धारा

डॉक्टर उसे चेकअप करने के लिए अंदर ले गए। वहां ले जाने के बाद दुष्कर्म का प्रयास करने लगे। जबकि उसके पति बाहर कमरे में बैठे थे। उसके रोने की आवाज सुनकर पति दौड़कर अंदर पहुंच गए।

डॉक्टर इस बात को कबूल भी करते रहे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने डॉक्टर श्याम नारायन पांडेय निवासी रहदौली थाना उरुवा जनपद गोरखपुर हाल पता लोहरैया चौराहा धनघटा के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया।

एसआई अवधेश पांडेय ने विवेचना शुरू की। उन्होंने पीड़िता के बयान और साक्ष्यों के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाते हुए आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया। सुनवाई के दौरान पीड़िता समेत चार गवाहों ने गवाही दी।

कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनी और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन किया। कोर्ट ने माना कि सभ्य पेशे में होते हुए डॉक्टर ने जघन्य अपराध किया है। आरोपी 70 वर्ष का वृद्ध है।

कोर्ट ने दोषसिद्ध पाए जाने पर डॉक्टर को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 25,000 रुपये जुर्माना लगाया।



कलक्ट्रेट में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक को संबोधित करते डीएम। संवाद

# प्रमुख चौराहों पर लगवाई जाए ट्रैफिक लाइट : डीएम

संतकबीरनगर। कलक्ट्रेट सभागार में बुधवार को डीएम संदीप कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें डीएम ने निर्देश दिया कि जिले के मुख्य चौराहों पर यातायात की समुचित व्यवस्था के लिए ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था कराई जाए। साथ ही सुरक्षा के दृष्टिकोण से संबंधित संकेतकों को भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए। डीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप रम्बल स्ट्रिप बनाया जाए। सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग न करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई व नियमानुसार चालान भी किया जाए। बैठक में डीएम ने सड़क सुरक्षा समिति के विगत बैठकों में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। बैठक में सीएमओ डॉ. अनिरुद्ध सिंह, डीडीओ सुरेश चंद केसरवानी, एसडीएम सदर शैलेश कुमार दुबे, एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसडीएम मेंहदावल आदि रहे। संवाद

# छात्रा को बचाने के चक्कर में गिर कर बाइक सवार युवक घायल

**बेलहर।** क्षेत्र के गनवरिया में कोचिंग जा रही छात्रा को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गिरकर घायल हो गया । ग्रामीणों ने घायल को एंबुलेंस से सीएचसी मेंहदावल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। बस्ती जनपद के रूधौली क्षेत्र के महुआर निवासी दिलीप कुमार पुत्र ध्रुपचंद अपने मामा हरिप्रसाद निवासी अठलोहियां के यहां रक्षाबंधन में आए थे। वह वापस अपने घर जा रहे थे। अभी गनवरिया गांव के पास ही पहुंचे थे। उसी दौरान अचानक कोचिंग जा रही छात्रा रास्ते में आ गई। छात्रा को बचाने के चक्कर में बाइक लेकर गिर गए। संवाद

# चोरी के मोबाइल के साथ गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** बुधवार को बखिरा पुलिस ने चोरी की चार अदद मोबाइल के साथ युवक को गिरफ्तार किया। एसओ श्याम मोहन ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान तालिब खान निवासी नंदौर थाना बखिरा के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नंदौर निवासी शमशाद पुत्र सजीर अहमद की मोबाइल चोरी किया था। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कोर्ट भेजा गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# मोबाइल चोर के खिलाफ केस दर्ज

**बखिरा।** क्षेत्र के नन्दौर निवासी दो लोगों का मोबाइल चोरी हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। नन्दौर निवासी शमशाद अहमद 27 अगस्त की रात को अपने चचेरे भाई समीउल्लाह के साथ प्रतिदिन की भांति घर के बरामदे में सो रहे थे। सोने के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उन दोनों की मोबाइल चुरा लिया। सुबह नींद खुलने पर मोबाइल नहीं होने की जानकारी हुई। काफी खोजबीन करने के बाद उन दोनों की मोबाइल का पता नहीं चल सका। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। संवाद

# बेलहर पुलिस ने लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा

**बेलहर।** बेलहर पुलिस ने त्योहारों को देखते हुए आधा दर्जन से अधिक जगहों पर बाइक मार्च निकाल कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बाइक मार्च क्षेत्र के गनवरिया, सांथा, करनजोत, सांड़ा, लोहरसन, निघुरी होते हुए बेलहर कला ,बेलहर खुर्द ,बभनी, राजघाट आदि रास्तों से गुजरा। पुलिस ने सभी चौराहों पर रुक कर लोगों को आने वाले त्योहारों को शांति पूर्ण तरीके से मनाने की बात कही। इसके साथ ही त्योहार में अशांति फैलाने वालों के ऊपर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। संदिग्ध की जानकारी मिलने की सूचना देने की अपील की। संवाद

# अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस

**संतकबीरनगर।** शहर के सुगर मिल रोड पर स्थित एक व्यक्ति के मकान से चोर इनवर्टर व बैट्री चुरा ले गए। पीड़ित राणा रविन्द्र सिंह पुत्र महातम सिंह ने बताया कि 29 अगस्त की भोर में तीन व्यक्ति मकान पर आए। इनवर्टर, बैट्री पंखा, पत्थर काटने वाली मशीन चुरा ले गए। कोतवाल ने बताया अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। संवाद

# साइड लेने के विवाद में युवक को पीट किया घायल

संतकबीरनगर। शहर के मुखलिसपुर तिराहे पर साइड लेने की बात को लेकर कुछ मनबढ़ युवकों ने एक युवक की पिटाई कर दी। इसमें युवक को गंभीर चोटें आईं। बुधवार को पुलिस ने इस मामले में तीन नामजद और कुछ अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया।

## शहर के मुखलिसपुर तिराहे की घटना, तीन पर केस दर्ज

बंजरिया निवासी निखिल पांडेय पुत्र अवधेश पांडेय का आरोप है कि वह अपने चाचा के साथ मंगलवार देर शाम मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रहे थे। रास्ते में मुखलिसपुर चौराहे पर रोक कर ऋषभ सिंह निवासी बनकटिया, अंशुमान उपाध्याय निवासी गिठनी ओनिया महुली, शुभम पाठक निवासी नेदुला अपने साथियों के साथ साइड देने की बात पर गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर रॉड व डंडे से हमला कर दिए। संवाद

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म, केस

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र की युवती को शादी का झांसा देकर आरोपी युवक ने दुष्कर्म किया। पीड़ित मां की शिकायत पर बुधवार देर शाम पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया। पीड़ित मां का आरोप है कि उसकी बेटी को बेलहर क्षेत्र का रहने वाला युवक शादी का झांसा देकर प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर 21 अगस्त को शारीरिक संबंध बनाया। बेटी के जरिये शादी करने की बात करने पर आरोपी युवक ने इन्कार कर दिया। आरोपी युवक बेटी को धमकी दे रहा है। कोतवाल ने बताया कि पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए भेजा जाएगा। आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। संवाद

# भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार : रविंद्र

**मेंहदावल।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए बुधवार को मेंहदावल थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें त्योहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई।

थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन, जन्माष्टमी व चेहल्लुम जैसे त्योहार आ रहे हैं। यह त्योहार हमारी परंपरा के अंग हैं। परंपरा का निर्वहन शांतिपूर्ण ढंग से करते हुए सभी पर्वों को सौहार्द के साथ मनाएं। त्योहार में खलल डालने वाले तथा अफवाह फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस दौरान सभासद अब्दुल मन्नान, मुमताज, सोमनाथ प्रजापति, शमीम अहमद आदि मौजूद रहे। संवाद

# वाहन चालक पर केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के नंदौर निवासी वृद्ध मंदिर जाते समय स्कूली बस की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल वृद्ध का ख़लीलाबाद में एक निजी अस्पताल में इलाज़ चल रहा है। पीड़ित पत्नी शकुन्तला देवी पत्नी सुंदर निवासी परसा चौबे मेंहदावल का आरोप है कि उसके पिता लौटू (80) निवासी नन्दौर 12 अगस्त को दोपहर ढाई बजे पैदल घर से मंदिर की ओर जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आकर एक स्कूली वाहन ने उसके पिता को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। एसपी के निर्देश पर बखिरा पुलिस ने अ व अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023

# पाक्सो एक्ट में पांच वर्ष की सजा सुनाई

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश नियाज अहमद अंसारी ने छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी को पांच वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्रा के अनुसार थाना कटरा बाजार अंतर्गत ग्राम शिवलाल पुरवा तिलका निवासी सलामत पुत्र जहीर के विरुद्ध छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुनने तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को पाक्सो एक्ट के तहत दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की कैद व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# सीएम के सामने उठा पूर्व विधायक पर केस का मुद्दा

## सियासत

- मुख्यमंत्री योगी ने जिलाधिकारी को जांच कराने के दिए निर्देश
- एडीएम करेंगे पूर्व विधायक व डाक्टर के बीच हुए विवाद की जांच

गोण्डा, संवाददाता। वयोवृद्ध पूर्व विधायक व महिला अस्पताल की डाक्टर के बीच कहासुनी के बाद पूर्व विधायक के विरुद्ध नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किए जाने का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने भी उठा। पूर्व विधायक तुलसीदास राय चंदानी ने योगी से मिलकर डाक्टर की बर्खास्तगी की मांग की है। वहीं, जिले सभी विधायकों व पदाधिकारियों ने सीएम को पत्र देकर डाक्टर के बर्खास्तगी की मांग की। जिस पर सीएम ने डीएम को मामले की जांच कराकर कार्रवाई का निर्देश दिया है।

सीएम बुधवार को करनैलगंज के पाल्हापुर में बाढ़ का जायजा लेने आए थे। इस दौरान जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के नेतृत्व में विधायकों ने पूर्व विधायक के खिलाफ मुकदमा लिखे जाने का मामला उठाया। सीएम ने मामले की जांच के निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि सीएम ने इस संबंध में एसपी से भी पूछताछ की है। डीएम नेहा शर्मा ने बताया कि मामले की जांच एडीएम से कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद उच्चाधिकारियों व शासन को दोषी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

# सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ: सीएम

**दौरा**

करनैलगंज, संवाददाता। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को रक्षाबंधन के पर्व पर दोपहर बाद करनैलगंज तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके बाद पाल्हापुर बाढ़ राहत केन्द्र पर पहुंचे सीएम ने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें राहत किट बांटी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की हर समस्या का समाधान करेगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। आपदा के समय में पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद की जाएगी।

सीएम ने बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा कि सरकार हर बाढ़ पीड़ित की मदद करेगी। सरकार द्वारा बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री बांटी जा रही है। जिन किसानों की फसल बाढ़ के चलते नष्ट हुई है मुआवजा दिया जाएगा। सीएम ने वहां मौजूद बाढ़ पीड़ितों, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे आज रक्षाबंधन का दिन होने के बाद भी बाढ़ पीडितों के बीच है। जहां-जहां भी बाढ़ जैसी स्थिति है वहां बचाव राहत दल रवाना किये गये है। हलांकि इस बार मानसून देरी से आया है। सीएम ने कहा कि करीब 23 गांव बाढ़ से प्रभावित थे। वहां अब केवल जल जमाव ही बचा है।

सरकार बाढ प्रभावितों के लिये राहत किट के साथ सूखे राशन का भी इंतजाम कर रही है। साथ ही अगर बाढ़ से जनहानि होती है तो चार लाख, सर्पदंश या आपदा से मृत्यु पर चार लाख की सहायता दी जा रही है। जिसके लिये सभी प्रभावित जिलों को आदेश भेजा गया है। किसी के घायल होने होने पर भी सहायता का प्रावधान है। बाढ़ से जिन किसानों की फसले प्रभावित हुई है उनके सर्वे कराये जा रहे है। अगर किसी का मकान क्षतिग्रस्त हुआ है या आंशिक क्षति हुई है तो भी सरकार उनको प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री आवास उपलब्ध करायेगी। सीएम ने कहा कि अभी एक माह तक सतर्कता बनाये रखना है। किसी प्रकार को कोई दिक्कत न होने पाए।

**राहत किट में है ये सामान:** 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 10 किलो, दो किलो अरहर दाल, एक किलो नमक, हल्दी, मिर्च, धनिया व सब्जी मसाले, एक लीटर रिफाइंड तेल, 5 किलो लाई, दो किलो भुना चना, एक किलो गुड़, दस पैकेट बिस्किट, माचिस एवं मोमबत्तियां, साबुन, एक तिरपाल आदि शामिल है।



करनैलगंज के पाल्हापुर में बाढ़ पीड़ितों की बांटने के लिए रखी सामग्री देखते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## बाबा लोधेश्वर नाथ की कृपा से आ गया

रामनगर (बाराबंकी)। बाढ़ पीडितों को राहत सामग्री वितरण समारोह में बाराबंकी के रामनगर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा कार्यक्रम दूसरे जिले में था। मगर मुझे लगता है कि इस वर्ष बाबा लोधेश्वर नाथ जी के मैं दर्शन नहीं कर पाया था। बाबा रात को ऐसी कृपा हुई मैं आ गया। यह देवाधिदेव महादेव भगवान लोधेश्वर जी की वजह से ही संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम मेरा तो पहले दूसरी जगह पर था और रात फिर सुबह अचानक कार्यक्रम चेंज होकर महादेवा में हो गया। आडीटोरियम के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। वहां पर उन्होंने गर्भगृह में बैठकर पूजा अर्चना की। दर्शन पूजन के बाद मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ,सांसद उपेंद्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी, जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश, जिला पंचायत अध्यक्ष राज रानी रावत ने मुख्यमंत्री को लोधेश्वर महादेव का चित्र भेंट कर स्वागत किया।

## ये लोग रहे मौजूद

गोंडा में जिपं अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक मनकापुर रमापति शास्री, विधायक कटरा बावन सिंह, विधायक तरबगंज प्रेम नारायन पाण्डेय, विधायक गोण्डा सदर प्रतीक भूषण सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, डीएम नेहा शर्मा, एसपी अंकित मित्तल, सीडीओ एम. अरून्मोली, सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा, सीआरओ महेश प्रकाश के सभी एसडीएम व अन्य लोग मौजूद रहे।

# युवती से छेड़छाड़ व मारपीट का केस

गोण्डा। शहर के युवती के साथ छेड़खानी और उसके भाई को पीटकर धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक व्यक्ति ने कोतवाली नगर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले के ही एक युवक पिछले कुछ दिनों से उसकी बेटी को परेशान कर छेड़खानी कर रहा था। आरोप है कि उसी के विवाद में 28 अगस्त को आरोपी युवक ने उसके बेटे की पिटाई कर दी। शोर-शराबा सुनकर आसपास के कई लोग मौके पर आ गए। जिन्हें देखकर आरोपी हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।

# मवेशियों का आतंक

बभनान। छपिया ब्लॉक में आवारा मवेशियों का आतंक बरकरार है। इनकी वजह से कई ग्रामीणों को घर में कैद होना पड़ता है। बभनान से खोड़ारे मार्ग पर ग्राम पंचायत सिकहरा के राजस्व ग्राम रमदत्तपुर में आवारा मवेशियों की भरमार है। सड़क पर मवेशियों से टकराकर लोग घायल हो जाते हैं।

# युवती को घायल करने का मामला दर्ज हुआ

मनकापुर। मारपीट कर घायल कर देने व दलित एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। कोतवाली के बनकसिया शिवरतन सिंह की रहने वाली रेखा पुत्री दीने अनुसचित जाति की है। उसने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के कृष्णपाल सिंह ने अपशब्द कहे, विरोध करने पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इससे उसका हाथ कट गया। इस मामले में कोतवाल सुधीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना सीओ मनकापुर करेंगी।

# गैर इरादतन हत्या का आरोपी गिरफ्तार

छपिया। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी मसकनवा राजेश कुमार दुबे ने बताया कि वांछित आजाद निवासी बखरवा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गड़रही अंडरपास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय रवाना किया गया है।

# दहेज हत्या में पति को दस वर्ष का कारावास

- करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई थी घटना
- कोर्ट ने पति पर 25 हजार का जुर्माना ठोका

गोंडा, विधि संवाददाता। अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार ने दहेज हत्यारोपी पति को दस वर्ष की कैद और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार पाठक के अनुसार थाना कोतवाली नगर अंतर्गत मालवीय नगर निवासी आशु सिंह ने इस आशय की तहरीर दी कि उसने अपनी बहन आंचल सिंह की शादी थाना करनैलगंज अंतर्गत काशीपुर हरिपालपुरवा निवासी संतबख्श उर्फ अर्जुन पुत्र अमरेश सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही वादी की बहन को उसकी सास तथा ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। दहेज में सोने की चेन और एक लाख रुपए नकद की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उसे मार दिया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की बहस व दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपित अभियुक्त पति को दहेज हत्या करने का दोषी करार दिया। कोर्ट ने उसे दस वर्ष की कैद व पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# पूर्व विधायक पर मुकदमा से केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों में बढ़ा आक्रोश

संसू, गोंडा : भाजपा के पूर्व विधायक व केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संस्थापक तुलसीदास रायचंदानी पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने से समिति के पदाधिकारियों में आक्रोश है। समिति ने आंदोलन की चेतावनी दी है। पूर्व विधायक एक कार्यकर्ता की पैरवी में महिला अस्पताल गए थे। आरोप है कि वहां पूर्व में महिला चिकित्सक ने कार्यकर्ता से प्राइवेट वार्ड की सुविधा के बदले पांच हजार रुपये की मांग की थी।

पूर्व विधायक ने जब यह बात महिला चिकित्सक से पूछा तो वह भड़क उठीं और झूठा आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करा दिया। हालांकि साक्ष्य न मिलने पर मंगलवार की रात ही पुलिस ने मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट लगाकर रफादफा कर दिया। पूर्व विधायक पर मुकदमा की जानकारी मिलते ही केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया। पूर्व विधायक तुलसीदास रायचंदानी भी केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के संस्थापकों में से एक हैं। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार शुक्ल, महामंत्री राकेश वर्मा गुड्डू ने कहा कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा नहीं लिखा गया और पूर्व विधायक पर मुकदमा लिखा गया जो अत्यंत हास्यापद है।

सवाल उठाया कि पूर्व विधायक तुलसीदास बिना सहारे के चल नहीं पाते वह किसी को मारने की धमकी कैसे दे सकते हैं। बुजुर्ग पूर्व विधायक पर मुकदमा लिखा जाना पुलिस की मनमानी कार्यशैली को दर्शाता है। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि महिला चिकित्सक पर भ्रष्टाचार का मुकदमा दर्ज कर उनकी सेवाएं समाप्त की जाए।

# छात्राओं ने पुलिस कर्मियों को बांधी राखी, खाकी ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**संसू, गोंडा :** सेंट जेवियर्स मालवीय नगर की छात्राओं ने कोतवाल संजय कुमार गुप्त व अन्य पुलिस कर्मियों को राखी बांधी । तिलक लगाकर आरती उतारी। सनाया यादव, वैष्णवी सिंह, अदीबा, अस्मिता सैनी, इनाया खान, अपराजिता पांडेय, युविका पांडेय, अनाया चौधरी अक्षिता सिंह, अभिनव पटेल के साथ शिक्षक गौरव उपाध्याय व साक्षी मौजूद रहीं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मसकनवा में



कोतवाली नगर में रक्षाबंधन पर पुलिसकर्मी के साथ छात्राएं • सौजन्य से इंटरनेट मीडिया

वरिष्ठ अध्यापक विष्णु देव शुक्ल ने कहा कि नवाचार से बच्चों में पर्वों के प्रति समझ बढ़ेगी। राखी बनाने में ललिता, सनाबानो, हिना, प्रिया, सीमा, मानसी, आरती, लकी, आयुष, अभयमणि, मोहन, अनूप, कन्हैया, रूखसार, जैनब ने हिस्सा लिया। अनुदेशक कविता त्रिपाठी, अनामिका व अखिलेश ने सहयोग किया।

**पैदल मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा:** रक्षा बंधन पर्व को लेकर नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्त ने गुरु नानक चौराह से चौक बाजार व दुखहरण नाथ मंदिर से रानीबाजार तक पैदल मार्च किया। चौक बाजार में चार पहिया ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया था।

# किशोरी से छेड़खानी के दोषित को तीन वर्ष का कारावास

**संसू, गोंडा :** घर में घुसकर किशोरी से छेड़खानी करने में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने ग्राम शिवलालपुरवा तिलका थाना कटराबाजार निवासी सलमान को तीन वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही दोषित को दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक सुनील कुमार मिश्र व अशोक कुमार सिंह ने बताया कि चार जून 2017 को दोषित ने घर में घुस कर एक किशोरी से छेड़खानी की थी।

परिवारीजन को आता देख दोषित मौके से भाग निकला था। पीड़िता के पिता ने थाना कटराबाजार में मुकदमा किया था।

# प्रेमी के पास आई चार बच्चों की मां

- **पति को साथ लेकर सर्विलांस की मदद से गोंडा पुलिस पहुंची घर**
- **महिला ने कोर्ट मैरिज कर व प्रेमी के साथ रहने की पकड़ी जिद**

**संसू, आसीवन (उन्नाव) :** फेसबुक से हुई दोस्ती प्यार में बदली तो अपने चार बच्चों व पति को छोड़कर महिला गोंडा से प्रेमी के घर पहुंच गई। प्रेमी ने कोर्ट मैरिज कर उसे घर में रख लिया। सर्विलांस की मदद से पति को साथ लेकर गोंडा पुलिस महिला को लेने पहुंची तो उसने साथ चलने से मना कर दिया। पति ने बच्चों का हवाला भी दिया, लेकिन बात नहीं बनी। घंटों चली जद्दोजहद के बाद गोंडा पुलिस व पति खाली हाथ लौट गए। गोंडा जिला के थाना कटरा क्षेत्र की चार बच्चों की मां 45 वर्षीय महिला की एक साल पहले फेसबुक के जरिये आसीवन क्षेत्र के अनवरखेड़ा में रहने वाले 35 वर्षीय युवक से पहचान हो गई। पहले कई दिनों तक चैटिंग हुई फिर दोनों ने एक साथ रहने का फैसला ले लिया। एक माह पहले महिला अपने चार बच्चों व पति को छोड़कर गोंडा से चुपके प्रेमी के पास उसके घर आ गई। प्रेमी ने महिला से कोर्ट मैरिज कर ली। उधर महिला का पति उसकी खोजबीन कर रहा था। गोंडा पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने महिला का मोबाइल फोन सर्विलांस पर लगाया तो लोकेशन उन्नाव के आसीवन क्षेत्र की मिली। मंगलवार देर रात पति को लेकर पुलिस आसीवन पहुंची। पत्नी को देख पति ने साथ चलने को कहा तो पुलिस के सामने ही महिला ने प्रेमी के साथ ही रहने की बात कह दी। लाख समझाने के बाद भी महिला साथ चलने को तैयार नहीं हुई।

# सरयू के घटने से मुख्यमंत्री के चेहरे पर दिखा संतोष का भाव

**श्रीकांत मिश्र**

**पाल्हापुर (गोंडा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 45 दिन पहले गोंडा के ऐली-परसौली आए थे। इस बार पाल्हापुर में उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में 45 दिन और सक्रियता बरतने का मंत्र दिया। डेढ़ माह में सरयू के पानी में बहुत उतार-चढ़ाव दिखा। खतरे के निशान से कई बार ऊपर पहुंची सरयू ने ग्रामीणों में खौफ भी पैदा किया। मगर सरकार के राहत इंतजामात के आगे पानी की चाल भी हल्की हो गई।

15 जुलाई को बाढ़ प्रभावित ऐली-परसौली का निरीक्षण करने आए मुख्यमंत्री ने अफसरों और अन्य जिम्मेदारों से बाढ़ की रोकथाम के उपाय पूछे थे। उस वक्त सरयू उफान पर थी, इस बार शांत और ढलान के संदेश से सीएम के चेहरे पर संतोष के भाव दिखाई दे रहे थे। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पाल्हापुर में बने अस्थाई हैलीपैड पर शाम चार बजकर नौ मिनट पर उतरा। उनके साथ विशेष सचिव ईशान प्रताप सिंह भी रहे। यहां से मुख्यमंत्री सीधे राहत सामग्री बांटने पहुंचे। उन्होंने सौ ग्रामीणों को राहत किट बांटी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में मेडिकल व नौकाओं की व्यवस्था की गई है। मंत्री व प्रभारी मंत्री द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले डेढ़ महीने तक सतर्क रहना होगा, ताकि हम लोग बाढ़ से होने वाली हानि को कम कर सकें। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे भी किया।

कार्यक्रम में भाजपा विधायक रमापति शास्त्री, अजय सिंह, प्रेमनरायन पांडेय, बावन सिंह, प्रभात वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, डीएम नेहा शर्मा, एसपी अंकित मित्तल, सीडीओ एम. अरुन्मोली समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संवाद



करनैलगंज के पाल्हापुर में बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री देते मुख्यमंत्री। संवाद

## रातों-रात बदल गई प्राथमिक विद्यालय की सूरत

**पाल्हापुर (गोंडा)।** प्राथमिक विद्यालय पाल्हापुर को देखकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचे लोगों के मुंह से निकल पड़ा कि काश सीएम का दौरा अक्सर होता रहता तो विद्यालयों की सूरत बदल जाती। विद्यालय की खिड़कियों पर रातों-रात पर्दे आ गए तो परिसर एकदम साफ-सुथरा हो गया। इतना ही नहीं वॉलपेंटिंग आकर्षण का केंद्र बनी रही तो विद्यालय में



आने-जाने के लिए पक्की सड़क तैयार हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ का विद्यालयों के बच्चों से लगाव को देखते हुए तैयारियां की गई थी। बीएसए प्रेमचंद ने बताया कि विद्यालय को छात्रों के अनुरूप सजाया व संवारा गया है। इससे विद्यालय की सूरत बदल गई है। यहां बच्चों की अच्छे शैक्षणिक माहौल के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। संवाद

## सीएम के समक्ष उठा पूर्व विधायक रायचंदानी का मामला

**गोंडा।** पाल्हापुर में बुधवार को मुख्यमंत्री से विधायकों ने भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में मुलाकात की। पूर्व विधायक तुलसीदास रायचंदानी ने अपनी उम्र का हवाला देते हुए मुकदमा दर्ज किये जाने की बात कही। उन्होंने खुद को महिला डॉक्टर द्वारा अपमानित और नामजद किये जाने का प्रकरण संक्षेप में बताया। सीएम ने मंडलायुक्त व डीएम को प्रकरण की जांच कर स्टेटस रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। एसपी अंकित मित्तल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि केस में फाइनल रिपोर्ट लगा दी गई है। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक को आश्वासन दिया कि जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई अवश्य होगी। भाजपा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप ने सीएम को मांगपत्र देकर डॉ. रश्मि शर्मा को बर्खास्त करने की मांग की। मांगपत्र पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक रमापति शास्त्री, बावन सिंह, प्रेमनारायन पांडेय, अजय सिंह, प्रभात वर्मा व प्रतीक भूषण सिंह के हस्ताक्षर थे। संवाद

## विवि व सड़क की मांग पर मुस्कुराकर चले गए सीएम

**पाल्हापुर (गोंडा)।** करनैलगंज के चचरी पाल्हापुर में बुधवार को बाढ़ पीड़ितों को राहत किट वितरित करने पहुंचे मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य विश्वविद्यालय और सड़कों की बदहाली का मुद्दा उठाया गया। मुख्यमंत्री जब जाने लगे तो मंच के नीचे खड़े लोगों ने गोंडा में विश्वविद्यालय निर्माण और बदहाल सड़कों की स्थिति का मुद्दा उठाया। मगर मुख्यमंत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। उन्होंने हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन किया और मुस्कुराते हुए चले गए। संवाद

## बेहोश हो गिर गई आरक्षी

**करनैलगंज।** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में तैनात आरक्षी रुचि अवस्थी गर्मी में बेहोश होकर गिर गई। अन्य महिला सिपाहियों ने उसे पेड़ के नीचे लिटाया। फिर एएसपी शिवराज ने चिकित्सा टीम बुलाकर उसका इलाज कराया। इसके बाद रुचि को उसकी तैनाती वाले थाने भेज दिया गया। संवाद

## धरी रह गई ग्रामीणों की मंशा

**करनैलगंज।** पाल्हापुर व चचरी के आसपास छुट्टा जानवरों से होने वाले नुकसान की व्यथा सीएम को बताने के लिए सौ से अधिक ग्रामीण एकत्र हुए। इनकी मंशा छुट्टा जानवरों को हैलीपैड की तरफ भागने की थी मगर पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते ग्रामीण विरोध-प्रदर्शन नहीं कर सके। संवाद

## राहत किट में दी गई सामग्री

मुख्यमंत्री द्वारा बांटी गई प्रत्येक राहत किट में 10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 10 किलो आलू, दो किलो अरहर की दाल, 200 ग्राम हल्दी, 200 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, एक किलो तेल व रिफाइंड, एक किलो नमक, पांच किलो लाई, दो किलो भुना चना, एक किलो गुड़, 10 पैकेट बिस्किट, एक पैकेट माचिस, नहाने के दो साबुन, 20 लीटर का जरीकेन, एक तिरपाल है।

# घर में तोड़फोड़ कर महिला को पीटा

**तरबगंज (गोंडा)।** तरबगंज के ग्राम बौरिंहा निवासी राम बहादुर की पत्नी सुमित्रा ने थाने पर तहरीर दी। इसमें कहा कि गांव के ही बिट्टू चौहान लकड़ी के ठेकेदार हैं। उन्होंने बीते सोमवार को सेमल का पेड़ काटकर उसके धान के खेत में गिरा दिया। जिससे फसल को काफी नुकसान हुआ। इसे लेकर कहासुनी हुई थी। दूसरे दिन बिट्टू चौहान गांव के ही निवासी अपने साथी विकास सिंह के साथ पहुंचे और उसके घर में घुसकर पीटा व तोड़फोड़ की। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। (संवाद)

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा।** खरगूपुर थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि नानबाबू उर्फ बाबू निवासी ओरी पुरवा भटपी को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने मुकदमे की रंजिश में 29 अगस्त को गांव के रमेश सोनकर के परिवार वालों पर लाठी-डंडे से हमला कर घायल कर दिया था। (संवाद)

# हरे पेड़ काटने में सात पर केस, एक गिरफ्तार

**मनकापुर(गोंडा)।** कस्बा चौकी प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि मंगलवार रात हरे पेड़ काटने की सूचना पर गुनौरा गांव में छापा मारा। मगर सुरेश वर्मा उर्फ गंजे निवासी ग्राम गैजड़ा, दद्दन पांडेय निवासी ग्राम मछली, लक्ष्मनपुर, प्रह्लाद चौबे निवासी ग्राम गुनौरा लकड़ी काटने की मशीन लेकर भाग गए। मौके पर 19 बोटा सागौन व तीन हरे पेड़ कटे पड़े मिले। उपनिरीक्षक राकेश ओझा ने बताया कि मंगलवार रात अम्बरपुर के रहने वाले जगराम सोनकर के घर के पास लगे सागौन के बाग में पिकअप पर चार लोग लकड़ी का बोटा लादते दिखाई पड़े। आनंद निवासी ग्राम अम्बरपुर को मौके पर पकड़ लिया गया। श्यामू, विनोद वर्मा व राम महेश उर्फ मगनू भाग गए। मौके पर तीन बोटा साखू व चार बोटा सागौन की लकड़ी बरामद हुई। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि पिकअप सीज करके सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# छप्पर जलाने का लगाया आरोप

**मसकनवा (गोंडा)।** हलुआ गांव निवासी सियाराम ने बताया कि 29 अगस्त को वह पत्नी के साथ हरैया गया था। घर में दो छोटे लड़के थे। देर होने पर वह रिश्तेदार के यहां रुक गया। उसकी पत्नी रक्षाबंधन के कारण मायके चली गई। सियाराम का आरोप है कि रात आठ बजे रंजिश को लेकर गांव के ही तेजभान व कर्ताराम ने उसका छप्पर जला दिया। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक छपिया अशोक सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। (संवाद)

# दलित के घर हमला, छप्पर फूंका

**रुपईडीह (गोंडा)।** खरगूपुर के भटपी ओरीपुरवा के रमेश सोनकर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात उसका भाई ऑपरेटर घर में था। तभी गांव के किराना दुकानदार बाबू ने मुकदमे की रंजिश को लेकर उसके भाई से अभद्रता की। मना करने पर बाबू अपने साथी ओमप्रकाश वैद्य, दरोगा, संतोष, रामदेव, कप्तान, जज, रामकिशुन, शिवदयाल, ननके, दद्दन के साथ मिलकर लाठी-डंडे से पीटा। बाबू ने उसके भाई ऑपरेटर पर बांका से हमला कर दिया। बचाने दौड़े उसके पिता मालिक राम, बहन अर्चना, पत्नी सुमन, ऑपरेटर की पत्नी अन्ना व मां सीतापति को भी पीटा। हमलावरों ने छप्पर में आग लगा दी। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि रमेश सोनकर की तहरीर पर बाबू समेत दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# किशोरी के अपहरण का केस

**करनैलगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर दी। इसमें कहा कि करीब दो वर्ष पूर्व क्षेत्र में राम कथा का आयोजन हुआ था। जिसमें अमरनाथ चतुर्वेदी निवासी उत्तम नगर, जिला रेवाड़ी, हरियाणा कथाकार के रूप में आया था। वह उनकी बेटी को अगवा कर ले गया। बेटी अपनी मां के करीब तीन लाख रुपये के गहने एवं 30 हजार रुपये भी ले गई। प्रभारी कोतवाल गोविंद कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर अमरनाथ चतुर्वेदी उर्फ शिवम चतुर्वेदी के विरुद्ध अपहरण का केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# दो लोगों पर मारपीट का मुकदमा

**करनैलगंज(गोंडा)।** क्षेत्र के चंगेरिया दर्जी पुरवा निवासी नानमून ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार दोपहर वह दवा लेने भंभुआ चौराहे पर गया था। तभी गांव के ही रहने वाले सौरभ प्रताप सिंह उर्फ भोलू व शेष कुमार सिंह ने उसे पीट दिया। इंस्पेक्टर अपराध गोविंद कुमार ने बताया कि नानमून की तहरीर पर सौरभ व शेष कुमार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# कार ने दो बाइकों में मारी टक्कर, चार घायल

संवाद न्यूज एजेंसी

मुजेहना/मोतीगंज (गोंडा)। मोतीगंज में धानेपुर दतौली मार्ग पर बुधवार को अनियंत्रित कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार सी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। चारों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

धानेपुर के बगुलही गांव की रहने वाली सुशीला अपने बेटे आदित्य के साथ मोतीगंज के ग्राम दिनारा के मजरा चिरैता स्थित मायके गई थी। बुधवार को वह बेटे आदित्य व भाई आनंद के साथ बाइक से घर लौट रही थी। एक बाइक आदित्य व दूसरी बाइक आनंद चला रहा था।

धानेपुर दतौली मार्ग पर रामनगर बाजार के समीप सामने से आ रही कार दोनों बाइकों को टक्कर मारकर सड़क किनारे खड्ड में चली गई। हादसे में सुशीला, आदित्य, आनंद व चाचा घौसाले गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी मुजेहना से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मोतीगंज थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## कार चालक ने काटा हंगामा, बंदी

धानेपुर (गोंडा)। धानेपुर बाजार में मंगलवार रात बाबागंज की तरफ जा रही कार से एक अज्ञात वाहन की भिड़ंत हो गई। अज्ञात वाहन चालक तो मौके से भाग निकला। मगर कार चालक ने जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे थाने ले आई। थानाध्यक्ष सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि कार चालक सुशील निवासी बाबागंज को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# हत्यारे पति को 10 साल की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। करनैलगंज में दहेज के लिए पत्नी की प्रताड़ना और हत्या के मामले में बुधवार को न्यायालय ने फैसला सुनाया। दोषी पति को 10 साल कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया गया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) अमित कुमार पाठक ने बताया कि नगर कोतवाली क्षेत्र के मालवीय नगर निवासी आशु सिंह ने करनैलगंज कोतवाली में तहरीर दी थी। इसमें कहा कि 31 मई 2017 को उसकी बहन आंचल का विवाह ग्राम काशीपुर, हरिपाल पुरवा निवासी संतबक्श उर्फ अर्जुन से हुआ था।

आंचल ससुराल गई तो पति संतबक्श, उसके भाई अनुराग सिंह, उसकी पत्नी आरती, चाचा अवधेश सिंह दहेज में सोने की दो चेन व एक लाख रुपये की मांग कर प्रताड़ित करते थे। इन लोगों ने 20 फरवरी 2020 को आंचल को मार डाला। पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और दहेज प्रताड़ना व हत्या के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर आरोपी संतबक्श के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान न्यायालय ने संतबक्श को दोषसिद्ध किया। बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राजेश कुमार ने संतबक्श को 10 साल कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। (संवाद)

## छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट के दोषी को तीन साल की सजा

गोंडा। पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र के अनुसार कटरा बाजार इलाके के निवासी वादी ने चार जून 2017 को थाने में तहरीर दी। इसमें कहा कि उसकी 10 साल की बेटी घर में अकेली थी। तभी सलामत ने घर में घुसकर उससे छेड़खानी की। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान पुख्ता सबूत मिलने पर न्यायालय ने सलामत को दोषी करार दिया। बुधवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहम्मद नियाज अहमद अंसारी ने सलामत को तीन साल साधारण कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में देने के आदेश दिए हैं। (संवाद)

## मां-बेटे समेत तीन पर केस

मनकापुर (गोंडा)। क्षेत्र के ग्राम बनकसिया शिवरतन सिंह कोटिया गांव निवासी रेखा ने मनकापुर कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसके गांव के अज्जू उर्फ कृष्णपाल सिंह उसकी जमीन में तार लगाकर कब्जा कर रहे थे। मना करने पर अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए पीड़िता व उसकी बेटी नेहा को पीटा। जिसमें मां-बेटी को गंभीर चोटें आईं। दूसरे मामले में भिटौरा चिरैया गांव निवासी रवि ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि कुत्ते के विवाद को लेकर कहासुनी के दौरान गांव के ही आदित्य सिंह व उनकी मां संध्या सिंह उसे पीटा और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

## पांच पर केस

नवाबगंज (गोंडा)। नवाबगंज के पहली गांव निवासी संतोष कुमार मिश्र ने अदालत के आदेश पर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके गांव के आनंद कुमार पांडेय, लाल कुंवर पांडेय, अर्पित, पांडेय तथा पूनम पांडेय बीते 20 जुलाई की शाम भूमि विवाद की रंजिश को लेकर उसके दरवाजे पर आ धमके और धमकाते हुए लाठी-डंडों से मारने लगे। जान बचाने के लिए वह घर के अंदर भागा तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसे पीटा और तोड़फोड़ कर सामान बाहर फेंक दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023

# पुलिस जवानों को बांधी राखी, सुरक्षा का संकल्प

उतरौला। पब्लिक मॉडर्न आइडियल स्कूल उतरौला की नन्ही छात्राओं ने उतरौला थाने में पुलिस जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की। वहीं पुलिस कर्मियों ने बेटियों के हाथों राखी बंधवाकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। उतरौला थाना के प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे एवं क्राइम इंस्पेक्टर आलोक कुमार सहित पुलिस जवानों के हाथों में विद्यालय की बेटियों ने राखी सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु की कामना की।

# यातायात नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई

बलरामपुर। यातायात प्रभारी ने बताया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट जरूर पहनें। बिना हेलमेट के गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाते पकड़े जाने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है।

# पटाखे के जखीरे में विस्फोट से घर की दीवार ढही

## ललिया थाना क्षेत्र के रामनगर रसईपुरवा गांव में हुई घटना, लाइसेंस धारक को हिरासत में लेकर पुलिस छानबीन में जुटी

संवाद न्यूज एजेंसी

ललिया (बलरामपुर)। स्थानीय थाने के रामनगर रसईपुरवा गांव निवासी पटाखा व्यवसायी जिबरील मनिहार के घर में मंगलवार की देर रात करीब डेढ़ बजे पटाखे के जखीरे में विस्फोट हो गया। धमाके से घर की दो दीवारें ढह गईं और छत में दरार आ गई।

घटना की सूचना पर बुधवार सुबह एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम भी पहुंची और घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने पटाखा व्यवसायी को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू कर दी है।

घर की छत को बांस के सहारे रोकना पड़ा है, वह भी गिरने की कगार पर है। विस्फोट इतना तेज था कि पूरे गांव में धमाके की गूंज सुनाई दी। लोगों के घरों की दीवारें हिल उठीं और लोग नींद से जागकर बाहर निकल आए।

वहीं, जांच में अधिकारियों को जांच में चौंकाने वाले तथ्य मिले हैं। व्यवसायी के नाम से शिवपुरा बाजार में पटाखा बेचने का लाइसेंस है, जो वर्ष 2024 तक वैध है। पटाखा रखने के लिए गोदाम की अनुमति रामनगर रसईपुरवा गांव में व्यवसायी के घर से दो सौ मीटर दूर खेत में बनाने की थी। जांच में सामने आया कि बड़े स्तर पर घर में पटाखा रखा गया था।

बताया जा रहा है कि वह घर में ही पटाखा बनाने का काम भी करता था, जबकि बनाने की अनुमति नहीं थी। पटाखा अधिक मात्रा में एकत्र होने और सुरक्षा व नियंत्रण के उपाय न होने से घटना हुई। अब पुलिस मामले में हर पहलु की जांच कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार पांडेय ने बताया कि घटना स्थल को सील कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।





बलरामपुर के रसईपुरवा गांव में धमाके के कारण गिरी दीवार, रसईपुरवा गांव में मामले की छानबीन करती पुलिस। -संवाद

### पहले भी हो चुका है धमाका

पटाखा व्यवसायी के घर विस्फोट की घटना पहली बार नहीं हुई है। इसके पहले भी दो बार विस्फोट हो चुका है। पहली बार साल 2009 और दोबारा 2016 में भी इसके घर इसी तरह का विस्फोट हो चुका है। इसके बाद भी गोदाम घर से बाहर नहीं बनाया व घर में पटाखा एकत्र करते रहे। घर में आपात स्थिति से बचने के लिए अग्निशमन यंत्र भी नहीं लगा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि दो बार विस्फोट के बाद भी लाइसेंस रद नहीं किया गया।

### पत्नी बोली- बैट्री फटने से हुआ विस्फोट

पटाखा व्यवसायी की पत्नी सैफल का कहना है कि मंगलवार की रात हम सभी लोग छत पर सो रहे थे। बेटा अहमद हुसैन नीचे एक कमरे में बैट्री से पंखा चलाकर सो रहा था। अचानक बैट्री फट गई, जिससे धमका हो गया। परिवार के सभी लोग सुरक्षित हैं और गांव में किसी का कोई नुकसान नही हुआ है।

### जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई : एसपी

“ पटाखा व्यवसायी के घर में पटाखे से विस्फोट होने की घटना जांच में सामने आई है। इसमें किसी को चोट नहीं लगी है। लाइसेंस धारक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

-केशव कुमार, पुलिस अधीक्षक बलरामपुर

# शक्तिपीठ पहुंचे सीएम योगी, आज विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे

## मुख्यमंत्री रक्षाबंधन कार्यक्रम में होंगे शामिल, प्रशासनिक अमला अलर्ट पर

### सीएम का दौरा

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को बलरामपुर पहुंचे। सीएम का हेलीकॉप्टर शाम पांच बजकर आठ मिनट पर तुलसीपुर स्थित आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल स्थित हेलीपैड पर उतरा, जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। यहां से सीएम योगी सीधे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के लिए रवाना हो गए।

करीब साढ़े पांच बजे शक्तिपीठ पर पहुंचे सीएम का अभिवादन लोगों ने किया। इसके बाद वह सीधे विश्राम कक्ष में चले गए। देर शाम तक योगी विश्राम कक्ष में रहे। योगी अपने दो दिन के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री अक्सर बलरामपुर आते रहते हैं। इसी क्रम में वह बुधवार को भी बलरामपुर के शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर पर पहुंचे। हेलीपैड पर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला के राम प्रताप वर्मा, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने उनका स्वागत किया।

जनप्रतिनिधियों का अभिवादन स्वीकार करने के बाद सीएम योगी सीधे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे। उनसे मिलने के लिए आए सभी लोगों को मंदिर के बाहर ही रोक दिया गया था। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल थे। सीएम विश्राम कक्ष में जाने के बाद देर शाम तक बाहर नहीं निकले। जनप्रतिनिधि व अन्य लोग उनका इंतजार कर रहे थे। सीएम जब विश्राम कक्ष में गए तो उनके साथ शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी थे। महंत ने बताया कि यह सीएम का सामान्य दौरा है। मंदिर की व्यवस्थाओं का सीएम जायजा लेंगे।

योगी गुरुवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पर आयोजित होने वाले रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल लेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शक्तिपीठ के द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मंदिर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को मुख्यमंत्री मंदिर पर आयोजित होने वाले भंडारा कार्यक्रम में भाग लेंगे। साथ ही वह मंदिर के विभिन्न व्यवस्थाओं का भी जायजा लेंगे। योगी विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर सकते हैं। इसमें यह उम्मीद की जा रही है कि वह बलरामपुर बाईपास व सैटेलाइट सेंटर से सम्बन्धित अधिकारियों से वार्ता कर सकते हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर पहुंचे।

### इंतजार करते रहे जनप्रतिनिधि

सीएम योगी हेलीपैड पर उतरने के बाद शक्तिपीठ स्थित विश्राम कक्ष में चले गए। उनसे मिलने वालों की कतार लगी हुई थी। खबर लिखे जाने तक सीएम से कोई मिल नहीं सका था। योगी के हेलीपैड पर प्रतापगढ़ के एक सीओ की ड्यूटी लगी थी। जिन्होंने विधायकों और अन्य लोगों को हेलीपैड पर स्वागत करने जाने के लिए आपत्ति जताई थी। इसे लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों में विवाद भी हुआ। बाद में शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर महंत मिथलेश नाथ योगी ने व्यवस्थाओं को संभाला। तब जाकर विधायकों व अन्य लोगों की इंट्री हो पाई।

# आतिशबाजी का सामान बनाते समय हुआ धमाका

## जांच शुरू

ललिया, संवाददाता। आतिशबाजी का सामान बनाते समय मंगलवार देर रात रसईपुरवा गांव में विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज दो किलोमीटर दूर तक सुनी गई। जिसके घर धमाका हुआ वहां दीवार व छत चटक गई।

पुलिस आतिशबाजी का सामान बनाने वाले को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। रामनगर गांव का मजरा है रसईपुरवा। यहां रात लगभग एक बजे जोरदार धमाके से इलाका दहल गया। यह धमाका 48 वर्षीय जिबरील पुत्र शफीउल्लाह के घर हुआ था। भारी संख्या में इलाके के लोग रसईपुरवा गांव पहुंच गए। विस्फोट इतना तेज था कि आस-पास के घर दहल गए। लगभग दर्जनभर घरों की दीवारों में दरार आ गई है। जिबरील के नाम आतिशबाजी बेचने का लाइसेंस है। बताया जाता है कि वह गणेश पूजा के लिए आतिशबाजी का सामान बना रहा था।

आतिशबाजी का सामान बेचने के लिए आवादी से दो किलोमीटर दूरी होनी चाहिए। लेकिन जिबरील गांव में ही गोला बारूद रखे था। बुधवार सुबह प्रभारी निरीक्षक अजय पाण्डेय व फोरेंसिक टीम जांच के लिए गांव में गई।

# पटाखा कारोबारी के मकान में विस्फोट

## गिरी दीवार व छत में पड़ी दरार, घर के कमरे में ही अवैध तरीके से रखे थे पटाखे



ललिया थाना क्षेत्र के रामनगर रसईपुरवा में विस्फोट से टूटी दीवार • जागरण



ललिया थाना क्षेत्र के रामनगर रसईपुरवा में विस्फोट होने के बाद पूछ ताछ करते उपजिलाधिकारी राजेंद्र बहादुर • जागरण

**संवादसूत्र, ललिया (बलरामपुर)** : ग्राम रामनगर रसईपुरवा गांव निवासी जिब्रील के घर में मंगलवार रात पटाखे में विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि व्यवसायी के घर की दीवार गिर गई तथा छत में दरार आ गई। धमाके की आवाज आसपास के गांव में भी लोगों ने सुनी। हालांकि, हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं, जिब्रील के स्वजन बैट्री दगने की बात कह रहे है, लेकिन पुलिस ने पटाखे में विस्फोट होने की पुष्टि की है। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से पटाखे के अवशेष समेत अन्य साक्ष्य एकत्र किए हैं।

जिब्रील के पास शिवपुरा बाजार में पटाखा बिक्री करने का लाइसेंस है। उसका लाइसेंस मार्च 2024 तक वैध है। वह पटाखे की दुकान शिवपुरा बाजार में चलाता है। गांव में मकान से 200 मीटर दूर खेत में पटाखे रखने का गोदाम लाइसेंस में दर्शाया गया है, लेकिन वह उसे अपने आवास में ही स्टोर करता था। जिब्रील एक साथ अधिकतम 12 किलोग्राम पटाखे रख सकता है।

घटना के समय कमरे में कितने किलोग्राम पटाखे रखे थे इसकी जांच पुलिस कर रही है। जिब्रील की पत्नी सैफून ने बताया कि रात में सभी लोग छत पर लेटे थे। गर्मी अधिक होने पर छोटा बेटा अहमद हुसैन कमरे में चला गया और बैट्री में पंखा लगाकर लेट गया। इसी बीच धमाका हो गया। सभी लोग नीचे आए तो देखा की बैट्री दगी है। सभी लोग सुरक्षित हैं। धमाके की सूचना पर उप जिलाधिकारी सदर राजेंद्र बहादुर व प्रभारी निरीक्षक ललिया अजय पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और जायजा लिया।

पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने बताया कि जिब्रील लाइसेंसी पटाखा व्यवसायी है। घर के कमरे में पटाखे रखे होने के कारण धमाका हुआ है। मौके से पटाखे मिले हैं। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



तुलसीपुर के शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • सौ. मंदिर

# शक्तिपीठ देवीपाटन पहुंचे सीएम, आज करेंगे देवी मां की आराधना

**जनप्रतिनिधियों से जानी विकास की गति, जिले में ही राजकीय विश्वविद्यालय के निर्माण का दिया आश्वासन**

**जासं, बलरामपुर** : शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैंसर सैटेलाइट सेंटर एवं बलरामपुर हवाई अड्डा का संचालन शीघ्र शुरू कराने की बात जनप्रतिनिधियों से कही है। साथ ही राजकीय विश्वविद्यालय का निर्माण जिले में ही कराने का आश्वासन भी दिया है।

सीएम के आगमन को लेकर देवीपाटन मंदिर को जाने वाले मार्ग व मंदिर परिसर की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। बुधवार शाम पांच बजे तुलसीपुर के बनकटवा गांव स्थित हेलीपैड पर मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर उतरा। हेलीपैड पर मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री का काफिला सीधे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचा। मंदिर के महंत मिथलेशनाथ योगी ने सीएम का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, श्रावस्ती के जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, बलरामपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू एवं भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह से जिले के विकास कार्यों एवं प्रमुख परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की। सदर विधायक ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री ने बलरामपुर हवाई अड्डा एवं कैंसर सैटेलाइट सेंटर का संचालन जल्द शुरू कराने की बात कही है। हम लोगों की मांग पर जिले में ही राजकीय विश्वविद्यालय का निर्माण भी शीघ्र कराने का आश्वासन दिया है।

**आज भंडारे में शामिल होंगे मुख्यमंत्री** : शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ गुरुवार की सुबह मां पटेश्वरी की पूजा-अर्चना करेंगे। गोशाला में गायों को चारा खिलाने के बाद शक्तिपीठ में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में मंदिर पर आयोजित भंडारे में भी भाग लेंगे।

# सेटेलाइट सेंटर व श्रावस्ती एयरपोर्ट का संचालन जल्द

संवाद न्यूज एजेंसी

## जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीएम ने दिया आश्वासन, बलरामपुर में ही बनेगा विश्वविद्यालय

बलरामपुर। जिले के दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर व श्रावस्ती एयरपोर्ट का संचालन शीघ्र शुरू कराने की बात कही है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की मांग पर जिले में ही राजकीय विश्वविद्यालय के निर्माण का आश्वासन भी दिया। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में बुधवार की शाम मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।



बलरामपुर में मुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई। संवाद

तुलसीपुर के भवनियापुर गांव स्थित हेलीपैड पर शाम करीब पांच बजे मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर उतरा। वहां पर मौजूद अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। वहां से मुख्यमंत्री का काफिला सीधे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचा। मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर के सभागार में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री ने सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, श्रावस्ती के जिला पंचायत अध्यक्ष व पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, बलरामपुर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह से जिले के विकास कार्यों और प्रमुख परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की।

सदर विधायक ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री ने श्रावस्ती एयरपोर्ट व केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर का संचालन जल्द शुरू कराने की बात कही है। हम लोगों की मांग पर जिले में ही राजकीय विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य भी शीघ्र शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

## आज भंडारे में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**शक्तिपीठ** देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि रात्रि विश्राम के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ बृहस्पतिवार की सुबह मां पाटेश्वरी की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद गोशाला में गायों को चारा खिलाने के बाद शक्तिपीठ में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वह रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में मंदिर पर आयोजित होने वाले भंडारे में भी शामिल होंगे।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023

हिन्दुस्तान

# ट्रामा सेंटर व जिला अस्पताल को लेकर सपाइयों का प्रदर्शन



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते सपाई।

**बहराइच, संवाददाता।** सपा सरकार में बने ट्रांमा सेंटर के संचालन व जिला अस्पताल के निर्माण कराने सहित 10 मांगों को लेकर बुधवार सपाई सड़क पर उतर आए। हाथों में तख्तियां लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए सैकड़ों सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कूच कर आए। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सौंपा।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष राम हर्ष यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ता एकत्रित हुए। हाथों तख्तियां लेकर सपाई सड़क पर नारेबाजी करते हुए निकले। कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज से संबद्ध कर दिया गया है। जिला अस्पताल निर्माण का लेकर पांच सालों से जमीन ढूंढ़ी जा रही है। इससे जिले के गरीब लोगों को इलाज के लिए भटक पड़ रहा है। कहा कि सत्तासीन पार्टी के लोग भी जनता से जुड़ी समस्याओं को लेकर उदासीन हैं। कोषाध्यक्ष अब्दुल मन्नान ने कहा कि सपा सरकार में बना ट्रामा सेंटर के संचालन के लिए अभी तक स्टॉफ की भी तैनाती नहीं हो पाई है। कहा कि छुट्टा मवेशियों से निजात, बाढ़ में बहे गढ़ी घाट पुल का निर्माण कराने, पयागपुर में राजकीय विद्यालय का निर्माण, सभी ब्लॉकों में पालिटेक्निक निर्माण करवाने के लिए प्रदर्शन किया।

हिन्दुस्तान

जेल अधिकारी बंदी महिलाओं को रक्षासूत्र व उपहार में भेंट करेंगे साड़ियां, जेल में आने वाली बहन-भाई की होगी आत्मीय मुलाकात

# सलाखों के बीच बंधेगी भाई-बहन के स्नेह की डोर

**रक्षाबंधन**

**58** महिलाएं जेल में निरुद्ध

बहराइच, संवाददाता। जेल की सलाखों में भी भाई-बहन के अटूट प्रेम की परंपरा का पर्व रक्षाबंधन गुरुवार को जीवंत होगा। सलाखों में निरुद्ध भाई व बहन न केवल एक दूसरे से मिल सकेंगे बल्कि भाइयों की कलाई स्नेह की डोर से सजाएंगी। प्रगाढ़ रिश्ते के निर्वहन के सारथी जेल अधिकारी बनेंगे, जो बंदी महिलाओं को रक्षासूत्र उपलब्ध कराएंगे तो उपहार के रूप में उन्हें साड़ियां भेंट करेंगे, ताकि मुश्किलों में भी परंपरा कायम रह सके।

जिले भर में रक्षाबंधन पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। भाई अपने भाइयों की कलाई सजाने के लिए उनके घर पहुंच रही हैं, तो बाहर रहने वाले भाई भी परंपरा का निर्वहन करने के लिए घर पहुंच रहे हैं। बाजारों में मिठाइयों से लेकर राखी दुकानों पर तरह-तरह की राखियों को खरीदने के लिए महिलाएं जुटी हुई हैं। इन सबसे अलग जेल की सलाखों में निरुद्ध महिलाओं को भी रक्षासूत्र उपलब्ध कराने की तैयारी में जेल महकमा लगा हुआ है। जेलर आनंद कुमार शुक्ला बताते हैं कि 58 महिलाएं निरुद्ध हैं।

मुलाकात करने आने वाले महिला व पुरुषों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। सुबह नौ बजे से ही मुलाकात का सिलसिला शुरू किया जाएगा, जो अंतिम मुलाकाती तक जारी रहेगा। एक भी मुलाकाती निराश होकर जेल से वापस नहीं लौटेगा। जेल मानकों के मुताबिक हर बहन अपने भाई को रक्षासूत्र बांध सकेगी। जेल में निरुद्ध बंदी महिलाओं को राखियां उपलब्ध कराई जाएंगी। उपहार स्वरूप सभी महिला बंदियों को साड़ी भी भेंट की जाएगी।

डिप्टी जेलर देवकांत वर्मा ने बताया कि अटूट रिश्ते के निर्वहन में किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होगी। जेल प्रशासन पूरी तरह चौकस है।

## समय से पहले व देर तक होगी मुलाकात

जेल में मुलाकात का सिलसिला 10 बजे से शुरू होता है, लेकिन रक्षाबंधन को लेकर नौ बजे से ही मुलाकात का दौर शुरू कराया जाएगा। जेल के अंदर भाई व बहनों के बैठने के लिए प्रबंध किए गए हैं। दूर-दराज से जेल में निरुद्ध बंदियों को रक्षासूत्र बांधने आने वाली महिलाओं के जलपान के भी प्रबंध किए गए हैं। जेलर ने बताया कि बाहर जिला अपराध समिति की ओर से व्यवस्था की गई है।

"जेल में निरुद्ध महिला बंदियों को राखियां उपलब्ध कराई जाएंगी। बंदियों से मिलने आने वाले परिजनों को मुलाकात कराई जाएगी। भाई व बहन की आत्मीय मुलाकात होगी।

**राजेश यादव,** जेल अधीक्षक, जिला कारागार, बहराइच

# सीओ पद की प्रोन्नति पर लगाया स्टार

**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने प्रतिसार निरीक्षक की सीओ पद पर प्रोन्नति होने पर उन्हें बैच व स्टार लगाकर सम्मानित किया गया है। प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन सुरेश पाल को क्षेत्राधिकारी पद पर प्रोन्नति के अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे क्षेत्राधिकारी पद के स्टार व बैच लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

# लाभार्थियों से सीएम ने किया वर्चुअली संवाद

**बहराइच।** बेटियां हैं घर की शान उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर पूरा ध्यान। थीम पर लोक भवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण किया गया। सीएम ने कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों से वर्चुअली संवाद भी किया। सीएम ने कहा कि 2024-25 में कन्या सुमंगला योजना के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली धनराशि 15 हजार रुपये की धनराशि बढ़ाकर 25 हजार करने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर कलेक्ट्रेट में बैठे लाभार्थियों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

# कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**बहराइच।** आबकारी आयुक्त के आदेश पर अभियान चल रहा है। डीएम मोनिका रानी व एसपी प्रशांत वर्मा के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को दिन भर अभियान चला। जिसमें 185 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। एक व्यक्ति कच्ची शराब बनाते पकड़ा गया। मौके पर लगभग 600 किग्रा लहन बरामद हुई जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

हिन्दुस्तान

# कार सवार प्रधानपति पर घात लगा जानलेवा हमला

## विवाद

जरवलरोड, संवाददाता। रंजिश को लेकर मंगलवार रात में घूरनपुर रोड पर घात लगाकर हमलावरों ने कार सवार प्रधान संघ उपाध्यक्ष पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, और हमलावर फरार हो गए।

घायल को आनन फानन में मुस्तफाबाद सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज का जांच शुरू कर दी है। जरवलरोड के रिठौढ़ा निवासी सोनू चौधरी पुत्र कमलेश कुमार की पत्नी मौजूदा प्रधान है। जबकि स्वयं जरवल प्रधान संघ के उपाध्यक्ष हैं। वह मंगलवार रात करीब आठ बजे जरूरी काम से अपनी कार से घूरनपुर जा रहे थे। जरवलरोड बस स्टॉप तिराहा से घुरनपुर रोड रोड स्थित एलआरपीएस इंटर कॉलेज के निकट एक शराब की दुकान के पास पहले से घात लगाए चार हमलावरों ने सोनू चौधरी पर कार रुकवाकर दरवाजा खोलकर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर फरार हो गए। घायल प्रधान प्रतिनिधि को मुस्तफाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# छापे में 185 लीटर मिलावटी शराब बरामद

**जासं, बहराइच** : मिलावटी शराब बनाने वालों पर शिकंजा कसने के लिए आबकारी विभाग की टीम में अभियान चलाया। छापेमारी में भारी मात्रा में मिलावटी शराब बरामद की गई। शराब बनाने के लिए जमीन में छिपाकर रखी गई छह क्विंटल लहन को टीम ने नष्ट कराया। मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। सात मुकदमे दर्ज किए गए।



पुलिस अभिरक्षा में बरामद शराब संग पकड़ा गया आरोपित ● जागरण

**06** क्विंटल लहन को नष्ट कराया गया

**01** अभियुक्त मिलावटी शराब बनाते गिरफ्तार

**07** मुकदमे शराब अधिनियम का दर्ज

● त्योहार के मद्देनजर शराब बनाने वालों पर आबकारी विभाग की कार्रवाई

जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि अवैध शराब कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर गठित टीम में आबकारी निरीक्षक आदित्य कुमार, विवेक सिंह चौहान, विमल मोहन वर्मा, राकेश कुमार यादव, डा. समता सरोज व विपिन कुमार शामिल रहे।

टीम ने कोतवाली मुर्तिहा, रुपईडीहा, बौंडी, जरवलरोड, पयागपुर व रिसिया के ग्राम हरखापुर, त्रिमुहानी, लोनियनपुरवा, पत्थरघाट, कठौतिया, महराजसिंह नगर में छापेमारी की। इस दौरान 185 लीटर मिलावटी शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत सात मुकदमे दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि अगर जिले में कही भी मिलावटी शराब का कारोबार हो रहा है तो तत्काल इसकी सूचना विभागीय निरीक्षक या उन्हें दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।

# चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार, चाकू बरामद

**संसू, जरवलरोड (बहराइच)** : प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर भवानीपुरवा बाग में घेराबंदी की गई। इस दौरान चोरी की योजना बनाते हुए मुमताज उर्फ आमिर निवासी गनेशपुर थाना रामनगर जिला बाराबंकी व रफीउद्दीन निवासी कटरा उत्तरी जरवल कस्बा को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके पास से टार्च, पेंचकश व दो चाकू बरामद किया गया। मुकदमा दर्ज कर दोनों को न्यायालय भेज दिया गया। टीम में उपनिरीक्षक श्रवण कुमार, आदित्य कुमार, आरक्षी ज्वाला पांडेय, अवधेश वर्मा, अवधेश यादव व सारांश यादव शामिल रहे।

# वीजा बनवाने के नाम पर 2.40 लाख की ठगी

**जासं, बहराइच :** विदेश भेजने के नाम पर कैसरगंज निवासी दो युवकों ने 2.40 लाख रुपये की ठगी की। रुपये मांगने पर सभी ने पाकिस्तान में बनी पिस्टल की फोटो भेज कर पीड़ित को जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रुपईडीहा इलाके के भगवानपुर करिंगा ग्राम पंचायत के फिरोजपुर गांव निवासी गोबरे, राजू और मुबारक बेरोजगार हैं। कैसरगंज कोतवाली के पहाड़पुरवा गांव निवासी समीर और सफरुद्दीन कुवैत में नौकरी करते हैं।

पीड़ितों ने विदेश में नौकरी पाने के लिए समीर और सफरुद्दीन से संपर्क किया। दोनों ने यूके में वीजा बनवाने के नाम पर पीड़ितों से 2.40 लाख रुपये की मांग की। सभी ने दोनों के खाते और मोबाइल पर रुपये भेज दिए, लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी वीजा नहीं बनवाया गया।

इस पर पीड़ितों ने रुपये वापस करने की मांग की। इस पर आरोपितों ने पाकिस्तान में बने पिस्टल की फोटो भेजकर जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी व जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि उप निरीक्षक कृष्ण कुमार सिंह मामले की जांच कर रहे हैं।

## प्रतिसार निरीक्षक बने क्षेत्राधिकारी



**बहराइच।** रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात प्रतिसार निरीक्षक सुरेश पाल की प्रोन्नति क्षेत्राधिकारी के पद पर हुई है। बुधवार को एसपी प्रशांत वर्मा व एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने उन्हें स्टार व बैच लगाकर शुभकामनाएं दीं। एसपी प्रशांत वर्मा ने बताया कि प्रतिसार निरीक्षक सुरेश पाल को क्षेत्राधिकारी का बैच व स्टार लगाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह, क्षेत्राधिकारी पयागपुर आनंद कुमार राय आदि मौजूद रहे। -संवाद

## 185 लीटर शराब बरामद

**मिहींपुरवा।** अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाया गया। इसमें मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम हरखापुर, लोनियनपुरवा ,कठौतिया, महराजसिंह नगर में छापा मारकर 185 लीटर अवैध शराब बरामद कर सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया। 600 किलो लहन नष्ट करवाई। -संवाद

## बस व टेंपो की टक्कर में छह पर मुकदमा

**फखरपुर।** थाना क्षेत्र में लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग मदन कोठी के पास सोमवार की शाम रोडवेज बस व टेंपो की टक्कर हो गई थी। टक्कर के बाद टेंपो चालक श्याम सुंदर पाठक समेत चार लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद टेंपो चालक श्याम सुंदर के जानने वालों ने गजाधरपुर चौराहे पर बस में तोड़फोड़ की थी। मामले में बस परिचालक अभिषेक की तहरीर पर पुलिस ने पांच अज्ञात व टेंपो चालक श्याम सुंदर की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। -संवाद

## महिला शिक्षक से अभद्रता का आरोप

**महसी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर क्षेत्रीय लेखपाल पर शिक्षिका के साथ अभद्रता का आरोप लगाया है। प्राथमिक विद्यालय कबड़ियनपुरवा के प्रभारी प्रधान शिक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय लेखपाल रुद्रदेव यादव ने प्रेरणा एप पर अनुश्रवण के दौरान महिला शिक्षामित्र से अभद्रता की। लेखपाल रुद्रदेव यादव ने बताया कि आरोप गलत है। एसडीएम के आदेशा पर विद्यालय गया था। शिक्षामित्र रिंकी वर्मा से प्रेरणा एप में भरने की जानकारी मांगी तो उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया। -संवाद

## विद्यालय से माल उड़ाया

**नवाबगंज।** ग्राम पंचायत बसंतपुर कालिका के मजरा बीजे गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार रात चोरों ने माल पार कर दिया। विद्यालय का ताला तोड़कर चोर रसोई में रखा अनाज, पानी का पंप समेत लगभग 10 हजार से अधिक का सामान उठा ले गए। प्रधानाध्यापिका सालिहा बेगम ने बताया कि अब तक चोर विद्यालय में पांच बार चोरी कर चुके हैं। थाना प्रभारी मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि छानबीन की जा रही है। -संवाद

## फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बहराइच।** मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम मटेरा कला निवासी सत्रोहन (32) मंगलवार शाम गुस्सा होकर घर से चला गया था। जिसके बाद से परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। कुछ देर बाद उसका शव जोलाहनपुरवा गांव में नहर किनारे लगे पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को भी दी। थाना प्रभारी परमानंद तिवारी ने बताया कि जांच की गई है। युवक मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है। -संवाद

## दो शातिरों को दबोचा

**जरवलरोड।** जरवलरोड पुलिस को मंगलवार की रात सूचना मिली कि भवानीपुरवा बाग में दो संदिग्ध बैठ कर चर्चा कर रहे हैं। थाना प्रभारी दद्दन सिंह ने बताया कि सूचना पर तत्काल उपनिरीक्षक श्रवण कुमार, उपनिरीक्षक आदित्य कुमार, आरक्षी ज्वाला पांडेय की टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस को देख कर दोनो भागने लगे, जिन्हें दौड़ा कर पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। चोरों की पहचान बाराबंकी जिले के रामनगर थाना क्षेत्र के गनेशपुर निवासी मुमताज उर्फ आमीर व जरवल कस्बा के रफीऊद्दीन के रूप में हुई है। दोनो पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। -संवाद

# व्यापारी को दुकान में घुसकर पीटा, नौ पर मुकदमा

**विशेश्वरगंज (बहराइच)।** थाना क्षेत्र निवासी एक व्यापारी को मंगलवार शाम कुछ लोगों ने पीट दिया। लाठी डंडों से लैस लोगों ने पिता को बचाने दौड़े बेटे को भी नहीं बक्शा। उसे भी जमकर पीटा। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के श्रीनगर तिराहे पर दुकान संचालन करने वाले अशोक कुमार तिवारी का आरोप है कि मंगलवार को वह दुकान पर बैठे थे। ग्राम पंचायत मरोटिया के मजरा पूरेशिवाय निवासी उदय प्रताप गिरी, बाजे, शुभम, शिवम गोस्वामी, कृष्ण कुमार गिरी, सचिन, अमित कुमार, राजगिरी व शनी उनकी दुकान पर पहुंचे। सभी ने पहले गाली-गलौज की, जब उन्होंने इसका विरोध किया तो सभी पीटना शुरू कर दिया। अशोक ने आरोप लगाया कि लाठी, डंडे, लोहे के राड, चाकू आदि से हमला किया गया। उन्हें बचाने जब बेटा दौड़ा तो उसे भी पीटा गया। जाते समय सभी ने लाइसेंसी रिवाल्वर दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी अनुज त्रिपाठी ने बताया कि नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। -संवाद

# पहले ठगा, अब पाकिस्तानी पिस्टल दिखाकर डरा रहे

संवाद न्यूज एजेंसी

## वीजा के नाम पर हड़प लिए ढाई लाख रुपये, एसपी के हस्तक्षेप से रुपईडीहा थाने में दर्ज हुआ केस

बहराइच। रुपईडीहा थाना क्षेत्र निवासी युवकों को विदेश भेजने के नाम पर कैसरगंज के दो युवकों ने उससे करीब ढाई लाख रुपए हड़प लिए। जब उसने पैसा वापस मांगा तो उसे पाकिस्तान मेड पिस्टल की फोटो भेज कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित का आरोप है, कि जब कैसरगंज थाने में तहरीर दी तो मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। एसपी के संज्ञान लेने पर रुपईडीहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। वहीं पाकिस्तानी मेड पिस्टल की फोटो देखने के बाद विभाग में हड़कंप मचा है।



रुपईडीहा में युवक को धमकाने के लिए भेजी गई पाकिस्तानी मेड पिस्टल की फोटो। सौ. परिजन

रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर करिंगा के मजरा फिरोजपुर निवासी गोबरे, राजू, अकबाल व मुबारक ने आरोप लगाते हुए बताया कि हम सभी गरीब तबके के लोग हैं। कैसरगंज कोतवाली के पहाड़पुरवा निवासी समीर व सफरुद्दीन कुवैत में नौकरी करते हैं। दोनों ने हम लोगों को भी विदेश में अच्छी नौकरी दिलवाने का झांसा दिया। यूके का वीजा बनवाने के नाम पर करीब ढाई लाख रुपए ले लिए। उसके बाद वीजा नहीं बनवाया। चार माह बीत जाने पर जब दोनों से जब पैसों के लिए दबाव बनाया गया तो जान से मारने की धमकी मिली। यही नहीं दोनों पाकिस्तान में बने पिस्तौल की फोटो भेज कर मारने की बात कह रहे हैं। एसपी प्रशांत वर्मा के निर्देश पर रुपईडीहा थाने पर समीर व सफरुद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो गया है। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-31-08-2023

# एसपी ने की अपराध समीक्षा

श्रावस्ती। एसपी सुश्री प्राची सिंह ने बुधवार को थाना मल्हीपुर, थाना हरदत्त नगर गिरंट, थाना सोनवा की अपराध समीक्षा की। मल्हीपुर की 50 विवेचनाएं लम्बित पाई गई तथा 09 विवेचक मौजूद मिले। वहीं थाना सोनवा की 31 विवेचनाए लंबित पाई गई व 07 विवेचक मौजूद मिले जबकि थाना हरदत्त नगर गिरंट की 27 विवेचनाएं लम्बित पाई गई तथा 04 विवेचक मौजूद मिले। एसपी ने लंबित विवेचनाओं को एक सप्ताह में निस्तारित करने का निर्देश दिया है।

# दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न में 10 वर्ष की सश्रम सजा

श्रावस्ती। आपरेशन कनविक्शन के तहत एक आरोपी को अदालत ने10 वर्ष की सजा व 20 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। अभियुक्त रमेश सिंह पुत्र सूबेदार सिंह निवासी भयपुरवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को अदालत ने दोषी मानते हुए10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त रमेश सिंह पर एक महिला ने दुष्कर्म व दलित उत्पीड़न का मामला 21 मई 2011 को इकौना थाने में दर्ज कराया था।

# सीमावर्ती गांव में जुटाई गई जरूरी सूचना

श्रावस्ती। मंगलवार को एसपी प्राची सिंह के निर्देशन में एएचटीयू उपनिरीक्षक पंकज कुमार, आरक्षी देवेन्द्र कुमार मौर्य, महिला आरक्षी सीमा देवी ने सिरसिया इलाके के सीमावर्ती गांव में पहुंच कर सर्वे किया। इस दौरान पुलिस ने गांव का भ्रमण कर धार्मिक स्थलों को जायजा लिया। साथ ही ड्रोन कैमरे से गांव का चित्र लिया गया। इसके अलावा ग्राम प्रधान, चौकीदार तथा गांव के सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ सार्वजनिक बैठक कर गांव की मूलभूत सूचनाओं को प्राप्त कर संकलित किया गया।

# खोया पर्स बरामद कर महिला को सौंपा

कटरा। मंगलवार को अरुणिमा सिंह पत्नी अंकित सिंह निवासी प्रधान डाक घर गायत्रीपुरम थाना कोतवाली नगर गोण्डा जनपद गोण्डा की ओर से श्रावस्ती में पर्स खो जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने भगवान संभव नाथ जैन मंदिर के पास पर्स को बरामद कर लिया। जिसमें महिला का मोबाइल रखा हुआ था। पुलिस ने पर्स महिला को सुपुर्द कर दिया। जिसे पाकर महिला ने पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सड़क के गड्ढे में पलटा ई-रिक्शा, 4 घायल

**हादसा**

**लक्ष्मनपुर, संवाददाता ।** कोतवाली भिनगा क्षेत्र के लक्ष्मनपुर से मथुरा को जाने वाले मार्ग पर पड़री गांव के पास सड़क पर भरे पानी के गड्ढे में ई-रिक्शा पलट गया। जिससे चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने सभी को निजी क्लीनिक पर पहुंचाया जहां पर सभी का इलाज शुरू हुआ।



घायल महिला को इलाज के लिए ले जाते पुलिसकर्मी।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा पड़री गांव में सड़क जर्जर होने के साथ खतरनाक हो गई है। जिसके कारण इस रास्ते से आने-जाने वाले वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार दोपहर में एक ई-रिक्शा चालक मथुरा बाजार से लक्ष्मनपुर बाजार सवारियां लेकर आ रहा था। ई-रिक्शा में नौ लोग सवार थे। जैसे ही रिक्शा पड़री गांव के पास पहुंचा था तो सड़क पर भरे पानी के अंदर गड्ढा दिखाई नहीं दिया और गड्ढे में गिर जाने के कारण ई-रिक्शा पलट गया। जिससे रिक्शे में सवार बलरामपुर जिले के मशवरा गांव निवासी मालती देवी पत्नी राम देव, घनघटा निवासी रेशमा, अकलीमून, परमीना गम्भीर रूप से घायल हो गई। बाकी लोगों को हल्की फुल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने सभी को पानी से बाहर निकाला और इसकी सूचना पुलिस को दी। डायल 112 पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को लक्ष्मनपुर बाजार के निजी क्लीनिक पर पहुंचाया और इलाज कराया।

## 22 लीटर शराब बरामद

श्रावस्ती : भिनगा क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह व जमुन्हा क्षेत्र के आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने टीम के साथ सिरसिया क्षेत्र के रामपुर, पसियनपुरवा, बदरपुर गांव में दबिश दी। बदरपुर से तस्करी कर लाई गई 22 लीटर शराब बरामद की।(वि.)

## बैंकों की जांची सुरक्षा

श्रावस्ती : पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर बुधवार को पुलिस टीम ने सभी थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर बैंकों के सुरक्षा की जांच की। सीसी कैमरा, सायरन व संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों को देखा। ग्राहकों को साइबर अपराध के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया।(वि.)

# संयुक्त टीम ने किया गांव का भ्रमण

श्रावस्ती : पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सिरसिया के रानीपुर भेला गांव में पहुंचकर ग्राम प्रधान, चौकीदार व ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। गांव की मूलभूत सूचनाओं को संकलित किया। ग्राम प्रधान व चौकीदार के साथ गांव के धार्मिक स्थलों का भौतिक सत्यापन किया। (वि.)

# 108 लंबित विवेचना देख भड़कीं एसपी, जताई नाराजगी

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** निर्देश के बाद भी लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में जिम्मेदार उदासीनता बरत रहे हैं। इसका खुलासा बुधवार को एसपी प्राची सिंह की जमुनहा सर्किल क्षेत्र के मल्हीपुर, हरदत्त नगर गिरंट व सोनवा थाने की समीक्षा में हुआ। तीनों थानों में 108 विवेचना लंबित मिलने पर एसपी ने सख्त नाराजगी जताते हुए इन्हें सात दिन में निपटाने की मोहलत देते हुए कार्रवाई के लिए चेताया है।

समीक्षा के दौरान मल्हीपुर थाने में नौ विवेचकों की 50 विवेचना, सोनवा थाने में सात विवेचकों की 31 विवेचना व हरदत्त नगर गिरंट में चार विवेचकों की 27 विवेचना निस्तारण को लंबित मिली। इस पर नाराजगी जताते हुए एसपी ने कहा कि निर्देश के बाद भी विवेचनाओं के निस्तारण में उदासीनता बरतने वालों को चिह्नित कर कार्रवाई के घेरे में लाया जाएगा।

सभी विवेचक साक्ष्य संकलन कर सात दिनों में इनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराएं। एसपी ने आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायती के निस्तारण में भी तेजी लाने का निर्देश दिया।

# छेड़छाड़ का आरोपी दो साल बाद दोषमुक्त

श्रावस्ती। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी से दो वर्ष पूर्व हुई छेड़छाड़ व अभद्रता के एक मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषमुक्त करार दिया है। अपर जिला जज व स्पेशल जज पाक्सो सुदामा प्रसाद ने प्रस्तुत साक्ष्य व गवाह के आधार पर आरोपी ऐठू को संदेह का लाभ दे दोषमुक्त माना।

अभियोजन पक्ष के अनुसार भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम केवलपुर के मजरा बरथनवा निवासी ऐंठू के खिलाफ एक गांव निवासी किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने बताया कि नौ अगस्त 2021 की रात करीब आठ बजे उसकी नाबालिग भांजी दुकान से रास्ते में ऐंठू ने दुष्कर्म की नियत से पकड़ कर छेड़छाड़ की। संवाद

# 12 साल बाद दुराचारी को दस साल की सजा

श्रावस्ती। अनुसूचित जाति की महिला से 12 साल पूर्व हुए दुष्कर्म के मामले में एडीजे उमेश कुमार की कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाते हुए आरोपी रमेश को दोषी करार दिया। कोर्ट ने उसे 10 साल की कैद के साथ 20 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न चुकाने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। हालांकि कोर्ट ने दोषी को एससी-एसटी एक्ट के मामले में दोष मुक्त कर दिया। संवाद